जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 13 अप्रैल, 2025 | वर्ष 16 | अंक 342 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



'मुझे कोई समस्या नहीं'
पेज: 10

# मुर्शिदाबाद हिंसा में तीन लोगों की मौत

## 110 गिरफ्तार, हाईकोर्ट ने दिए केन्द्रीय बल की तैनाती के निर्देश



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा की आग कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ जारी प्रदर्शन से कथित रूप से जुड़ी हिंसक झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिंसा प्रभावित शमसेरगंज क्षेत्र में जाफराबाद स्थित एक घर में पिता और पुत्र के शव बरामद किए गए। इनके शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। उन्होंने बताया कि दोनों अपने घर के अंदर अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े मिले और उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जिले के शमशेरगंज में एक घर से पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश बरामद हुई है। उनके शरीर पर अनेक जगहों पर जख्म के निशान हैं। वहीं, सूती में यह किशोर की गोली लगने से मौत हो गई है।

### अब तक 110 लोगों की गिरफ्तारी

मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। हिंसा की घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं तथा अनेक लोग जख्मी हुए हैं।

### सीएम ममता बोलीं बंगाल में नहीं लागू किया जाएगा वक्फ कानून

मुर्शिदाबाद समेत राज्य के अन्य हिस्सों में फैली हिंसा के बीच सीएम ममता बनर्जी ने लोगों से शांति स्थापित करने की अपील की है। सीएम ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम वक्फ कानून के पक्ष में नहीं है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा फिर दंगा किस बात का। सीएम ममता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत रहें, संयमित रहें। धर्म के नाम पर कोई भी गलत हरकत न करें। हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति करने के लिए दंगे न भड़काएं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



### कोर्ट आंख मूंद कर नहीं बैठ सकता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती के निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केन्द्रीय बल की तैनाती की मांग को लेकर शनिवार को ही हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायाधीश सौमेन सेन व न्यायाधीश राजा बसु चौधरी की विशेष खंडपीठ में अधिकारी की याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकता। मुर्शिदाबाद में शांति लौटाना व सभी की रक्षा करना कोर्ट का मुख्य उद्देश्य है। हिंसा के लिए दोषी लोगों को तत्काल चिह्नित करना होगा। इसके अलावा खंडपीठ ने कहा कि राज्य के अन्य हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की जरूरत होने पर सरकार इसकी मांग कर सकती है। सुनवाई के दौरान सुवेंदु के वकील ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हालात बेकाबू हैं।

# जलजीवन मिशन सहित 25 योजनाओं की सीएमओ करेगा मॉनिटरिंग

## हर महीने 7 तारीख तक भेजनी होगी प्रोग्रेस रिपोर्ट, फ्लैगशिप प्रोग्राम घोषित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में केन्द्र और राज्य की 25 योजनाओं के काम की अब हर महीने मुख्यमंत्री कार्यालय मॉनिटरिंग करेगा। राजस्थान सरकार ने केंद्र और राज्य की 25 योजनाओं को फ्लैगशिप प्रोग्राम घोषित किया है। फ्लैगशिप प्रोग्राम में शामिल हर योजना के काम पर सीएमओ लगातार निगरानी रखेगा। इसमें जल जीवन मिशन भी शामिल है। इन योजनाओं में हुए काम और खर्च को लेकर हर महीने की 7 तारीख तक सीएमओ को रिपोर्ट भेजनी होगी। आयोजना विभाग भी इन 25 योजनाओं की प्रोग्रेस रिपोर्ट की मॉनिटरिंग से लेकर कामकाज तक पर निगरानी रखेगा।

### काम की लचर गति पर वसुंधरा राजे ने जताई थी नाराजगी

*पिछले दिनों झालावाड़ जिले में जल जीवन मिशन के काम की लचर गति और पानी के संकट पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अफसरों पर नाराजगी जताते हुए गंभीर सवाल उठाए थे। वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद प्रदेश भर में जल जीवन मिशन के काम को लेकर फिर से बहस शुरू हो गई। अब सरकार ने जल जीवन मिशन की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए फ्लैगशिप प्रोग्राम में शामिल किया है।*

जिलों के प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव भी इन योजनाओं के कामकाज की लगातार मॉनिटरिंग करन के लिए बैठकें लेंगे।

### इन योजनाओं को किया फ्लैगशिप प्रोग्राम में शामिल

जल जीवन मिशन, नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी, खाद्य सुरक्षा योजना में नए परिवारों को जोड़ना। कुसुम योजना ए, बी और सी, बिजली में संशोधित वितरण क्षेत्र योजना आरडीडीएस,लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन,कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, अटल ज्ञान केंद्र, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,अटल प्रगति पथ,प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी,,प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना,पीएम विश्वकर्म योजना , मिशन हरियालो राजस्थान - एक पेड़ मां के नाम अभियान, जल जीवन मिशन,अमृत योजना,पंच गौरव योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना।

### हर सरकार के कार्यकाल में फ्लैगशिप प्रोग्राम में ली जाती हैं योजनाएं

हर सरकार के वक्त फ्लैगशिप प्रोग्राम के तहत योजनाओं का चयन होता है। योजनाओं को फ्लैगशिप में लेने का मतलब उन पर सरकार का खास फोकस करना होता है। हर सरकार अपनी प्राथमिकता के हिसाब से योजनाओं को शामिल करती रही है। फ्लैगशिप प्रोग्राम में शामिल योजनाओं की लगातार निगरानी होती है। हर महीने रिपोर्ट तैयार होने से कमी खामियों और काम की धीमी रफ्तार के बारे में सीएम स्तर पर पता लग जाता है, इस वजह से समय रहते सुधार की गुंजाइश रहती है।

# जयपुर में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश

## सीकर समेत 3 जिलों में तेज आंधी और बादल छाए, सिरोही में पेड़ गिरने से महिला की मौत



**जयपुर।** जयपुर में आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई, जबकि सीकर, जोधपुर और फलोदी में तेज आंधी के साथ बादल छाए हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ रहा। सबसे ज्यादा तापमान फलौदी में 40.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद बाड़मेर में 40.7, चित्तौड़गढ़ में 40.3, कोटा में 39.8, बीकानेर में 38.8 और जोधपुर में 38.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। अलवर-वनस्थली में 38.4, बारां में 38.3, गंगानगर में 38, अजमेर में 37.8 और उदयपुर में 37 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### अब बढेगा लू का कहर, 9 जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से अब लू का कहर बढ़ेगा। बीकानेर और जोधपुर संभाग में अगले दो-तीन दिन में पारा 46 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसे देखते हुए पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के 9 जिलों के लिए हीटवेव का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जैसलमेर-बाड़मेर में अगले 2-3 दिन में पारा 46 डिग्री तक पहुंच सकता है। जैसलमेर में तो हीटवेव का डबल अलर्ट जारी किया गया है। कल यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सिरोही में आंधी से एक की मौत

सिरोही-शिवगंज के छावनी क्षेत्र में शुक्रवार रात आई आंधी के दौरान नीम का पेड़ गिरने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वहीं, उदयपुर में अंधड़ के दौरान पेड़ गिरने से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की मूर्ति गिर गई।

### रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से हुई बारिश-आंधी के कारण रात के तापमान में गिरावट हुई। अलवर, टोंक, पिलानी, सीकर, उदयपुर, चूरू, गंगानगर, बारां, हनुमानगढ़, फतेहपुर, करौली और पाली में कल न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस हनुमानगढ़ में दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के मुताबिक रविवार से प्रदेश में गर्मी फिर से तेज होने लगेगी। अधिकांश शहरों में तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर 350 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार देर शाम चली धूलभरी आंधी की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स ऑपरेशन में देरी हुई। ये हालात शनिवार सुबह 7 बजे तक बने रहे। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, दोपहर तक 350 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं। इनके ऑपरेशन में औसत देरी 40 मिनट से ज्यादा थी। कई फ्लाइट्स के रूट भी बदले गए। फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित होने के चलते एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में यात्री जमा हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों को लंबा इंतजार और बार-बार चेकिंग जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक्स पोस्ट में कहा 'हमारी ऑन-ग्राउंड टीमें और सभी



हितधारक यात्रियों की किसी भी असुविधा को कम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।' दिल्ली एयरपोर्ट पर खबर लिखे जाने तक केवल तीन रनवे ही चालू थे, क्योंकि एक रनवे रखरखाव कार्यों के लिए बंद है। कल रात के मौसम की स्थिति के कारण कुछ उड़ानें अभी भी प्रभावित हैं।

श्री हनुमान जन्मोत्सव

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में किए दर्शन

## प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन के कल्याण की कामना की

***जागरूक टाइम्स संवाददाता***

***जयपुर।*** *मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गोविन्दपुरी, स्वेज फार्म स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने सिद्धेश्वर हनुमानजी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि एवं आमजन के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्री राधा-कृष्ण विग्रह के दर्शन भी किए। इस अवसर पर विधायक पुष्पेन्द्र सिंह, मंदिर महन्त अवधेशाचार्य जी महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।*





# तहव्वुर ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था।

इससे पहले एनआईए ने पूछताछ के पहले दिन (शुक्रवार को) 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। एनआईए की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है।

# लखनऊ में अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर बवाल

## भीड़ ने किया पथराव, पुलिस ने लाठीचार्ज कर दागे आंसू गैस के गोले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महिंगवा के खंतारी गांव में शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सरकारी जमीन पर रखने को लेकर विवाद हो गया। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष एकत्र होकर नारेबाजी करने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। इसके बाद बीकेटी, इटौंजा, महिंगवा, मड़ियांव थाने के साथ पीएसी और महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

ग्रामीणों के पथराव के बाद पुलिस लाठीचार्ज व आसूं गैस के गोले दागे हैं।



हालात को काबू में करने के लिए अन्य जोन पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। इस घटना में महिगवा थाने के दारोगा रामेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल जय प्रकाश, लाल मोहम्मद, बीकेटी थाने के दारोगा शेष मणि मिश्रा घायल हुए हैं। जबकि पथराव करने वालों में शामिल सावित्री, पूजा, कोमल, रूबी, मुन्नी होलिका भी चोटिल हुई हैं। उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब सतीश चंद्र त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे हैं। बिना प्रशासनिक अनुमति के ग्राम समाज की जमीन पर लगाई गई मूर्ति को हटाने पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को ग्रामीणों के भारी विरोध और हिंसा का सामना करना पड़ा। मामला उस समय बिगड़ गया जब प्रशासन की टीम मूर्ति हटाने पहुंची और ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस की तरफ से हवाई फायरिंग की भी सूचना मिली है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का एक्शन शुरू

## कब्जे में ली जाएगी 661 करोड़ की संपत्ति, नोटिस जारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं, जिन्हें उसने कांग्रेस नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ मनी लॉण्ड्रिंग मामले की जांच में कुर्क किया था। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल भवन में ये नोटिस चिपकाए हैं।

### पीएमएलए के तहत कार्रवाई

नोटिस में परिसर को खाली करने या मुंबई की संपत्ति के मामले में किराए को ईडी को हस्तांतरित करने की मांग की गई है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत की गई है। इसमें ईडी द्वारा कुर्क की गई और निर्णायक प्राधिकरण (पीएमएलए) द्वारा पुष्टि की गई संपत्तियों को कब्जे में लेने की प्रक्रिया के बारे में जिक्र है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था।

### राहुल और सोनिया के पास शेयर

मनी लॉण्ड्रिंग का यह मामला एजेएल और यंग इंडियन से जुड़ा हुआ है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एजेएल द्वारा किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के मेजॉरिटी शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। ईडी का कहना है कि यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपए के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपए के फर्जी अग्रिम किराए और 29 करोड़ रुपए के फर्जी विज्ञापनों के रूप में अपराध की आगे की आय अर्जित करने के लिए किया गया।

# भूकंप के झटकों से दहला पाकिस्तान

## रिएक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई तीव्रता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने अपने बयान में बताया है कि रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है। पंजाब और केपीके प्रांत के बड़े हिस्से में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए हैं। भूकंप का केंद्र राजधानी इस्लामाबाद के पास रावलपिंडी में था। भूकंप के तेज झटकों से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों के बाहर निकल आए। पाकिस्तान सरकार की ओर से भूकंप की वजह से जानमाल के किसी नुकसान की जानकारी अभी नहीं दी गई है। पाक वेबसाइट जियो टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार दोपहर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, रावलपिंडी, अटक, चकवाल और पंजाब के दूसरे शहरों में झटके में महसूस किए गए। पंजाब के अलावा खैबर पख्तूनख्वा में पेशावर, मर्दन, मोहमंद और शबकदर में भी भूकंप के झटके आए। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप दोपहर 12.31 बजे आया, जिसकी तीव्रता 5.5 और इसकी गहराई 12 किलोमीटर थी। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। रिएक्टर स्केल पर 5.8 की तीव्रता के भूकंप को मध्यम माना जाता है।

# अंबेडकर जयंती से कांग्रेस शुरू करेगी मिशन गुजरात अभियान

## राज्यभर में 'संविधान बचाओ यात्रा' निकालेगी कांग्रेस, 15 से राहुल गांधी का दौरा संभव

**नई दिल्ली।** हाल ही में अहमदाबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की विस्तारित मीटिंग और अधिवेशन में गुजरात को लेकर किए गए प्रस्ताव के मद्देनजर कांग्रेस अब गुजरात को लेकर बेहद सक्रिय नजर आ रही है। दो दिन के सत्र के फौरन बाद पार्टी ने वहां बाकायदा अपने अभियान की शुरुआत करने की योजना बनाई है।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आगामी 14 अप्रैल से अपने मिशन गुजरात की शुरुआत करने जा रही है। इसके तहत वह राज्यभर में 'संविधान बचाओ यात्रा' निकालेगी। वहीं तीसरे हफ्ते में राहुल गांधी एक बार फिर गुजरात का दौरा कर सकते हैं। चर्चा है कि वह आगामी 15 अप्रैल को गुजरात पहुंच सकते हैं। हालांकि अभी तारीख को लेकर फाइनल



फैसला नहीं हुआ है, लेकिन उनका गुजरात आना तय बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस दौरान वह कांग्रेस की महत्वाकांक्षी योजना जिलाध्यक्षों के सशक्तिकरण की शुरुआत कर सकते हैं। इस दौरान वह एक दिन के कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

पार्टी के एक अहम रणनीतिकार के मुताबिक, इन सबको लेकर गुजरात कांग्रेस में मंथन चल रहा है। उक्त रणनीतिकार का कहना था कि अभी तक हम सब एआईसीसी सत्र की व्यवस्थाओं में लगे हुए थे। उससे निपटकर अब हम अपनी आगामी योजना को अंतिम रूप देने में लगे हैं। अगले एक दिन में तमाम चीजें तय हो जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक, अंबेडकर जयंती के दिन इस यात्रा की प्रतीकात्मक शुरुआत हो जाएगी, उसके बाद यह लगातार चलेगी या कुछ दिनों बाद यह विधिवत चलेगी, इसपर मंथन हो रहा है। सोशल एक्टिविस्ट व दलित युवा नेता जिग्नेश मेवाणी इसका अहम चेहरा बन सकते हैं। मेवाणी सक्रिय तौर पर यात्रा का हिस्सा रहेंगे। पार्टी इसमें पूरी प्रदेश इकाई को लगाने की योजना बना रही है। यह यात्रा जिले जिले और ग्रामीण इलाके में जाएगी। वहां लोगों के बीच जाकर पार्टी बताएगी कि कैसे बीजेपी संविधान, संस्थाओं पर हमला कर रही है।

पार्टी इस कवायद के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। पार्टी इसमें दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों तक जाकर बताएगी कि कैसे बीजेपी सरकार में आपके अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर संगीतमय अखंड सुंदरकांड पाठ एवं गायत्री यज्ञ का आयोजन



## ज्ञान के साथ दिखा भक्ति का संगम, विद्यार्थियों ने सीखा जीवन का सही मार्ग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** सारांश कैरियर इंस्टिट्यूट में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक अत्यंत भावपूर्ण व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगीतमय अखंड सुंदरकांड पाठ और नवकुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। सभी शिक्षकों में विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां दी। संस्थान ने यह सिद्ध किया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश भी आवश्यक है। छात्रों व शिक्षकों ने भक्ति भाव से सुंदरकांड का पाठ किया और भजनों पर उत्साहपूर्वक झूमे, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अद्भुत आयोजन के लिए संस्थान के निदेशक गोपाल यादव व शंकर लाल डूडी की दूरदर्शिता व प्रयासों की सभी ने खुले दिल से सराहना की। उनकी यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अनुकरणीय कदम है, बल्कि यह साबित करती है कि सारांश कैरियर इंस्टिट्यूट शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी सशक्त केंद्र है। कार्यक्रम के दौरान निदेशक गोपाल यादव ने कहा कि 'सच्ची शिक्षा वही है जो विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दे। हमारा प्रयास है कि बच्चे न केवल पढ़ाई में श्रेष्ठ हों, बल्कि उनके भीतर आध्यात्मिक चेतना, नैतिकता और मानवता भी विकसित हो। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच आती है, जो उनके सम्पूर्ण विकास के लिए जरूरी है। इधर मैनेजमेंट हेड दिनेश गोरा ने इस मौके पर कहा कि आज के दौर में केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है। विद्यार्थियों को मजबूत चरित्र, आध्यात्मिक समझ और जीवन मूल्यों की भी ज़रूरत है। हमारा उद्देश्य है कि सारांश कैरियर इंस्टिट्यूट से न सिर्फ होनहार, बल्कि संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक निकलें। हम शिक्षा के साथ-साथ उन्हें जीवन जीने की सही दिशा भी देने का कार्य कर रहे हैं। इधर सभी शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मैनेजमेंट हेड दिनेश गोरा, प्रिंसिपल रामेश्वर प्रसाद फौजी, चेयरमैन शंकर लाल शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर बालू राम यादव (बीआरडी), केमेस्ट्री फैकेल्टी एस एस चौहान सर, बलजीत सर, नवीन सर, डीके सर सहित संस्थान के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहा।

## विधायक कार्यालय में भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विधायक मनोज न्यागंली के नवनिर्माण कार्यालय पुराने सरकारी अस्पताल के पास 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती सुबह 11 बजे समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। विधायक मनोज न्यागंली ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ ने तैयारीया शुरू कर दी है।

# फुले की जयंती पर भाजपा किसान मोर्चा ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला कार्यालय में को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर फूले साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खिचड़ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सुधार के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने नारी शिक्षा को बढ़ावा दिया, बाल विवाह का विरोध किया, विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया और समाज में समानता के अधिकार हेतु संघर्ष किया। खिचड़ ने कहा कि फूले साहब पहले ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने वंचित और पिछड़े वर्गों को समाज में मान-सम्मान दिलवाने के लिए अलख जगाई। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने कहा कि महात्मा फूले का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर नई चेतना का संचार किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, गुलपुरा मण्डल अध्यक्ष मुकेश नेमिवाल, भाजपा ओबीसी शहर मण्डल अध्यक्ष सांवरमल स्वामी, डॉ. मान सिंह राठौड़, राजेश भार्गव ठेकेदार, अशोक चांगल, श्याम तोषनीवाल, सोमबीर खिचड़, मनोज सिंह, विकास महला, दीपक जांगिड़, कपिल शर्मा, मनीष स्वामी, सुमेर नाई, नासिर खोखर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेना रहा।

# ब्राह्मण अपनी अस्मिता को बचाने के लिए अपने अंदर विवेक को जागृत करें : संतश्री निवृतिनाथजी महाराज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** जिले के सरदार शहर में छह न्याति ब्राह्मण समाज का एक दिवसीय स्नेह मिलन समारोह ऋषिकेश हरिद्वार के संत दंडी स्वामी जोगेंद्रश्रम जी महाराज, गनेड़ी धाम के विख्यात संत निवृतिनाथ महाराज व फतेहपुर शेखावाटी आश्रम के रोशननाथ महाराज के आतिथ्य में लोकरंजन परिषद् सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संत श्री निवृतिनाथ जी महाराज ने कहा कि ब्राह्मण को अपनी अस्मिता बचाने के लिए अपने अंदर विद्यमान गुण व लक्षणों को विकसित करना होगा । उन्होंने कहा कि आज का ब्राह्मण साधना व संध्या से दूर हों गया है जिसके चलते उसे हरेक क्षेत्र में पिछड़ना पड़ता ह। आज के ब्राह्मण के पास न संध्या ह, न साधना ह इसलिए ब्राह्मण को चाहिए कि वह ब्राह्मण लक्षण को ग्रहण करे। उन्होंने आज की पीढ़ी को दिशाहीन होने से बचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दंडी स्वामी जोगेंद्रश्रम महाराज ने कहा कि ब्राह्मण न्यातो में न बंटकर, ब्राह्मण ही रहे तो निश्चित ही उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। फतेहपुर आश्रम के संत रोशननाथ महाराज ने कहा कि ब्राह्मण एक दूसरे का सहयोग कर उनकी उन्नति के मार्ग प्रशस्त कर अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महासंघ के स्थानीय अध्यक्ष शंभूदयाल पांडिया, अभिषेक पारीक जीवन शर्मा सहित 31 जनों को पद की शपथ दिलाई।

# केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद की अभिनव पहल 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने अपने अलवर संसदीय क्षेत्र में अभिनव नवाचार 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' का शुभारम्भ हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अलवर ग्रामीण की ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशाहली की कामना कर किया। इस कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा में उसके कलस्टर के ग्राम सारंगपुरा,पृथ्वीपुरा व परसा का बास तथा मोहब्बतपुर में उनसे कलस्टर के गांव दादर, महुआ खुर्द, मोहब्बतपुर व बंदीपुरा व रामगढ़ की ग्राम पंचायत बाम्बोली में उसके कलस्टर के गांव खुटेटा कलां, बाम्बोली व नांगल टप्पा इस प्रकार बुटोली में उसके कलस्टर के गांव दीनार,बुटोली व गंडूरा में सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा आयोजित हुई।

**गांव में जाकर समस्या के समाधान के साथ विकास पर होगा काम :** केन्द्रीय मंत्री यादव ने अपने संबोधन में हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव पर पहुंच कर आमजन से रूबरू होकर न केवल उनकी समस्याओं निदान करना बल्कि विकास कार्यो को गति प्रदान करने का उदेश्य है।

# सभी त्योहार भाईचारे का संदेश देते हैं : गोविंद महनसरिया



**सादुलपुर।** नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के मुख्य आतिथ्य में वन विहार कॉलोनी में ईद मिलन व होली मिलन तथा रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि सभी त्योहार भाइचारे का संदेश देते हैं तथा सभी धर्मो का आदर सत्कार होना चाहिए इस अवसर पर फूलों से होली खेली गई तथा एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी तथा देश में अमन चेन बना रहे की रामनवमी पर्व पर श्री राम से अपील की। इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, महेंद्र ओला, सांवरमल बुडानिया, छगन शर्मा, डॉक्टर सुशील बुडानिया, भंवर सिंह राजवी, जाफर खा जोइया, इदरीश गिरदावर, इनायत खान रेलवे, नागरमल जांगिड़, मनोहर लाल जोशी, शौकत खान अखान, सनोद पचौरी, लछुराम राव, अब्बास नागरा, लियाकत खा कंपाउंडर रामलाल सहारन, हेमराज कस्बा, सुगनाराम कस्बा, प्रताप कस्बा, आदि उपस्थित थे।

# श्री पीताम्बरा आश्रम में हनुमान प्राकट्य महोत्सव पर श्री मारुति अर्चन महानुष्ठान



**बांसवाड़ा।** गायत्री मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में हनुमान प्राकट्य महोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री मारुति अर्चन महानुष्ठान के अन्तर्गत हनुमान पूजा, स्तोत्र पाठ, जप, हनुमान चालीसा एवं विभिन्न हनुमान आराधना साधनाओं में श्रृद्धालुओं ने भक्तिभाव से हिस्सा लिया। महोत्सव का शुभारंभ बड़ा रामद्वारा के प्रमुख संत श्री रामप्रकाश रामस्नेही जी महाराज ने हनुमानजी के श्रीविग्रह पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं पुष्पार्चन से किया। इस अवसर पर गायत्री मण्डल के मुख्य संरक्षक, पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता एवं मण्डल के उपाध्यक्ष मनोहर जोशी ने संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज को जन्मतिथि की बधाई देते हुए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं और उपरणा एवं शॉल ओढ़ाकर तथा श्रीफल एवं पीताम्बर प्रसाद आदि भेंट कर अभिनन्दन किया।

# शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी ने पुलिस लाइन के पार्क व मुख्य सड़क किनारों से कचरा साफ किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के सिरसा आगमन और डेरा सच्चा सौदा के रूहानी स्थापना महीने की इस दोहरी खुशी को बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन में सफाई अभियान चलाया सेलिब्रेट किया। इस सेवा कार्य में काफी संख्या में सेवादारों ने भाग लिया। सफाई अभियान की शुरुआत सेवादारों व उपस्थित 85 मैंबरों की ओर से धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही व पवित्र नारा बोलकर किया गया। इसके पश्चात सेवादार हाथों में कस्सी, तसले व दरांती लेकर पुलिस लाइन के विभिन्न पार्कों की सफाई में जुटी गई। सेवादारों ने कुछ ही घंटों में पुलिस लाइन के विभिन्न पार्कों को चकाचक बना दिया। हालांकि दोपहर बाद बारिश शुरू हो गई जो सफाई के कार्य में बाधा बनी। लेकिन बारिश बंद होने के पश्चात सेवादारों ने पुलिस लाइन की मुख्य सडक् के किनारों पर खड़ी घास-फूस, जंगली घास तथा आक को उखाड़ कर साफ-सफाई की। सफाई अभियान के दौरान सेवादारों का अनुशासन काबिले तारीफ रहा। जहां सेवादार ने पार्कों में बिखरे सूखे पत्तों व गंदगी को झाड़ू से एक स्थान पर एकत्रित किया। वहीं कुछ सेवादारों ने एकत्रित किए गए कूड़े-कर्कट के ढेरों को पलियों की सहायता से कैंटर में डालकर कूड़ेदान में पहुंचाया। सेवादारों के सेवा कार्य की पुलिस अधिकारियों ने काफी प्रशंसा की। 85 मैंबर सहदेव इन्सां, सिरसा ब्लॉक प्रेमी सेवक कस्तूर सोनी इन्सां व रोड़ी ब्लॉक प्रेमी सेवक पवन इन्सां ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणाओं पर चलते हुए सफाई अभियान सहित 167 मानवता भलाई के कार्य करती है। इसी के तहत पुलिस प्रशासन के आह्वान पर पुलिस लाइन में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान हुई बारिश भी सेवादारों को सफाई करने से नहीं रोक पाई।

# निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत विकास परिषद चूरू के तत्वावधान में श्री डूंगरमल बजाज मुबई के सौजन्य से बजाज आई हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर के तीसरे दिन प्रांतीय नेत्र चिकित्सा प्रभारी निरंजन कुमार चोटिया ने शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों को दवा किट वितरित की गई। चूरू शाखा के अध्यक्ष उमेशचन्द्र चौहान ने सभी लाभार्थियों को दवा व आंखों की देखभाल के बारे में बताया। शिविर प्रभारी श्री मदन सिंह राठौड़ व सचिव संदीप शर्मा ने सभी का आभार प्रगट किया। श्याम सुंदर पारीक, ओमप्रकाश इंदौरिया, सुरेंद्र कुमार ग्रोवर, पवन कुमार जांगिड़, पुनीत लाटा, निरंजन कुमार वर्मा संजय ने कार्य मे सहयोग किया।

## न्यूज ब्रीफ

### फुलेरा में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** शनिवार का दिन फुलेरा के लिए सिर्फ एक तिथि नहीं, एक दिव्य अनुभूति बन गया। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर की गलियों से लेकर मंदिरों तक, हर कोना भक्तिरस में डूबा हुआ प्रतीत हुआ। आसमान में गूंजते जयकारों और मन में उमड़ती श्रद्धा की भावनाओं ने फिजाओं को भी पावन बना दिया। सुबह होते ही श्रद्धालुओं के कदम मंदिरों की ओर बढ़ चले, जैसे हर हृदय श्रीराम के परम भक्त को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने को आतुर हो। मंदिरों में भगवान हनुमान का पंचामृत से अभिषेक कर उन्हें फूलों से सजाया गया, मानो भक्त अपने भावों की माला से उन्हें अलंकृत कर रहे हों। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ की धुन ने वातावरण को ऐसा भक्तिमय बना दिया कि हर श्वास जैसे राम नाम में लीन हो गई। शाम को जब भजन संध्या का आयोजन हुआ, तो कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने ऐसा माहौल रच दिया, जिसमें उपस्थित जनमानस अपने आप को भूल, प्रभु चरणों में खो गया। भंडारे में बांटे गए प्रसाद में केवल भोजन नहीं, प्रेम, सेवा और समर्पण का स्वाद भी था। हर किसी की आंखों में संतोष, मन में श्रद्धा और चेहरे पर अलौकिक शांति की झलक थी। स्थानीय प्रशासन और सेवाभावी संस्थाओं ने मिलकर इस आयोजन को न केवल सफल बनाया, बल्कि हर दिल में यह भाव भर दिया कि आस्था जब संगठित होती है, तो एक नगर भी तीर्थ बन जाता है।

### अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस तारानगर में मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर के किसान मजदूर भवन में तहसील अध्यक्ष कॉमरेड पूर्णाराम सरावग की अध्यक्षता में अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया गया। विधिवत रूप से झंडारोहण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार ने कहा कि किसान सभा उस समय से है जब हम नहीं थे ओर उस समय तक रहेगी जब हम नहीं रहेंगे। किसान सभा ने अब तक किसान, मजदूर, विद्यार्थीयों के हकों के लिए सदैव संघर्ष किया है। किसानों के हितों की रक्षा किसान सभा ने ही की है। हम सबको मिलकर संगठन को ओर मजबूत करना चाहिए जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्यता करनी होगी। निर्मल कुमार ने कहा की वर्तमान में जनता को परेशान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जनता पर थोपे गए परिसीमन के विरोध में जल्द ही निर्णय लेंगे ।किसान सभा के जिला महामंत्री कॉमरेड उमराव सहारण ने संगठन की रीति निति के बारे में विस्तृत विचार रखे। कॉमरेड रामस्वरूप सहारण, चिमनाराम पांडर, एडवोकेट मुकेश शर्मा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन में राजगढ विधानसभा से माकपा प्रत्याशी रहे कॉमरेड भगतसिंह पूनियां के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉमरेड दात्ताराम, बेगराज प्रजापत, गोपीराम पुरोहित, गणपतराम इशराण, लालचंद रांगेडी, धर्मपाल डागर, रामेश्वरलाल, रमेश रामपुरा आदि उपस्थित रहे। विक्रम सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### गायों को गुड़ खिलाकर पूर्व विधायक ने जन्म दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर से पूर्व विधायक रहे डॉ. चंद्रशेखर बैद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को क्षेत्र के वार्ड 02 में स्थित आदर्श गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर उनका जन्म दिवस मनाया, जन्म दिवस की बधाई दी एवं बैद के उज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मोके पर वासुदेव शर्मा, हरि इंदोरिया, देवचन्द सैनी, गुलाब सोलंकी, गिरधारीलाल सोलंकी, अशोक जांगिड़, महेन्द्र भाटी, राकेश बनड़ा, महेन्द्र सिंह, मो.फारुक, नथमल कन्दोई, डूंगरमल लुहार, सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सिन्धू सभा के शर्मा संभाग संगठन मंत्री व छताणी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अजमेर।** भारतीय सिन्धू सभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी की सहमति से प्रदेश भाषा एवं साहित्य मंत्री डॉ. प्रदीप गेहाणी ने निरंजन शर्मा को अजमेर संभाग का संगठन मंत्री व गुल छताणी को अजमेर महानगर में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी की घोषणा की है। प्रदेश मंत्री मनीष गुवालाणी ने बताया कि गेहाणी के अजमेर प्रवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की गई व नये दायित्वों की घोषणा की। सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने कहा कि निरंजन शर्मा व गुल छताणी बहुत समय से समाज के अलग अलग दायित्वों का निरंतर निर्वहन कर रहे हैं और सिन्धू सभा में नये दायित्व से अधिक सक्रियता से प्रवास कर सेवा करेंगे। बैठक में संभाग प्रभारी मोहन तुलस्यिाणी, महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र बसराणी, संगठन मंत्री मोहन कोटवाणी, जिला मंत्री रमेश वलीरामाणी, मातृशक्ति अध्यक्ष रूकमणी वतवाणी, नरेन्द्र सोनी, भगवान पुरसवाणी, रमेश लखाणी, खूबचन्द भागचंदाणी, किशन केवलाणी, सुनीता भागचंदाणी, हरी केवलाणी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक डॉ. गर्ग ने पीएचईडी के एसीएस सांवत से पेयजल समस्या पर चर्चा की

**भरतपुर।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से बातचीत कर भरतपुर की पेयजल समस्याओं पर चर्चा की। डॉ. गर्ग ने अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत को बताया कि गर्मी का मौसम आने के साथ ही भरतपुर में पानी की समस्या होने लगी है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एसीएस भास्कर ए सावंत से भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा।



## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

# भक्ति, शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं बजरंग बली : विधानसभा अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि बजरंग बली श्रद्धा, विश्वास, शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर शनिवार को अजमेर के घाटी वाले बालाजी मंदिर, जीपीओ के सामने व्यायाम शाला, आनासागर पुलिस चौकी के पास करंट वाले बालाजी एवं अन्य कई मंदिरों में आरती में भाग लिया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति और निष्ठा हमें यह सिखाती है कि संकल्प और सेवा भाव से हम कोई भी कठिन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकते हैं। युवाओं को हनुमान जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। देवनानी ने प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति और सौहार्द की कामना करते हुए अपील की कि इस अवसर पर सभी लोग सामाजिक समरसता और एकता के भाव को मजबूत करें। धार्मिक अवसरों को प्रेम और सद्भाव के साथ मनाना हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे परंपराओं के अनुरूप पर्व मनाएं और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए साफ-सफाई का संदेश भी समाज में फैलाएं।

## पीएचईडी मंत्री ने ली उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर के अधिकारियों की बैठक

# पानी और पैसे की कमी नहीं, अधिकारी बेहतर प्रबंधन कर आमजन को पेयजल उपलब्ध कराएं : चौधरी

## जल जीवन मिशन सहित अन्य परियोजनाओं में लंबित कार्यों पर जताई नाराजगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर व्यक्ति को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उदयपुर में पानी की कोई कमी नहीं है और पेयजल प्रबंधन के लिए बजट भी पर्याप्त है।

अधिकारी बेहतर प्रबंधन कर आमजन को पानी उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जलदाय मंत्री शनिवार को उदयपुर जिला परिषद सभागार में उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों में पेयजल योजनाओं तथा समर प्लान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी तेज होने के साथ ही सतही जल स्त्रोतों में पानी की कमी होगी तथा भूजल स्तर भी नीचे जायेगा। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए समर प्लान बनाकर कंटीजेंसी में बजट उपलब्ध करा दिया गया है। अधिकारी व्यवस्थाएं दुरस्त रखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने हैंडपंप और नलकूप के स्वीकृत कार्य अविलम्ब पूरे कराने के लिए पाबंद किया। साथ ही, विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं आदि की भी बिन्दूवार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा कराएं

मंत्री चौधरी ने उदयपुर, राजसमंद और सलूम्बर जिलों के अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। चर्चा के दौरान अवैध कनेक्शन का जिक्र आने पर मंत्री ने ऐसे सभी कनेक्शन कटवाने तथा संबंधितों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन में जिन ठेकेदारों की ओर से अपेक्षित काम नहीं किए जा रहे उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन के तहत पूर्ण हुए कार्यों को ग्राम स्तरीय समितियां बनाकर हस्तांतरित किए जाने के संबंध में जल्द दिशा-निर्देश जारी किए जाने की बात कही।

### विधायकों से लिया फीडबैक, अधिकारियों को हिदायत

*बैठक में विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं, जल जीवन मिशन के कामों की जमीनी हकीकत और पेयजल परियोजनाओं की स्थिति आदि की विस्तृत जानकारी दी। जलदाय मंत्री ने एक-एक क्षेत्र के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया तथा न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूर्ण गंभीरता से काम करने की हिदायत दी। साथ ही, तकनीकी समस्याओं पर मुख्यालय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए भी आश्वस्त किया। बैठक में विधायकों ने कुछ विभागीय अधिकारियों के व्यवहार को लेकर भी शिकायतें की। इस पर चौधरी ने नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि काम के दौरान समस्याएं आती हैं। परेशानी होने पर लोगों की नाराजगी भी जायज है, लेकिन यदि अधिकारी उन्हें संतोषप्रद जवाब दें तो आधी समस्या खत्म हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति व्यवहार में सुधार लाने के नसीहत दी। साथ ही, शिकायत की पुनरावृत्ति पर कार्यवाही के लिए भी चेताया। बैठक में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह, मावली विधायक पुष्कर डांगी, सलूम्बर विधायक शांता देवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, संभागीय आयुक्त सुप्रज्ञा केवलरमानी, उदयपुर जिला कलक्टर नमित मेहता, राजसमंद जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा सहित पीएचईडी के उदयपुर, राजसमंद व सलूम्बर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

# मेहंदीपुर बालाजी को पहनाया सोने का चोला

## 51 सवामणी, 51 मन लड्डू और छप्पन भोग की झांकी

**दौसा।** राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी धाम में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हनुमान जयंती 2025 की महाआरती से पूर्व मंदिर ट्रस्ट के पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने बालाजी महाराज की स्वयंभू प्रतिमा का 1351 किलो पंचामृत से अभिषेक कराया। अभिषेक के पश्चात बालाजी को स्वर्ण चोला पहनाकर अलौकिक श्रृंगार किया गया।

महाआरती से गूंज उठा संपूर्ण धाम शाम सवा सात बजे महाआरती की शुरुआत होते ही मंदिर परिसर घंटे-घड़ियालों और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर महाआरती में शामिल हुए और पुण्य लाभ प्राप्त किया। आरती के बाद महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को गंगाजल के पवित्र छींटे दिए।

**प्रसादी और भक्तिमय उल्लास:** बालाजी महाराज को 51 सवामणी, 51 मन लड्डू और छप्पन भोग अर्पित किए गए। मंदिर परिसर के बाहर बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए।

# पुलिस से बचने के लिए चोर बनने वाला था किन्नर

## जेंडर बदलवाने वाला था, नाम चेतन से बदलकर चेतना रख लिया था

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पुलिस ने 17 साल से फरार चल रहे एक बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस से बचने के लिए वह जेंडर परिवर्तन कर पुरूष से किन्नर बनने जा रहा था। ठिकाने बदलने के साथ ही उसने अपना



नाम भी चेतन से बदलकर चेतना रख लिया था। मालवीय नगर थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) तेजस्वनी गौतम ने बताया फरार चोर चेतन सिंघीवाल (37) पुत्र सूरज सिंघीवाल निवासी प्रेम नगर आगरा रोड कानोता को अरेस्ट किया गया है। साल 2008 में चोरी के मामले में उसे 13 फरवरी 2008 को अरेस्ट किया गया था। मालवीय नगर थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे जेसी भेज दिया था। कुछ समय बाद जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद फरार हो गया। उस समय से ही फरार आरोपी चेतन की तलाश की जा रही थी।

### छिपने के ठिकाने बदलता रहता था

पुलिस से बचने के लिए वह बार-बार अपने छिपने के ठिकाने बदलता रहता था। उसने अपना नाम चेतन से बदलकर चेतना रख लिया था। पुलिस से बचने के लिए वह किन्नर बनाने जा रहा था।चार साल पहले वापस आया जयपुर एसएचओ (मालवीय नगर) संग्राम सिंह ने बताया आरोपी चेतन सिंघीवाल ने फरवरी 2008 में मालवीय नगर इलाके में एक मकान में चोरी की थी। लॉक तोड़कर घर में घुसकर सोने-चांदी के गहने और कैश चुरा ले गया था। मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजने पर जमानत बाहर आ गया था। फिर भाग गया। पुलिस से बचने के लिए वह जयपुर से बाहर चला गया। पुलिस से बचने के लिए वह बार-बार अपने ठिकाने बदल रहता था। करीब 4 साल पहले जयपुर में आगरा रोड पर आकर रहने लगा।

### पहचानने में भी परेशानी

संग्राम सिंह ने बताया- पिछले काफी सालों से फरार होने के कारण पुलिस को उसको पहचाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बढ़ती उम्र के साथ उसके हुलिया भी बदलाव हो गया। उसको पहचानने वाले पुलिसकर्मियों के भी ट्रांसफर होने के कारण उसको ढूंढना मुश्किल हो गया था। आगरा रोड पर प्रेम नगर में फरार आरोपी चेतन के रहने का पता चला। पुलिस जवानों के जाकर पूछने पर लोग किसी लड़के के रहने से मना कर देते। शक होने पर पुलिस ने आस-पास के लोगों से पहचान करवाई। जानकारी में सामने आया कि पिछले चार साल से किन्नर बनकर रह रही चेतना ही चेतन है। पुलिस टीम ने शनिवार सुबह दबिश देकर आरोपी को अरेस्ट किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेसी भेज दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि किन्नर सामाज में शामिल के लिए कागजी कार्रवाई लगभग पूरी हो गई थी। केवल जेंडर परिवर्तन करवाया जाना शेष था। जिसके बाद वह ऑपरेशन करवाकर किन्नर बन समाज में शामिल हो जाता।




# हनुमान जयंती पर हनुमान जी की शोभायात्रा निकली, राज्यपाल बागडे ने आरती कर शोभायात्रा का किया शुभारंभ

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने हनुमान जयंती पर हनुमन्त शोभायात्रा समिति, जयपुर द्वारा आयोजित हनुमानजी के रथ की शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने संत-महंतों की उपस्थिति में मुख्य रथ पर विराजमान हनुमान जी की आरती उतारकर विधिवत पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने शोभायात्रा का पूजा कर शुभारंभ करते हुए हनुमान जी से सभी की खुशहाली और संपन्नता की कामना की।

# जयपुर में घर से घूमने निकले दंपती से लूट

**जयपुर।** जयपुर में घर से घूमने निकले दंपती से लूट का मामला सामने आया है। बाइक पर आए बदमाशों ने पीछे से पकड़ गला दबाया। जान से मारने की धमकी देकर पैंट की जेब से पर्स निकाल फरार हो गए। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर के रहने वाली रतन लाल (54) के साथ लूट की वारदात हुई। वह अपने घर से पत्नी उषा देवी के साथ पैदल-पैदल घूमने निकले थे।

रात करीब 10.30 बजे विद्याधर नगर स्थित टीपीएस चौराहा पर एक बाइक पर दो लड़के आए। बाइक से उतरकर एक बदमाश ने पीछे से गला दबाया। दूसरे ने बाइक आगे लगाकर मारने की धमकी दी। दोनों बदमाशों ने उनकी पेंट की जेब में रखा पर्स निकाल लिया।



## जिला कलक्टर के निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 9 डंपर सहित 12 वाहन जब्त, 12 लाख की राशि का जुर्माना लगाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलकटर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

संयुक्त दल ने जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 9 डंपर सहित 12 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की एवं 12 लाख से अधिक की जुर्माना राशि आरोपित की। खनन अभियंता श्याम कापड़ी ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई दल ने बगरू थाना क्षेत्र में खनिज चुनाई पत्थर से लदे 5 डंपर, महला थाना क्षेत्र में 2 डंपर, भांकरोटा थाना क्षेत्र में एक डंपर, गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में 1 डंपर एवं 2 ट्रेक्टर ट्रॉली, सेज थाना क्षेत्र में एक ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त की। उक्त सभी वाहन बिना वैध ई-रवन्ना खनिज चुनाई पत्थर का परिवहन कर रहे थे। कार्रवाई के पश्चात टीम ने उक्त वाहनों को संबंधित थानों को सुपुर्द किया है।

## सटोरिए को धमकाकर पुलिसवालों ने 25 लाख रुपए लिए

**जयपुर।** जयपुर में डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (डीएसटी) साउथ के पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ आज एफआईआर दर्ज की गई है। पांचों पर एक सटोरिए से 25 लाख रुपए लेने का आरोप है। पुलिस ने सटोरिए संदीप बच्यानी की रिपोर्ट पर डीएसटी साउथ के एएसआई नानूराम, हेड कॉन्स्टेबल हरिओम, कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बुधराम, राजेश चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। एडिश्नल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि परिवादी एक सटोरिया है। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम गई थी।

## झाडखण्ड मोड़ तक सड़क सीमा मे अवस्थित अतिक्रमण दस्तावेज प्राप्त करने हेतु दो दिवसीय शिविर

# 71 प्रभावितों ने प्रस्तुत किये दस्तावेज

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-07 के क्षेत्राधिकार मे स्थित 200 फीट सिरसी रोड बाईपास से खातीपुरा तिराहा तक व खातीपुरा तिराहे से क्वीन्स रोड, झाडखण्ड मोड तक सडक सीमा में अवस्थित अतिक्रमण/पक्का निर्माण को हटाने के सबंध मे प्रक्रियाधीन कार्यवाही के दौरान प्रभावित संरचनाओं के सबंध मे सबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं से दस्तावेज आदि प्राप्त करने हेतु दिनांक 11.04.2025 एवं 12.04.2025 को प्रातः 09.00 से 11.00 बजे तक दो दिवसीय कैम्प कार्यालय उपायुक्त पीआरएन उत्तर प्रथम, चित्रकूट में आयोजित किया गया। शेष रहे प्रभावित 15.04.2025 को उपायुक्त जोन 7 कार्यालय जेडीए परिसर में सायं 03.00 से 5.00 बजे तक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

# जयपुर के शिव मंदिर में तोड़फोड़, घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, शीघ्र कार्रवाई की मांग

**जयपुर।** जयपुर की लालकोठी सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। मंदिर की मूर्तियों को भी खंडित किया गया है। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। गोकुल सैनी ने बजाज नगर थाने में इस संबंध में शिकायत दी है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंदिर के संरक्षक गोपाल सैनी ने बताया रात में कोई मंदिर में तोड़फोड़ कर गया था। इसकी सूचना सुबह पुलिस को दी थी, जिसके बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। उम्मीद है जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेंगे। अभी हम नई मूर्तियां लाकर जल्दी ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा करवा रहे हैं।

### आरोपियों की तलाश जारी

एसीपी आदित्य पूनिया ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। ये कॉमर्शियल एरिया है। सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। उनकी मदद से हमारे हाथ सुराख लगें है, जिन्हें ट्रेस आउट करके हम आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। मंदिर में मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करने का फैसला मंदिर प्रशासन ने किया है। उनका जो भी निर्णय होगा प्रशासन उसमें सहयोग करेगा।


जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com


# राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025, राजस्थान बनेगा डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए पसंदीदा राज्य

## पांच वर्षों में 20 हजार करोड़ के निवेश की संभावना, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वर्तमान डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, बैंकिंग और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में आईटी की भूमिका बढ़ती जा रही है। पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन देने में भी ई-गवर्नेंस और ऑनलाइन सेवाओं का योगदान उल्लेखनीय है। डिजिटल संसार की इन सभी गतिविधियों के सुरक्षित और निर्बाध संचालन का डेटा सेंटर्स प्रमुख आधार है। इन सेंटर्स में क्लाउड कम्प्यूटिंग, को-लोकेशन एवं कंटेंट डिलीवरी के माध्यम से विभिन्न डिजिटल प्लेटफोर्म संचालित होते हैं। व्यावसायिक डेटा को सुरक्षित और सुलभ रखने के साथ ही ये डेटा केन्द्र रिकवरी समाधान भी उपलब्ध कराते हैं। विगत कुछ वर्षों में हमारे देश के डेटा सेंटर्स की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र में बढ़ रहे निवेश से भारत तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर बाजार के रूप में स्थापित हुआ है। वर्ष 2024 में भारतीय डेटा सेंटर बाजार की अनुमानित क्षमता 2 हजार मेगावाट थी, जो वर्ष 2029 तक बढ़कर 4 हजार मेगावाट से अधिक होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने डेटा सेंटर्स की इस बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए राजस्थान में निजी क्षेत्र में डेटा सेंटर्स की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025 लागू की है। राज्य बजट 2024-25 में यह डेटा सेंटर पॉलिसी लाने की घोषणा की गई थी। राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025 का लक्ष्य राज्य में एक विश्व स्तरीय डेटा सेंटर इकोसिस्टम विकसित कर राजस्थान को डेटा सेंटर क्षेत्र का प्रमुख केन्द्र बनाना है। यह नीति राज्य में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर्स की गतिविधियों की दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को प्रभावशाली बनाएगी। साथ ही, राज्य में डेटा प्रबंधन, प्रदर्शन और सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने में भी मदद करेगी।

### डेटा सेंटर सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रावधान

*इस नीति के तहत डेटा सेंटर सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं, जिनमें 10 वर्षों तक 10-20 करोड़ रुपये वार्षिक एसेट क्रिएशन इंसेंटिव, 100 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले पहले 3 डेटा सेंटर्स को 25 प्रतिशत अतिरिक्त सनराइज इंसेंटिव, 5 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान, बैंकिंग, ट्रांसमिशन व व्हीलिंग शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, भूमि संबंधी फ्लेक्सिबल भुगतान सुविधा, स्टांप ड्यूटी, भू-रूपांतरण व विद्युत शुल्क में छूट, तथा 10 करोड़ रुपए तक बाह्य विकास शुल्क से छूट शामिल हैं।*

### ग्रीन फील्ड डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए राज्य में भरपूर संभावना

राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी-2025 राजस्थान में निवेश आकर्षित करने और डेटा सेंटर विस्तार में तेजी लाने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस नीति में डेटा सेंटर को आवश्यक सेवाओं के रूप में मान्यता देना और बिल्डिंग बायलॉज में विशेष प्रावधान करने जैसी नवीन पहल शामिल है। देश में डेटा सेंटर मुख्य रूप से मुम्बई, चैन्नई, दिल्ली, बैंगलूरू, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में केन्द्रित है। राजस्थान में भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध स्थान, नवीकरणीय उर्जा स्रोत और राज्य सरकार की दूरदर्शी नीति के कारण ग्रीन फील्ड डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए राज्य में भरपूर संभावना है। वह दिन दूर नहीं, जब राजस्थान सभी बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करके और बेहतर कारोबारी माहौल पैदा करके अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू डेटा सेंटर कम्पनियों के लिए पसंदीदा स्थान बन जाएगा। इस नीति के क्रियान्वयन के पश्चात् राज्य में आगामी पांच वर्षों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश होने की संभावना है।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा उपमुख्यमंत्री का अभिनन्दन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा द्वारा अनुदानित संस्थाओं द्वारा आए शिक्षकों को व्याख्याता से सहायक आचार्य, सह-आचार्य व आचार्य पदनाम प्रदान किए जाने पर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायणलाल गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा थीं। अपने अभिनन्दन के प्रत्युत्तर में डॉ. बैरवा ने उच्च शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के 600 महाविद्यालय शिक्षकों को सीएएस का लाभ पात्रता तिथि से प्रदान किया जाएगा। उनका कहना था कि यूजीसी रेगुलेशन 2018 के तृतीय एवं चतुर्थ संशोधन को भी शीघ्र लागू किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायणलाल गुप्ता ने कहा कि शिक्षा, शिक्षक व समाज-हित में संगठन निरन्तर संघर्षरत रहता है, जिसके परिणाम भी अच्छे मिलते हैं। प्रदेश महामंत्री प्रो. रिछपालसिंह ने उच्चशिक्षा मंत्री का ध्यान महाविद्यालय शिक्षकों की अन्य माँगों राजसेस महाविद्यालयों का नियमितीकरण, पुस्तकालयाध्यक्षों व खेल अधिकारियों के सीएएस प्रकरण, पेंशन की विसंगति आदि की ओर आकर्षित किया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज बहरवाल ने आश्वस्त किया कि आगे भी संगठन प्रत्येक उपयोगी नवाचार में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। आभार-ज्ञापन डॉ. अतुल गुप्ता ने किया। संचालन डॉ. सरोज कुमार ने किया। संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व सेवा-आयाम के प्रदेश-प्रमुख प्रो. सुरेन्द्र सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 220 से अधिक आरवीआईएस शिक्षक उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भगवा ध्वज लेकर निकले भक्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर शहर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा बाजार से निकली तो सब भगवामय नजर आया। जय श्रीराम और बजरंग बली के जयकारों की गूंज रही। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शोभा यात्रा को रवाना किया। श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम और जय हनुमान के उद्घोष के साथ शोभायात्रा में निकले। यह शोभायात्रा अलवर के केंडल गंज से प्रारंभ होकर अकबरपुर स्थित हनुमान बगीची तक निकाली गई। दोनों मंत्रियों ने हाथ में गदा उठाई। वन मंत्री ने शोभा यात्रा के दौरान प्याऊ पर बैठकर आमजन को पानी भी पिलाया। शोभा यात्रा में बच्चों की ओर से भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां प्रस्तुत की गई। इसमें कोई शिव, कोई पार्वती तो कुछ राधा कृष्ण के रूप में दिखे। कार्यक्रम की शुरुआत अलवर सांसद और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन मंत्री संजय शर्मा ने की। दोनों नेताओं ने हनुमान जी की विधिवत आरती कर शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा के दोनों जिलाध्यक्ष, भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग और भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार गोयल ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पिछले 15 वर्षों से जारी है। जिसमें हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। बच्चों की ओर से निकाली गई भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहती हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हनुमान जयंती पर भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** रतननगर के वार्ड नम्बर दस के विर हनुमान मंदिर में हनुमान जैयन्ती समारोह के अवसर पर पुजारी सूर्यकान्त स्वामी द्वारा पूजा-अर्चना को साथ-साथ प्रसाद वितरण एंव भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भजन पार्टी द्वारा गणेश वन्दना, हनुमान प्यारा, हरो ना बीगहन सब मेरे रामा, कीर्तन की रात बाबा आज थान आनो है, भगवान शिव स्तुति, मां अन्जनी के लाल एंव मां जगदम्बे भवनों जग में थारो राज है पुजारी सूर्यकांत ने हवन यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

### समिति ने शीतल पेय सेवा की

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू** देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ ने हनुमान जयंती के पावन पर्व पर भगवान बालाजी की झांकी के साथ चल रहे विशाल जन समूह की शीतल पेय सेवा की। समिति सदस्यों ने झांकी का पुष्प वर्षा से अभिनन्दन किया व श्रद्धालुओं को निम्बू पानी पिलाया। इस अवसर पर समिति के सीताराम जांगिड़, नरोतम लाल सोनी, देवेन्द्र यादव, राधेश्याम पारीक, विश्वनाथ सोनी, अनूप जोशी, भुवनेश कुमार इंदौरिया,दिनेश भाटी राम रतन प्रजापत गौतम पारीक लक्ष्मी यादव व रघुनाथ विधालय के स्टाफ ने सेवा दी। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि समिति द्वारा शीतल पेय सेवा भगवा रैली, गणगौर मैला श्रीराम नवमी रैली में भी सेवा दी थी।

### 150 करोड़ रूपये की लागत से पांच सड़कों के निर्माण व चौड़ाईकरण के लिए जताया आभार

**भरतपुर।** राज्य सरकार द्वारा भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग की पहल पर भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की 5 नई सड़कों के निर्माण कार्य के टेंडर करने की स्वीकृति जारी करने पर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इन सड़कों के निर्माण हो जाने से आमजन की राह आसान हो जाएगी । डॉ. गर्ग ने बताया कि 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली भरतपुर - मथुरा सड़क फोरलेन निर्माण कार्य ( रेलवे स्टेशन) से मथुरा बाईपास, 20 करोड़ की लागत बनने वाली हीरादास सर्किल से सुभाष नगर गौशाला होते हुए मथुरा बाईपास तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य, 75 करोड रूपये की लागत से बनने वाली भरतपुर-अछनेरा सड़क फोरलेन निर्माण कार्य मानसिंह सर्किल से बझेरा अपना घर तक, 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली खेमकरण तिराहा से जघीना तक सड़क चौड़ाईकरण का कार्य तथा 15 करोड़ रुपये की लागत से राजा खेमकरण चौराहे से न्यू रीको औद्योगिक क्षेत्र तक सड़क चौड़ाईकरण के निर्माण की राज्य सरकार द्वारा वित्तीय स्वीकृति दी है। इन सड़कों के निर्माण होने से कई गांवों के लोगों की राह आसान होगी। उन्होंने सड़कों के निर्माण के टेंडर जारी करने की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा जैन समाज द्वारा की गई पुष्प वर्षा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** धार्मिक नगरी कुचामन में निकाली गई राम भक्त हनुमान की भव्य शोभायात्रा हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर डूंगरी के बालाजी मंदिर द्वारा आयोजित शोभायात्रा पर सबकी सेवा सबको प्यार जीवो और जीने दो के उदेश्यो वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल परिवार कुचामन सिटी द्वारा पलटन गेट स्थित जैन स्कूल के बाहर पुष्प वर्षा कर सभी हनुमान भक्तों को शरबत पिलाकर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महावीर इन्टरनेशनल युवा विंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल, युवा अध्यक्ष वीर आनन्द आशा सेठी, सचिव वीर विकास नीतू पाटनी, कोषाध्यक्ष वीर पारस नेहा पहाड़िया,वीर आशीष दीप्ति झांझरी, वीर अभिषेक रीना पाटनी, वीर अमित,वीरा कल्पना, वीरा मनीषा पहाड़िया, वीर शुभम वीर नमन, वीर प्रदीप काला, वीर राहुल झांझरी, वीर अशोक अजमेरा, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर सुरेश गंगवाल, वीर संम्पत बगड़िया,वीरा सुनिता गगवांल उपस्थित रहे। डुगरी बालाजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पवन बंसल का वीर अशोक अजमेरा द्वारा तिलक किया गया एवं वीर रामावतार गोयल एवं वीर आनन्द सेठी द्वारा साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही सकल जैन समाज द्वारा नागोरी अजमेरी मन्दिर धान मण्डी में श्री जैन वीर मण्डल के तत्वाधान मे जूलूस पर पुष्प वर्षा से स्वागत कर बहुमान किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली नवम विशाल पदयात्रा का शहरवासियों ने किया स्वागत

**बारां।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार दोपहर को श्री राम स्टेडियम, बारां से राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, सुरेश गुर्जर विधायक खानपुर, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, करणसिंह राठौड़, निर्मला सहरिया, विरेन्द्रसिंह गुर्जर कांग्रेस जिलाध्यक्ष झालावाड़, रामलाल चौहान विधायक प्रत्याशी झालावाड़, पूर्व विधायक मिनाक्षी चन्द्रावत, नेमीचन्द मीणा विधायक प्रत्याशी मनोहरथाना, चेतराज गहलोत विधायक प्रत्याशी डग, रोडसिंह परमार ब्लॉक अध्यक्ष भवानीमण्डी, पोरस साहू ब्लॉक अध्यक्ष मनोहरथाना, फूलसिंह गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष अकलेरा, विनय अस्तोलिया नगर अध्यक्ष भवानीमण्डी, भारतल मीणा, रूपचन्द मीणा, के साथ जिले भर से शामिल हुए हजारों की संख्या में बालाजी भक्तगण जयकारे लगाते हुए बैण्डबाजों की धुन पर नाचते-गाते पदयात्रा के रूप में श्रीबडांधाम बालाजी के लिए रवाना हुए। पदयात्रा का स्थान-स्थान पर विभिन्न समाजों, सामाजिक संगठनों द्वारा आत्मिक स्वागत किया गया।

# पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्म दिवस को लेकर गांवों में किया जनसम्पर्क



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के 21 अप्रैल को होने वाले जन्म दिवस को लेकर तारानगर के विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता ने अपनी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र के गाँव सारायण, कोहीणा, भालेरी, बुचावास, गाजुवास, रेडी, सोमसीसर, मेहरासर उपाधियान, रातुसर, जैतसीस, बिल्यूं बास रामपुरा आदि में जनसंपर्क किया। जांगिड़ ने 21 अप्रैल को राठौड़ के जन्म दिवस पर हजारों की संख्या में अधिक से अधिक पुलिस लाइन चूरू पहुंचने का आह्वान किया ग्रामीणों ने भी हाथ खड़े कर जांगिड़ को अधिक से अधिक चूरू पहुंचने का आश्वासन दिया। जांगिड़ ने ग्रामवासियों से जनसंपर्क करते हुए कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सदैव आमजन की सेवा हेतु तैयार मिलते हैं राजस्थान का एकमात्र ऐसा जनसेवक जो हमारे लिए सदैव हाजिर रहते हैं, चुनाव हारने के बाद भी राठौड़ जनता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, विधानसभा को सम्पूर्ण राजस्थान में सर्वोपरि बजट मिला है जिसका श्रेय राजेंद्र राठौड़ को जाता है। हम सबका दायित्व है कि ऐसे दुर्लभ और जनप्रिय नेता का जन्मदिन मनाने हम सब धूमधाम से चूरू पहुंचे। जांगिड़ ने बताया कि विधानसभा से हजारों की संख्या में सैंकड़ों वाहनों से कार्यकर्ता चूरू पहुंचेंगे। इस मौके पर जांगिड़ के साथ विधानसभा संयोजक अजित सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच शिव भगवान जोशी, पूर्व चैयरमैन जसवंत स्वामी, मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह तंवर, ईश्वर पांडिया, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, महेंद्र स्वामी, सुनील भाकर, लीलाधर प्रजापत, साबिर हुसैन, सरपंच प्रदीप सिंह, किशन स्वामी, जोगेंद्रसिंह राठौड़, मांगीलाल योगी, नत्थू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारम्भ




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर उसमानाबाद कॉलोनी स्थित नवज्ञान ज्योति सी. सै. स्कूल में इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा समिति सदस्य अरशद खान एलटी के नेतृत्व में परिंडे लगाकर तीन दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यापक वसीम अली ने बताया कि पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि हमीद खान रिसालदार ने कहा कि हम अपने आसपास के पेड़ों और अपने घरों की छतों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करें। समिति संस्थापक करामत खान ने बताया कि अभियान के तहत अगले तीन दिनों में जिले के सभी शहरों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 350 परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी। जिन जगहों पर परिंडे लगाए जाएंगे वहां समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा सार-संभाल की जिम्मेदारी रहेगी। कार्यक्रम में समिति वरिष्ठ सदस्य अयूब खान, नौशाद खान, जाफर खान, सुलेमान मनिहार, महबूब खान, जाकिर खान, सलमान खान, रेहान खान, जावेद खान, बिलाल खान, असलम खान, शाहरुख खान आससलर, जाफर खान पिथीसर, अनीस खान बंटी, फरियाद खान नसवाण, मोहम्मद मुजाहिद रामगढ़ आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। समिति मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने सभी का आभार जताया।

# पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** रतननगर के महाराणा प्रताप मार्ग पर समाजसेवी बसंत हीरावत के सानिध्य में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के पानी पीने के लिए विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए। समाज सेवी बसंत हीरावत ने कहा कि आमजन को जरूरत के लिए तो हर कोई सेवा करता है। लेकिन असली समाज सेवी वो ही है, जो पक्षियों के लिए सेवा करता है। हर व्यक्ति को पक्षियों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर हीरावत ने कहा कि पर्यावरण कि सुरक्षा को देखते वृक्षारोपण कि आवश्यकता है इसलिए, आप अपने घर व आस पास के क्षेत्र में जादा से जादा वृक्ष लेगाये। इस अवसर पर देवकीनंदन, पवन कुमार, राम प्रसाद, प्रमोद कुमार सोनी, कन्हैया लाल व बनवारी लाल जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# घांघू के शहीद सैनिक हवलदार लखुसिंह राबाउमावि में भामाशाह ने पुस्तकालय का लोकार्पण किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** गांव घांघू के शहीद सैनिक हवलदार लखुसिंह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक पशुपालन प्रभुदयाल बरवड़ की ओर से अपनी माता स्व. जड़िया देवी एवं पिता स्व. खेमाराम की स्मृति बनवाए गए पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण शनिवार को सरपंच विमला देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण ने किया। इस दौरान शिक्षिका मधु फगेड़िया के निर्देशन में बालिकाओं ने प्रभावी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर सहारण ने भामाशाह की सराहना करते हुए कहा बाबा साहेब अंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध हैं जो भी इसे पीएगाए वह दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि भामाशाह प्रभुदयाल बरवड़ ने जिन परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए पढ़लिखकर एक उच्च मुकाम हासिल कियाए उन परिस्थितियों को उन्होंने ध्यान में रखते हुए बालिका शिक्षा की गुणवत्ता के लिए अपनी मेहनत की कमाई दान की हैए यह अपने आप में एक मिसाल है। ग्रामीणों को बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बालिका शिक्षा के बिना कोई समाज पूरी गति से आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने पुस्तकालय के लिए दो लाख रुपए देने तथा विद्यालय में एक हॉल बनवाने की घोषणा इस अवसर पर करते हुए कहा कि राज्य सरकार गांवों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। चूरू के विकास में आगे भी कोई कोरकसर नहीं छोड़ी जाएगी। अध्यक्षता करते हुए सरपंच विमला देवी ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी दी।

# 'बुनियादी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** उपखण्ड क्षेत्र सीमा के हरियाणा निकटवर्ती कस्बा बहल में स्थानीय बीआरसीएम शिक्षण समिति (बहल) के जीडीसी मेमोरियल महाविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा एवं चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी द्वारा अनुमोदित विज्ञान विभाग के तत्वावधान में बुनियादी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीएबीएसटी-25) का भव्य शुभारंभ हुआ सम्मेलन का उद्घाटन महेंद्र कुमार चौधरी सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर श्रीमती दीप्ति धर्मानी, कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (भिवानी) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एसपी खटकड़, एमेरिटस वैज्ञानिक, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (रोहतक), प्रो. सुरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, जीडीसी महाविद्यालय, डॉ. सुरेंद्र कौशिक, डीन ऑफ कॉलेज, सीबीएलयू, एवं डॉ. एस के सिन्हा, निदेशक बीआरसीएम एजुकेशन सोसाइटी एवं प्राचार्य, जीडीसी महाविद्यालय उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। डॉ. एस के सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके शैक्षणिक योगदान एवं अनुभवों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया विशिष्ट अतिथि प्रो. एसपी खटकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के युग में बुनियादी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रगति करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'विकसित भारत अभियान' में विज्ञान एवं तकनीक की भूमिका को रेखांकित करते हुए जय जवान जय विज्ञान जय अनुसंधान का नारा दिया मुख्य अतिथि प्रो. दीप्ति धर्मानी ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को वैज्ञानिक ग्रंथों और श्रीमद्भगवद्गीता के अध्ययन की सलाह दी उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**भरतपुर।** भरतपुर के वार्ड नंबर एक स्थित बजरंग नगर कॉलोनी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का शनिवार को पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने अनावरण किया इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर नमन किया। प्रतिमा अनावरण समारोह को डॉ. सुभाष गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने समाजवादी विचारधारा के साथ भारतीय समाज को समता, न्याय, स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने का आव्हान करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय एवं शिक्षा के विकास के लिये महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा था कि जीवन के अंधेरे को शिक्षा के उजाले से ही समाप्त किया जा सकता है। युवा पीढी को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये।

जन्मोत्सव पर सजे हनुमान मंदिर



# उत्साह व उमंग के साथ मनाई हनुमान जयंती, जगह-जगह निकली शोभायात्राएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिलेभर में शनिवार को हनुमान जयंती उत्साह व उमंग के बीच मनाई गई। जन्मोत्सव पर कई आयोजन हुए। मंदिरों को आकर्षक सजाया गया। हनुमान मंदिर दिनभर जयकारों से गूंजते रहे। लोगों ने दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। यज्ञ कर आहुतियां अर्पित की गई। शोभायात्राओं में गजब का उत्साह नजर आया। ढोल ढमाकों पर युवा हाथों में पताकाएं लहराते नाचते-गाते शरीक हुए। प्रसाद का वितरण किया गया।

## भजनों के माध्यम से हनुमानजी की महिमा का किया बखान







**सुमेरपुर।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर सहित उपखंड के बालाजी मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। महोत्सव को लेकर नगर के साकेत आश्रम रोड़ स्थित ईमली वाले बालाजी धाम को विशेष रोशनी व फूलों से श्रृंगारित किया गया। मंदिर संरक्षक महेन्द्रसिंह आसोप व अध्यक्ष डा. रजनीश चौबे ने बताया कि शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर अल सवेरे से लेकर देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव पर बालाजी की विशेष आंगी सजाई गई। सुबह आर्य कन्या गुरूकुल की कन्याओं द्वारा हवन किया गया। जिसमें यजमानों ने आहूतियां देकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। शाम को 4 बजे श्रीराम सुंदरकांड सेवा समिति की और से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। विशेष आरती कर भक्तों में प्रसादी वितरित की जाएगी। हुकमराज उमेदमल चितारा परिवार की और से भक्तों में ठंडाई वितरित की गई। बच्चों ने विभिन्न रूप धरकर हनुमानजी की झांकियों की प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में पहुंचे देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत सहित अन्य अतिथिगणों का समिति की ओर से बहुमान किया गया। महोत्सव में वकील सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरूण जयना, उप कोषाध्यक्ष छगन माली, सचिव मांगीलाल परमार, सह सचिव मोहन बोहरा सहित अन्य पदाधिकारियों का सहयोग रहा। इसी तरह नगर के रेबारियों वास स्थित पिपलेश्वर हनुमानमजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव को लेकर आकर्षक रोशनी से श्रृंगार किया गया। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार रात में भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें बालाजी की महिमाओं का बखान किया। सवेरे मंदिर पर हवन किया गया। पिपलेश्वर हनुमानजी की महाआरती की गई। इसके बाद लापसी की प्रसादी का भोग लगाकर भक्तों में वितरित की गई। मंदिर पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समारोह में श्रद्धालुओं ने तन, मन व धन से सहयोग दिया।

नगर के मुख्य बाजार स्थित महावीर हनुमान मंदिर पर दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार रात संगीतमय सुंदरकांड का पाठ सिरोही की सुप्रसिद्ध सुंदरकांड पाठ सेवा समिति द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के साथ राजस्थान के कैबिनेट मंत्री व सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत, डीएसपी जितेंद्रसिंह राठौड़, व्यापारियों व महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया। दूसरे दिन सवेरे हनुमानजी की प्रतिमा को श्रृंगारित कर सैंकड़ों भक्तों की उपस्थिति में महाआरती कर महा प्रसादी वितरित की जिसका भक्तों ने लाभ लिया। आयोजकों ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष पर मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से श्रृंगारित किया गया एवं महारोठ का भोग लगाकर लापसी, शरबत और चने का भोग लगाकर भक्तों में वितरण किया गया। कार्य म में विनोद अग्रवाल, चतुर्भुज शर्मा, दिलीप अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, एडवोकेट जगदीश मेवाड़ा, पोपट जैन सहित युवा कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।



**नाडोल।** कस्बे के पाली-उदयपुर हाईवे देसूरी रोड स्थित पंचमुखी धाम पर बिराजित बडा हनुमानजी मंदिर परिसर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा सहित धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। बडा हनुमानजी विकास संस्थान ट्रस्ट नाडोल के अध्यक्ष अमरसिहं राजपुरोहित ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को खारडा रोड स्थित गढी हनुमान मंदिर पर पूजा आर्चना कर ग्राम पंचायत भवन मुख्य बस स्टेण्ड से प्रातः 9 बजे बैण्ड बाजो, देवझांकियों, रथ, घोड़े, कच्छी घोड़ी, प्रख्यात बिजली (जालोर) की गैर द्वारा गेर नृत्य, डीजे की मधुरधुनों के साथ विशाल शोभायात्रा रवाना हुई। जो मुख्य मार्गो से होती हुई पंचमुखी धाम बड़ा हनुमानजी मंदिर परिसर पहुंच विसर्जित हुई। दोपहर में आयोजित धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम में किशोर राव दुर्गा म्युजिकल ग्रुप नाडोल के गायक कलाकार दीपक नारलाई, नरेश राव भीलवाड़ा, गायिका विमला राव पाली की ओर से प्रस्तुत भजनों पर नृत्य कलाकार मंगेश प्रजापत गुड़ा अखेराज, भाविका चौधरी आना, सपना मारवाड़ी नाडोल, दुर्गा भाटी पाली, तरुण प्रजापत सोजत सिटी एवं हास्य कलाकार अर्जुन छैला सोजत सिटी ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान ट्रस्ट की ओर से अतिथियों एवं भामाशाहों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुकेशसिंह राजपुरोहित सोनाणा, मानाराम सिरवी गुड़ा रुपसिहं, पुलिस चौकी एएसआइ चन्द्रवीरसिहं, पटवारी हजारीमल विश्नोई, नाडोल व्यापार मंडल विकास समिति के प्रकाश मेवाड़ा, ओगडराम डी.सीरवी, नथाराम चौधरी, मगाराम सीरवी, ग्राम सेवा सहकारी समिति नाडोल के पूर्व अध्यक्ष शैतानसिंह चम्पावत, डा मुकेश भाटी, उप सरपंच भवानीसिंह राजपुरोहित, पूर्व सरपंच यशोदा वैष्णव ने शिरकत की। मेले के दौरान मेलार्थियों को सवा-सवा मण के 16 रोठ के प्रसाद के साथ खरताराम पुत्र भगाराम चौधरी परिवार की ओर से बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। मेले में नाजूबाई पत्नी दिवंगत घीसाराम ग्यावत, नाजूबाई पत्नी दिवंगत चुन्नीलाल घांची परिवार नाडोल द्वारा आयोजित महाप्रसादी में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। बदामकंवर दिवंगत मनोहरमल मेहता परिवार नाडोल की ओर से मेलार्थियों के लिए शीतल शरबत की व्यवस्था की गई। दिनभर मेला लगा रहा। हाट बाजार में लगी दुकानों से मेलार्थियों ने झमकर खरीददारी की। कार्य म को सफल बनाने मे बड़ा हनुमानजी विकास संस्थान ट्रस्ट उपाध्यक्ष पूनाराम घांची, सगठन मंत्री विजयराज घांची, सचिव मेघाराम मेघवाल, सदस्य ओगडराम चौधरी, भलाराम घांची, जितेन्द्रकुमार सीरवी, महेन्द्र बोहरा, जगदिशसिंह राजपुरोहित, राजुभाई वैष्णव, कान्तिलाल मालवीय, मोतीलाल मालवीय, जीवनदास वैष्णव, प्रकाश कुमार ग्यावत, खीमराज मालवीय, नरसिहं राव, नेनाराम एन. माली, लुम्बाराम प्रजापत, मोतीलाल मालवीय, भंवरलाल मालवीय, पन्नालाल सुथार, मदनदास वैष्णव, अचलाराम प्रजापत, गोविंद भाटी सहित भामाशाह उपस्थत थे।





**खिंवाड़ा।** कस्बे में शनिवार को खिंवाडा व्यापार संघ, बालाजी ग्रुप, विश्व हिन्दू परिषद, खैड़ा देवी ग्रुप, बजरंग दल, हनुमान जन्मोत्सव समिति व रविन्द्रसिंह दलपतसिंह उदावत परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर झांकी व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बैण्ड बाजों व नासिक ढोल-ढमाकों के साथ बालाजी मंदिर प्रांगण से रवाना हुई जो रावला चौक, मेन बाजार, श्रीराम चौक, मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, कुम्हारों का वास, तकिया क्षेत्र, आईमाता वडेर होते हुए विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस दरम्यान कस्बे के बाजार, हर मोड़ व गली-मौहल्लों में कस्बावासियों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस मौके पर खैड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चन्द सेवग, बालाजी ट्रस्ट अध्यक्ष केवलचंद मांडेत, पूर्व सचिव एड्वोकेट निर्मल आचार्य, रविन्द्रसिंह उदावत, मुकेश सुथार, विशाल सुथार, बनवारी आचार्य, जसराज हीरागर, जगदीश तेली, केसाराम मेघवाल, गणपतसिंह मगरतलाव, रमेश आचार्य सहित भारी तादाद में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद थे।



**फालना।** झटपटिया बालाजी मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कुणाल एंड पार्टी दिल्ली द्वारा शानदार झांकियों की प्रस्तुति दी गई। महेंद्र भाटी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें राम सीता लक्ष्मण की झांकी ने मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विक्रम सिंह राणावत, नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष खुडाला फालना देवेंद्र सिद्धावत, समाजसेवी अमित मेहता का माला, साफा और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। व्यास फैमिली फालना द्वारा ध्वज का कार्य म संपन्न किया गया। भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। इस संपूर्ण कार्य म में अध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारी, महिपाल भाटी, ललित मालवीय, योगेश मालवीय, देवेंद्र सिद्धावत, अमित मेहता, शंकर सिंह, सुमेर सिंह मेड़तिया, केसरपुरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं मंच का संचालन नरसिंहपुरी महाराज ने किया।

**नारलाई।** कस्बे में दाणियो का वास में मढ़ी बालाजी मंदिर में भक्तों का लगा तांता। श्रद्धालुओं ने बालाजी को भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। महंत अशोक वैष्णव ने बताया कि शुक्रवार शाम को विशाल भजन संध्या के साथ दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आगाज़ राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार महेंद्रपुरी गोस्वामी देसूरी, स्थानीय ओमपाल सिंह राणावत ने गणपति वंदना के साथ किया। बालाजी घुमा दे गोटो... ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शनिवार सुबह भव्य शोभायात्रा मढ़ी बालाजी मंदिर से रथ में बिराजे संत देवीदास महाराज घाणेराव के सानिध्य में निकाली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोहरसिंह चौहान, सचिव रमेशदास



वैष्णव सहायक विकास अधिकारी, विश्व हिन्दू परिषद बाली जिलाध्यक्ष वनाराम चौधरी, जिला संगठन मंत्री रतनपुरी गोस्वामी, लालाराम सीरवी गौरक्षक, प्रेमदास वैष्णव, दलपतसिंह राव, खीमराज सुथार, मदनलाल राठौड़, महेश वैष्णव, दिनेश मीणा, अन्नाराम सरगरा, हनीसिंह, गणपत जोशी, हकाराम सुथार, अचलाराम सुथार, कानाराम कोटवाल मौजूद थे। मंच संचालन राजेन्द्रसिंह गहलोत ने किया। इस दौरान भारी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सेवा सप्ताह में जरूरतमंदों को भोजन करवाकर मनाया हनुमान जन्मोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा के जन्म दिवस के पूर्व सेवा सप्ताह के तहत शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में अन्नपूर्णा रसोई में निःशक्तजनों व जरूरतमंदों को भोजन करवाया। ट्रस्ट संरक्षक चंपालाल सोनी ने बताया कि अन्नपुर्णा रसोई में 80 निःशक्तजनों व जरूरतमंदों को दोपहर का भोजन खिलाकर जन्मोत्सव व सेवा सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रियंका मेवाडा, सचिव डॉ. कमलेश कुमार, सहसचिव जानम राजपुरोहित, सदस्य राकेश भाटी, भूमिका राजपुरोहित, ऑपरेटर जितेंद्र कुमार, रसोइया घीसुलाल, लीला, सिमरन, देवाराम, किशन, अन्नपुर्णा रसोई के स्टॉफ का सहयोग रहा।

## पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को शहीद भगत सिंह सेवा समिति द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। मंदिर परिसर के आस-पास परिंडे लगाकर उनमें नियमित पानी भरने का संकल्प लिया। इस मौके पर अध्यक्ष अमृत परिहार, जोपसिंह, कुलदीप सिंह, नरपतजी माली, अशोक भाटी, सुरेश मारु, सुरेश पुजारी, रीकेश पुजारी, सुरेश देवड़ा, रोहित वर्मा, कालुराम मारु उपस्थित रहें।

## राजस्थान राजपूत परिषद के कुम्पावत बने मुम्बई उपाध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** खिंवाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नरपतसिंह कुंपावत राजस्थान राजपूत परिषद मुम्बई के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए गए। कुम्पावत के राजस्थान राजपूत परिषद मुम्बई के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर खिंवाडा व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य कुशालसिंह धनला, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना देसूरी तहसील अध्यक्ष मानवेन्द्रसिंह बागोल, अरावली क्षेत्रीय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार, पनोता ग्राम पंचायत के वार्डपंच महावीरसिंह मेवीं, वि' मसिंह कुम्पावत, मानव कल्याण सेवा संघ ट्रस्ट सचिव नरपतसिंह उदावत, पूर्व उप जिला प्रमुख तेजाराम चौधरी, खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



## दर्शन कर की सुख समृद्धि की कामना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती मेवी कला गांव स्थित मेवीं महादेव मन्दिर प्रांगण में शनिवार को मेंवी महादेव का एक दिवसीय धार्मिक मेला भरा गया। मेले में मेवाड़ व मारवाड़ के हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मेले प्रांगण में लगी दुकानों पर ग्रामीणों ने खरीददारी की। वहीं युवाओं ने झुलों का लुत्फ उठाया। इससे पूर्व गांव में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए मन्दिर प्रांगण पहुंच विसर्जित हुई।



# भजन संध्या के साथ गुप्तेश्वर महादेव मेले का समापन, हजारों भक्तों ने लगाई धोक

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**घाणेराव।** कस्बे में स्थित गुप्तेश्वर महादेव का आयोजित दो दिवसीय मेला शु' वार की रात्रि में भजन संध्या के साथ सम्पन हो गया। इस दौरान हजारो भक्तो ने महादेव के दरबार मे धोक लगाकर परिवार की खुशहाली की गुप्तेश्वर महादेव से कामना की। इससे पूर्व मेले के दूसरे दिन शु' वार की रात्रि 9 बजे भजन संध्या शुरू हुई,जिसमे में भजन गायक धर्मेंद्रसिंह परिहार ने भोले बाबा तेरी जटा अगड बम शिव लहरी वही भजन गायक देवेंद्र प्रजापत मेरा भोला है भंडारी भोले नाथ अमली म्हारो सहित अन्य भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तो को सरोबार कर दिया। वही भोले बाबा के भजनों में कलाकारों की ओर विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की तो वही नृत्यकारो ने शानदार भजनों पर नृत्य कर भक्तो को मनमोह लिया। देर रात तक चली भजन संध्या में उपस्थित भक्तो ने भजनों का आनंद उठाया। वही भजन संध्या में उपस्थत सन्त करुणाकरणदास महाराज व सन्त देवीदास महाराज सहित मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान शिव नवयुवक मंडल की ओर से किया गया। इस दौरान शिव नवयुवक मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल लोहार, सचिव नरपतसिंह मेफावत, कोषाध्यक्ष मफतलाल सोनी, मंडल सदस्य घनश्याम डाबी, प्रभुसिंह परिहार, लक्ष्मीनारायण मेवाडा, गौरीशंकर रामावत, भंवरसिंह परिहार सहित भक्तगण उपस्थित थे। इससे पूर्व शुक्रवार की शाम को हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुप्तेश्वर महादेव दरबार में पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर धोक लगाई।

### महाप्रसादी लाभार्थी परिवार का मण्डल ने किया सम्मान

गुप्तेश्वर महादेव के दो दिवसीय मेले में भक्तो के लिए महाप्रसादी भक्त परिवार की ओर बनाई जाती है। जिसमें प्रथम दिन भक्त परिवार सुकनराज जसराज पारख ओर मेले के दूसरे दिन भक्त परिवार लीला बाई मोहनलाल काठेर की ओर से महाप्रसादी बनाई गई। जिनका मेले के दौरान शिव नवयुवक मंडल की ओर स्वागत सम्मान किया गया।

### तेज हवा और बारिश से भक्त हुए परेशान

गुप्तेश्वर महादेव मेले शुक्रवार की रात्रि में भजन संध्या का भक्त गण आंनद ले रहे थे। करीब 12.30 बजे तेज हवाओं शुरू गई और कुछ समय के बाद बारिश भी शुरू होने से भक्तो में अफरा तफरी मच गई। जिसके चलते उनको परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवाओं के चलने के कारण दुकानदारो को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।

## हरीओम आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 142 लोगों का किया उपचार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी चारभुजा सड़क मार्ग पर स्थित हरिओम आश्रम में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 142 लोगों की जांच कर उपचार किया गया। वहीं 27 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वही शिविर को सफल आयोजन को लेकर आश्रम के ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई। हरिओम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष भारतसिंह राठौड़ ने बताया कि पेसिफिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल उदयपुर ओर आश्रम के तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र रोग, हड्डी रोग, जनरल मेडिशन रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, नाक-कान-गला रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग सहित अन्य बीमारियों को लेकर 142 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरण की गई। चिकित्सा शिविर में सहयोग देने वाले भामाशाहों व चिकित्सा टीम का हरिओम आश्रम ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के भारतसिंह मेड़तिया अध्यक्ष, ज्योतिन्द्र आचार्य उपाध्यक्ष, मोहनसिंह राठौड़, गोरधनसिंह भाटी, प्रहलादसिंह चारण, शांतिलाल लखारा, हरीश भाटी, हेमांग एम भट्ट, दिनेश पानेड़ी, गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, मुन्नालाल लखारा, प्रभुलाल लखारा, भवंरलाल सुथार, भीमसिंह सिसोदिया, अमरसिंह पंवार, मिठालाल सेन उपस्थित थे।



## माता-पिता एवं गुरु से पहचान बनाएं : हीरापुरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** आज मेरी पहचान मेंरे माता-पिता से होती है, लेकिन मै ऐसा बनुंगा जिससें मुझे माता-पिता और गुरूजनो से जाना जाएगा। यह संकल्प संत मनसुख हीरापुरी महाराज ने चैत्र मास की पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती पर हरिओम आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्य' म में पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ आस पास गांवों से पहुंचे विद्यार्थियों को कराया। संत ने कहा कि हनुमान राम के ऐसे भक्त थे, जिन्होनें अपने लिए कभी कुछ नहीं मांगा और राम के आग्रह करने पर कहा कि उन्हें चरणों में स्थान दें। वह राम से कोई अपेक्षा नहीं रखते थे। सभी विद्यार्थियों को हनुमान और राम की तरह बनना चाहिए, दुर्योधन की तरह नहीं। संत ने कहा कि संत व गुरू तो माचिस की तीली की तरह है, जो दिपक (विद्यार्थी) को जला तो सकती है लेकिन स्वयं ज्यादा देर तक जल नहीं सकती और दीपक एक बार जल जाएं और उसमें घी-बती ठीक तरह से चलती रहे तो वह अंत तक जल सकता है।

# केला एक फायदे अनेक

## एनर्जी बूस्टर और पोषक तत्वों का भंडार है केला



### केले की न्यूट्रिशनल वैल्यू

अगर केला पूरी तरह पका हुआ है तो इसमें नेचुरल शुगर की मात्रा ज्यादा होती है। यही नेचुरल शुगर इंस्टेंट एनर्जी देती है। 100 ग्राम केले में लगभग 89 कैलोरी होती हैं। केले में मौजूद नेचुरल शुगर और कार्ब्स शरीर को तुरंत ऊर्जा देते हैं।

अगर आप स्पोर्ट्स के शौकीन हैं तो देखा होगा कि खिलाड़ी एनर्जी के लिए ब्रेक में अक्सर केले खाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि केला सबसे अच्छे एनर्जी बूस्टर में से एक है, यह तुरंत ऊर्जा देता है। स्वाद में मीठा और सेहत के लिए फायदेमंद यह फल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सबकी पसंद है। करीब 10 हजार साल पहले दक्षिण-पूर्व एशिया के जंगलों में सबसे पहली बार केला उगाया गया था। शुरुआत में केले का आकार छोटा था, लेकिन समय के साथ इसकी खेती होने लगी और इसका रूप बदलता चला गया। अब यह दुनिया के सबसे ज्यादा खाए जाने वाले फलों में से एक है। खास बात ये है कि केला मौसमी फल नहीं है, यह पूरे साल उगता है। केला खाने से डाइजेशन बेहतर होता है, यह दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है और वजन कंट्रोल में रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में भी मददगार है।

### केला न्यूट्रिशन से भरपूर सुपरफूड

केला एक लो कैलोरी और हाई न्यूट्रिशन वाला फल है। यह पोटेशियम और फाइबर से भरपूर होता है। अगर किसी को बहुत थकान रहती है या ब्लड प्रेशर लो रहता है तो केला फायदेमंद साबित होगा। अगर मांसपेशियों में कमजोरी महसूस हो रही है तो रोज एक केला खाना चाहिए।

### केले में होते हैं जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स

*केला एक कम्प्लीट एनर्जी फूड है। इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स इसे सुपरफूड बनाते हैं। खासकर पोटेशियम, विटामिन बी 6 और विटामिन सी की भरपूर मात्रा इसे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद बनाती है। केले में मौजूद मिनरल्स ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने, हड्डियों को मजबूत बनाने और एनर्जी बूस्ट करने में मदद करते हैं।*

### केला खाने से सेहत को कई फायदे

केला दुनिया के सबसे बेहतरीन नेचुरल एनर्जी फूड्स में से एक है। यह फाइबर, पोटेशियम और विटामिन बी 6 से भरपूर होता है। यह डाइजेशन, हार्ट हेल्थ और मांसपेशियों की मजबूती के लिए फायदेमंद है। केले में मौजूद नेचुरल शुगर तुरंत एनर्जी देती है और इसे ब्रेकफास्ट में शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।



### सवाल : क्या रोज केला खाना सही है?

**जवाब :** हां, रोज केला खाना सेहत के लिए फायदेमंद है। यह इंस्टेंट एनर्जी देता है और पाचन भी दुरुस्त रखता है। हालांकि, बहुत ज्यादा केले खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है, खासकर डायबिटिक लोगों को इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए।

### सवाल : क्या केला खाने से वजन बढ़ता है?

**जवाब :** हां, अगर बहुत ज्यादा केला खाया जाए तो वजन बढ़ सकता है क्योंकि इसमें नेचुरल शुगर और कैलोरी होती हैं। अगर इसे संतुलित मात्रा में खाया जाए तो यह वेट मैनेजमेंट में भी मदद कर सकता है, क्योंकि इसमें फाइबर भरपूर मात्रा होता है, जिससे भूख कंट्रोल में रहती है।

### सवाल : क्या केले से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है?

**जवाब :** हां, केले में पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह शरीर में सोडियम की मात्रा को बैलेंस करके हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है।

### सवाल : क्या खाली पेट केला खाना सुरक्षित है?

**जवाब :** हां, केला खाली पेट खाया जा सकता है। यह एसिडिटी को कम करने में मदद करता है और पेट को ठंडक पहुंचाता है। जिन्हें डायबिटीज या पेट में गैस की समस्या है, उन्हें खाली पेट केला खाने से बचना चाहिए।

### सवाल : क्या रात में केला खाना ठीक है?

**जवाब :** रात में केला खाने से आमतौर पर कोई नुकसान नहीं होता है, लेकिन आयुर्वेद के अनुसार, इसे रात में खाने से कफ बढ़ सकता है और नींद प्रभावित हो सकती है। इसलिए बेहतर है कि इसे दिन में ही खाया जाए।

### सवाल : क्या केला खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं?

**जवाब :** हां, केले में कैल्शियम और मैग्नीशियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह इस मामले में बेहद फायदेमंद होता है।

### सवाल : केला खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है?

**जवाब :** हां, केले में विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। यह शरीर को संक्रमण और बीमारियों से बचाने में मदद करता है। इससे स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

# आम विटामिन ए और सी से भरपूर



### ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है


आम पोटेशियम का अच्छा स्रोत है, जो शरीर में सोडियम के प्रभाव को संतुलित करता है। इससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम होता है और हार्ट संबंधी परेशानियों से बचाव होता है।

### कैंसर का जोखिम कम करता है

आम में बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में होता है। इनकी मौजूदगी से ही आम का रंग पीला और नारंगी होता है। यह एक पावरफुल एंटीऑक्सिडेंट है, जो शरीर में फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता है। असल में फ्री रेडिकल्स हमारे शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। आम में मौजूद सभी एंटीऑक्सिडेंट शरीर को कैंसर से बचाते हैं।

### हार्ट हेल्थ सुधारता है

आम हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। इसमें मैग्नीशियम और पोटेशियम भरपूर मात्रा में होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखते हैं और दिल की धड़कन को सामान्य बनाए रखते हैं। इसके अलावा आम में मैंगिफेरिन नामक एक खास तत्व पाया जाता है, जो हार्ट का इंफ्लेमेशन कम करने में मदद कर सकता है।



### सवाल : क्या आम खाने से वजन बढ़ता है?

जवाबः नहीं, अगर सही मात्रा में खाया जाए तो वजन नहीं बढ़ता है। हालांकि, यह सच है कि आम में नेचुरल शुगर होता है। इसके साथ फाइबर भी होता है, जो भूख को नियंत्रित करता है। इसलिए अगर सीमित मात्रा में आम खाया जाए तो वजन नहीं बढ़ता है। इससे ऊर्जा मिलती है और पोषण भी मिलता है।

### सवाल : क्या डायबिटिक लोग आम खा सकते हैं?

जवाबः हां, लेकिन सीमित मात्रा में खाना चाहिए। आम का ग्लाइसेमिक इंडेक्स मीडियम होता है, जिससे ब्लड शुगर बहुत तेजी से नहीं बढ़ता है। डायबिटिक लोग डॉक्टर की सलाह लेकर इसे सीमित मात्रा में खा सकते हैं।

### सवाल : दिन में किस समय आम खाना बेहतर है?

जवाबः दोपहर में आम खाना सबसे सही अच्छा है। इस समय मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे शरीर आम में मौजूद शुगर को अच्छी तरह से प्रोसेस कर पाता है।

### सवाल : क्या आम खाने से पिंपल्स होते हैं?

जवाबः आमतौर पर ऐसा नहीं होता है। जिन लोगों की त्वचा ज्यादा संवेदनशील है, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। आम में प्राकृतिक शुगर होती है, जिससे कुछ लोगों की त्वचा में ऑयल बढ़ सकता है। इससे पिंपल्स हो सकते हैं।

**गर्मियों के सुपरफूड की लिस्ट में आम का नाम कैसे छूट सकता है। आम को 'फलों का राजा' कहा जाता है। यह स्वाद के साथ पोषक तत्व से भी भरपूर होता है। आम विटामिन ए और सी का अच्छा स्रोत है। इसमें पर्याप्त फाइबर होता है, जिससे पाचन में मदद मिलती है। आम की खेती भारत में लगभग 5000 साल पहले शुरू हुई थी। संस्कृत में इसे 'आम्र' कहा जाता है। आम्र से ही हिंदी, मराठी, बंगाली, मैथिली में 'आम' शब्द बना है। पुर्तगाली लोग इसे 'मांगा' कहते थे, जिससे यूरोपीय भाषाओं में 'मैंगो' शब्द बना। भारत विश्व में आम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। यहां दुनिया का 41 प्रतिशत आम उगाया जाता है। आम भारत का राष्ट्रीय फल भी है। आम भारतीयों के पसंदीदा फलों में से भी एक है।**

### आम की न्यूट्रिशनल वैल्यू

100 ग्राम आम में लगभग 60 कैलोरी होती हैं। इसका ज्यादातर हिस्सा पानी होता है। इसमें प्रोटीन, कार्ब्स और फाइबर भी होता है। इसमें और कौन से न्यूट्रिशन होते हैं।

### आम सेहत के लिए फायदेमंद

आम खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इससे स्किन हेल्थ में सुधार होता है। इससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। आम खाने से स्ट्रेस कम होता है और डिप्रेशन जैसी स्थिति से उबरने में भी मदद मिलती है। इससे मेंटल हेल्थ में सुधार होता है।

### वजन कंट्रोल करने में मददगार

आम में फाइबर भरपूर होता है, जिससे पाचन में आसानी होती है। फाइबर से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इससे भूख कम लगती है और अनहेल्दी स्नैक्स खाने की आदत पर काबू पाया जा सकता है। यह कम कैलोरी में अधिक पोषण देने वाला फल है, जिससे वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद

आम में विटामिन ए, सी और ई होते हैं, जो स्किन और बालों के लिए बेहद जरूरी हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट त्वचा को सन लाइट और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इन्हें सप्लिमेंट्स के रूप में लेने की बजाय प्राकृतिक रूप से आम के जरिए खाना फायदेमंद है।

### कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करता है

आम में सॉल्यूबल फाइबर होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इससे आर्टरीज में प्लाक जमा नहीं होता है और हार्ट हेल्थ भी अच्छी रहती है।

## गर्मियों के सुपरफूड

# तरबूज में है 91 प्रतिशत पानी



**गर्मियों में गला सूख रहा हो और मीठा-रसीला तरबूज मिल जाए तो क्या ही कहना। आमतौर पर लोग इसे स्वाद और मजे के लिए खाते हैं। जबकि यह सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। लगभग 5 हजार साल पहले अफ्रीका में पहली बार तरबूज उगाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे यह मिस्र और ग्रीस से होते हुए भारत पहुंचा। यहां तक कि मिस्र के पिरामिडों में भी तरबूज के अवशेष मिले हैं। तरबूज का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पानी होता है, जिससे शरीर हाइड्रेटेड बना रहता है। इसलिए तरबूज को गर्मियों का सुपरफूड भी कहते हैं।**

### तरबूज में होते जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स

तरबूज खाने में इतना रसीला होता है कि लोग समझते हैं इसमें सिर्फ पानी है। जबकि, यह कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स का बेहतरीन सोर्स है। इसमें विटामिन सी, विटामिन ए और पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है।

### तरबूज खाने से सेहत को कई फायदे

तरबूज खाने से सेहत को कई फायदे होते हैं। गर्मियों में यह शरीर को टेम्प्रेचर सामान्य रखने में मदद करता है। इससे इम्यूनिटी सुधरती है और स्किन हेल्थ भी इंप्रूव होती है।

### इम्यून सिस्टम मजबूत होता है

तरबूज में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। यह शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद करता है और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी कम कर सकता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

एक मीडियम साइज के तरबूज के टुकड़े में 9-11 प्रतिशत तक विटामिन ए होता है। हमारी आंखों के लिए विटामिन ए बहुत जरूरी है। इसलिए तरबूज खाने से आंखें स्वस्थ रहती हैं और नजर कमजोर होने का खतरा कम होता है।

### शरीर हाइड्रेटेड रहता है

तरबूज में लगभग 91 प्रतिशत तक पानी होता है। तरबूज खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाती है। गर्मियों में शरीर को अपेक्षाकृत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। तरबूज खाने से पानी की ये जरूरत आसानी से पूरी हो सकती है।

## हनुमान जयंती पर जगह-जगह निकली शोभायात्राएं

# मंदिरों में गूंजे बजरंग बली के जयकारे, उमड़े श्रद्धालु

### जन्मोत्सव पर रंग बिरंगी रोशनी से सराबोर रहे हनुमान मंदिर




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिलेभर में शनिवार को हनुमान जयंती का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। मंदिरों को आकर्षक सजाया गया। दिनभर मंदिरों में जयकारे गूंजते रहे। लोगों ने दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। शोभायात्राओं मेंढोल ढमाकों पर श्रद्धालु नाचते-गाते शरीक हुए।

**भीनमाल।** हनुमान जयंती के अवसर पर स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्री बाला हनुमान व शनि महाराज की मूर्ति पुर्नस्थापित और चामुण्डा माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज, हनुमान मंदिर महंत कपिलगिरी व शिष्य मुकेश भारती महाराज गजीपुरा की सान्निध्य और आचार्य यशवंत व्यास के आचार्यत्व में शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर पर दंड ध्वजा व कलश विधि विधान से स्थापित किए गए। मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसके बाद प्रसादी कार्य म का आयोजन भी हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस अवसर पर नाथूसिंह राव, प्रेमराज बोहरा, सुनील जैन, संदीप देसाई, बंशीलाल गुप्ता, लच्छूराम अग्रवाल, जोगाराम देवासी, परबतसिंह राव, सुरेश पारीक, राकेश विश्नोई, चेतन गहलोत, वेलाराम माली, जितेंद्र माली, विक्रमसिंह राव, दिनेश लंगर, अधिवक्ता गोपाललाल नागर, आसुराम माली, गणपतसिंह, संजीव अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, रमेश सोनी, नारायण घांची, मुकेश माहेश्वरी, वि म माहेश्वरी, बाबूलाल सुथार, मोहनलाल बंजारा, लालाराम प्रजापत, ओटाराम मेघवाल, दिनेश भाटी, पारसमल माली, खुशाल प्रजापत, समरथाराम प्रजापत, सूजाराम प्रजापत, आसुराम विश्नोई, गजाराम माली, पारसमल सैन व चेतन माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार स्थानीय फाफरिया हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्य मों का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



### सुंदरकांड पाठ व महा प्रसादी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## मंदिर शिखर पर चढ़ाई ध्वजा, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**जसवंतपुरा।** कस्बे के समीप रेवदर रोड स्थित प्राचीन मोरिवा हनुमान मंदिर में इस बार हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन श्रीराम सेना जसवंतपुरा के तत्वावधान में मंदिर के महंत मोहननाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में दिनभर धार्मिक कार्य मों की श्रंखला चलती रही। सुबह शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल ढमाके के साथ मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण के समय पूरे मंदिर परिसर में 'जय बजरंगबली', 'जय श्रीराम' और 'सियावर रामचंद्र की जय' जैसे गगनभेदी नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। ध्वजारोहण उपरांत चढ़ावा लाभार्थी परिवार की ओर से मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के दौरान भक्त श्रद्धा से भक्ति में लीन दिखे। इसके साथ ही हनुमान जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दोपहर में विशाल महा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ भूमिका निभाई।

हनुमान जन्मोत्सव का यह आयोजन धार्मिक आस्था, लोक परंपरा और समाजिक समरसता का अदभूत संगम बन गया। श्रद्धालु आयोजन से अभिभूत नजर आए और आयोजन किया गया। इसी तरह हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बे के निकटवर्ती सुंधा पर्वत पर स्थित हनुमान मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित दिनेश दवे कारलू ने बताया की हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया एंव मंदिर में पूजा-अर्चना, दीप आरती, रोट भोग लगाया गया इस दौरान श्री बालाजी सुन्दर काण्ड पाठ म्यूजिकल पार्टी भीनमाल की और से सुन्दर काण्ड पाठ का वाचन किया गया तथा यज्ञ में आहुतियां दी गई। भक्तों ने पूजा अर्चना व दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान ट्रस्ट व्यवस्थापक जितेंद्रसिंह राठौड़, आचार्य पंडित दिनेश दवे कारलू, एडवोकेट सुरेश बोहरा, छगनलाल पुरोहित, अर्जुनसिंह सेवाडा, गोपालसिंह देवल, बिजलाराम देवासी, धीरज दवे, खंगाराराम देवासी, अमृत पुरोहित कारलू, भगराज देवासी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का ज्वार, गूंजे जयकारे

### आलासन में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**सायला।** निकटवर्ती आलासन स्थित चमत्कारी प्रकट हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में शनिवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रातः उम्मेदाबाद महंत आशा भारती व आलासन महंत हीरा भारती के सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर सवेरे से ही श्रद्धालुओं का पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रातः 9 बजे तक मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें सबसे आगे लाभार्थी परिवार के सदस्य सुसज्जित अश्वों पर धर्म ध्वजा लेकर बैठे हुए थे। इसके पीछे 108 कलशधारी बालिकाएं पारम्परिक वेशभूषा में सज-धजकर चल रही थी। शोभायात्रा में चांदी के रथ पर हनुमानजी की प्रतिमा विराजमान थी। वही युवा बैण्ड बाजो व डीजे के भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में गेर नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य, बेंड बाजे आदि आकर्षण के केंद्र रहें। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गो व चौहटो से होकर मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। इसके बाद दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पूर्व ट्रस्ट द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को रंगबिरंगे फूलों व रोशनी से सजाया गया था। साथ हनुमान की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया था।

#### हनुमानजी को लगाया चूरमे का भोग

मंदिर में श्रद्धालुओं ने हनुमानजी को प्रसादी व चूरमे का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। वही शाम को पांच हजार दीपकों से मंदिर की भव्य सजावट तथा 108 दीपकों से महाआरती की गई। मेले में हाट बाजार में स्टॉलों से ग्रामीणों ने खरीददारी का लुत्फ उठाया। साथ ही छोटे बच्चे झूलो का आनंद लेते नजर आए। वही महिलाओ ने घरेलू सामान की खरीददारी की।




## भजन संध्या में झूमे श्रोता, राम दरबार झांकी ने किया मंत्रमुग्ध

**श्री ओबली वाले हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित**

**सायला।** शहर के कुम्हारों का वास में संकट मोचन ओबली वाले हनुमान सेवा समिति एवं समस्त किलावत परिवार के तत्वावधान में ओबली वाले हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शनिवार को पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्य मों का आयोजन हुआ। कार्य म के तहत प्रथम दिन शुक्रवार शाम को गणपति पूजन किया गया। साथ ही रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या का आगाज गायक नरपत देवासी बालोतरा ने गणपति वंदना एवं गुरू वंदना से किया। इसके बाद मंगल भवन अमंगल हारी.., राम आएंगे.., कीजो केसरी के लाल.., झूम झूम नाचे देखो भक्त हनुमान.., वीर हनुमाना अति बलवाना... सरीखे से एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही नृत्य कलाकारों ने राम दरबार समेत विभिन्न झांकियों की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। द्वितीय दिन शनिवार को प्रातः हवन का आयोजन हुआ। इसके बाद शुभ मुहुर्त में ढोल ढमाकों के साथ मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्रतिष्ठा कार्य म संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा प्रांगण हनुमानजी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी को प्रसादी का भोग लगाकर शीश नवाया तथा खुशहाली की कामना की। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रभर से बडी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### तीरगर समाज 52 परगना की बैठक आयोजित

## अफीम डोडा का सामाजिक समारोह में बहिष्कार का निर्णय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** तीरगर समाज के राम मंदिर जसोल में समस्त 52 खेड़ा के समस्त पंच पटेल एवं युवाओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सुधार को लेकर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान समाज के सामाजिक समारोह में अफीम डोडा पोस्त को बंद करने का निर्णय लिया गया। 52 परगना के अध्यक्ष रायमलराम तीरगर सरपंच मेडा जागीर ने बताया कि बैठक में समाज सुधार को लकेर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिसमें समाज के प्रत्येक कायक्रम जैसे मृत्यु भोज शादी समारोह ढूंढोत्सव एवं रात्रि जागरण, सगाई एवं कार्य मों में अफीम, डोडा, शराब, बीड़ी सिगरेट पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। मृत्यु भोज में सब्जी रोटी कढ़ी और घी रोटी रहेगी। मृत्यु के तीसरे दिन उड़ामणि दादा परिवार तक सीमित रहेगी, रोटी रहेगी, दूल्हे राजा दाढ़ी रखकर शादी में नहीं आएंगे। विवाह में ओढ़मनी सगी बहन एवं ननिहाल पक्ष ही लेकर आएंगे बाकी जन रोकड़ रुपए दे सकेंगे। सामाजिक कार्य म में समाज जनों का वीडियो एवं वॉइस रिकॉर्ड नहीं किया जाएगा। राम मंदिर पर रामनवमी पर हर वर्ष शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिस पर सहमति जताते हुए पूर्ण पालन करने की शपथ ली।

## हनुमान मंदिर में चोरी का खुलासा, आरोपी से दान पात्र और 9560 रुपए बरामद


जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** क्षेत्र के पुर स्थित हनुमान मंदिर से हुई चोरी का मामला पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर आरोपी रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया दान पात्र और उसमें रखे 9560 रुपए बरामद किए गए। मंदिर की चोरी की वारदात को लेकर सुरेश कुमार ने 11 अप्रेल को थाने में रिपोर्ट दी थी। जिस पर पुलिस ने सांचौर एडिशनल एसपी आवड़दान रतनू और प्रशिक्षक आइपीएस कांबले शरण गोपीनाथ के मार्गदर्शन में जांच शुरू की। जांच में थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह की अगुवाई में टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी मदद से रमेशकुमार की ओर से वारदात को अंजाम देना सामने आया। इस पर आरोपी को दस्तियाब कर पूछताछ की गई। इस पर आरोपी ने चोरी करना कबूल कर लिया। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मोहनलाल, पारसाराम, कांस्टेबल मांगीलाल, गोआराम, दीपाराम, विमलसिंह और चालक कांस्टेबल शिवकरण की अहम भूमिका रही।

## गोलासन हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का ज्वार

**सांचौर।** शहर में हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खासतौर पर गोलासन स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अल सुबह से ही भक्तजन मंदिर परिसर में जुटने लगे थे, जो दिनभर बढ़ती ही रही, सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ ही जय श्रीराम और बजरंग बली की जयकारों से वातावरण गूंज उठा, दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने पुख्ता इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें हज़ारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर में हवन, सुंदरकांड पाठ, और भजन संध्या जैसे धार्मिक आयोजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी।



**उधर** लियादरा गांव में हनुमान जयंती के अवसर रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार सवेरे 120 शब्दों का पर्यावरण शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणजनों व श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहूतियां दी। इस दौरान पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, हुकमाराम लोहमरोड, अमराराम, पेमाराम, पुनमाराम, जयंती विश्नोई सहित कई भक्तगण मौजूद थे।



## भगवान श्रीराम की मूर्ति का अनावरण आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** मांडोली कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर प्रभु राम की छह फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण रविवार सुबह 9 बजे किया जाएगा। हनुमान सेवा समिति के सदस्य राजेंद्रसिंह ने बताया कि अयोध्या में प्रभु राम मंदिर की प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 के दिन मांडोली में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस धार्मिक कार्यक्रम की सफलता को देखकर और इस दिन को यादगार बनाने के लिए उसी दिन गांव के युवाओं की बनी हनुमान सेवा समिति ने गांव के मुख्य बस स्टैण्ड पर प्रभु राम की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय लिया और उक्त जगह चिह्नित की थी। उसी स्थान पर प्रभु राम की प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर साधु संतों के सानिध्य में विधिवत अनावरण किया जाएगा। आयोजन में सैंकड़ों की संख्या में राम भक्त, हनुमान सेवा समिति के कार्यकर्ता एवं समस्त ग्रामवासी भाग लेंगे।



### विप्र फाउंडेशन ब्लॉक बैठक आयोजित

## कोषाध्यक्ष व सह कोषाध्यक्ष नियुक्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** शहर के खेतेश्वर पंचधाम मंदिर पर शनिवार को विप्र फाउंडेशन ब्लॉक सायला की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित आलासन, जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित व ब्लॉक अध्यक्ष सांवलाराम दादाल की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें कालूसिंह राजपुरोहित को ब्लॉक कोषाध्यक्ष एवं नरपतसिंह राजपुरोहित रेवतड़ा को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान जिलामंत्री शैतानसिंह मेंगलवा, उपाध्यक्ष मुकेश वैष्णव, महामंत्री जबरसिंह चौराऊ, मंत्री बलवन्तराज आसाणा, मंत्री ओखसिंह वालेरा, प्रवक्ता खीमसिंह, सह प्रभारी भोपसिंह उंदेश, पंचधाम उपाध्यक्ष दसाराम पांथेड़ी, खेतेश्वर गुरुकुल अध्यक्ष जेताराम बावतरा, भंवरलाल चौराऊ, भबूतसिंह सायला, हड़मताराम चौराऊ समेत विप्र समाजबंधु मौजूद रहे।

## स्वस्थ जीवनशैली के बारे में दी जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** शहर में सन टू ह्यूमन की ओर से आयोजित शिविर में दूसरे दिन लोगों ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र सीखे। योग प्रशिक्षक परम आकाश ने बताया कि भोजन को हम बहुत हल्के में ले लेते हैं और उसे ग्रहण करने के नियमों को जाने बिना ही जीवन व्यतीत हो जाता है, जिससे शारीरिक बीमारियां आती है। साधक डॉ रवि किरण ने प्राकृतिक चिकित्सा और आहार की जानकारी दी।

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कांग्रेस के पुन निर्मित कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन का लोकार्पण एवं जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं सम्मेलन तैयारियों को लेकर विभिन्न ब्लॉक एवं मंडलों की बैठकों का दौर जारी है।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल को होने जा रहे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, सरोज चौधरी, रमिला मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत, भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबराम मीणा अपने सम्बंधित ब्लॉकों में जाकर मंडल एवं बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को न्यौता देने में जुटे है। कुम्पावत ने बताया कि जालोर, आहोर, सायला बागरा, जीवाणा, हरजी, बिशनगढ़, भाद्राजून, रामा, भोरड़ा, बाला, मोतीसरी, भंवरानी, निम्बला, बांकली, कानीवाड़ा, भागली, ऊण, सियाणा, रायपुरिया, बिबलसर, आकोली में बैठक करके कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निमंत्रण दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाद्राजून कालूराम मेघवाल, मंडल अध्यक्ष भोरड़ा छोगाराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष सियाणा युद्धवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष बागरा शंकरलाल अग्रवाल, बालूसिंह राजपुरोहित, रूपाराम मेघवाल, अल्लाह बख्श खत्री, शाकिर अली, मांगीलाल, मकराराम, भूराराम, खुशालाराम सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव

# पाल बालाजी को लगाया 25 क्विंटल लड्डुओं का भोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के सबसे पुराने मंदिरों में से एक पाल बालाजी मंदिर, जहां 180 साल पहले दक्षिण मुखी हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना की गई। हनुमानजी के जन्मोत्सव के अवसर पर दर्शन करना श्रद्धालु अपना सौभाग्य मानते हैं। मंदिर के महंत रामेश्वरदास वैष्णव ने बताया- पाल बालाजी मंदिर जोधपुर ही नहीं देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हनुमान जन्मोत्सव पर इस बार 50 से अधिक सवा मणि का भोग लगाया जा रहा है और शाम तक यह आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिसर में छाया-पानी का इंतजाम किया गया है और आने वाले श्रद्धालु महाप्रसादी भी ग्रहण कर रहे हैं। मंदिर में फूलमंडली सजाई गई है और सुबह सुंदरकांड का पाठ किया गया। दोपहर बाद यहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। महंत वैष्णव बताया कि इस पुराने मंदिर की शुरुआत उनके पूर्वज महंत कुशालदासजी ने की थी। उनके बाद महंत रामनारायणजी, महंत देवादास, महंत चुन्नीलालजी और वर्तमान में पांचवीं पीढ़ी के रूप में से स्वयं तथा छठी पीढ़ी में पुजारी किशन वैष्णव सेवा कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी किशन वैष्णव ने बताया पाल गांव में स्थित हनुमान मंदिर, जिसे पूरे देश में पाल बालाजी मंदिर से जाना जाता है। लाखों श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा कर मन्नत मांगने वालों की पुकार बालाजी महाराज अवश्य पूरी करते हैं।



**बालाजी की मूर्ति साल 1898 से स्थापित**

जोधपुर शहर से पाल बालाजी मंदिर की दूरी तकरीबन आठ किमी है, जो मुख्य जोधपुर-बालोतरा हाई-वे पर स्थित है। यहां बालाजी महाराज की 4'3" फीट की दक्षिण मुखी मूर्ति साल 1898 के आसपास स्थापित की गई थी। यहां श्रद्धालुओं के लिए सवा मणि की प्रसादी कराने के लिए भी मंदिर प्रबंधन की ओर से तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

# हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

▶▶ सभी समाजबंधुओं ने की फूलों की वर्षा

**जैसलमेर।** जैसलमेर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। जैसलमेर शहर सहित ग्रामीण इलाकों के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। वहीं हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में उत्साह व उल्लास से परिपूर्ण भक्तों का हुजूम उमड़ा। अपने इष्ट के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए शहर के कोने-कोने से लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। वहीं शहर में हर समाज के लोगों ने फूलों की बरसात कर शोभायात्रा का स्वागत किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार सुबह 9.30 बजे गडीसर चौराहे से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में सजे-धजे ऊंट, घोड़े, पारंपरिक पोशाक पहने मंगल कलश धारण किए बालिकाएं, विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां व हनुमान स्वरूप में तैयार हुए बच्चे भी शामिल रहे। शोभायात्रा गडीसर चौराहे से शुरू होकर गुलासतला रोड, आसनी रोड, गोपा चौक, सदर बाजार, गांधी चौक से होकर हनुमान चौराहे होती हुई गजटेड हनुमान मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। गजटेड हनुमान मंदिर के पुजारी किशनलाल शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर हनुमान जी की विशेष आरती पूजा की गई।



# पचास हजार का इनामी मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोनर सेल ने ऑपरेशन रेड प्रेयरी चलाते हुए मादक पदार्थ तस्करी के 50 हजार के इनामी सूत्रधार भजनलाल और पैरोल से फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपने एक साथी के साथ नाथद्वारा की होटल कमल में ठहरा हुआ था। रेंज आईजी विकास कुमार ने मामले को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि टीम ने भजनलाल पुत्र नारायण राम विश्नोई निवासी बाचला पुलिस थाना धोरीमना जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया। आरोपी मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहा था और उसके खिलाफ 50000 का इनाम भी घोषित था। आरोपी पिछले डेढ़ वर्षों से फरार था। भजनलाल के खिलाफ राजस्थान के चार जिलों में आठ मामले दर्ज हैं। जबकि उसके साथ रुपाराम पुत्र किशना राम बिश्नोई निवासी भवानीपुर चालकना पुलिस थाना सेड़वा जिला बाड़मेर को भी गिरफ्तार किया गया। रुपाराम पर मध्य प्रदेश गुजरात और राजस्थान में मादक पदार्थ तस्करी से लेकर विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। रुपाराम मध्य प्रदेश की जेल से पेरोल पर फरार चल रहा था। उसके खिलाफ गुजरात के दो मामले में चार वर्षों से फरार था। गिरफ्तार भजनलाल सप्ताह में एक बार यात्रा कर मध्य प्रदेश चित्तौड़ और राजस्थान में छोटे वाहनों में तीन से चार क्विंटल डोडा लाया करता था। पिछले एक साल में करीब डेढ़ सौ क्विंटल से अधिक डोडा राजस्थान के मारवाड़ के इलाकों में सप्लाई कर चुका था। पिछले 10 वर्षों से भजनलाल मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में शामिल था। प्रत्येक चक्कर पर भजनलाल को दो से ढाई लाख रुपए का मुनाफा होता था और इस तरह से सालाना एक से डेढ़ करोड़ रुपए की कमाई करता था। मादक पदार्थ तस्कर भजनलाल यात्रा में जाते समय सांवरिया सेठ को और वापसी में नाथद्वारा में दर्शन करके निकलता था। आरोपी को साइक्लोनर सेल ने उसके एक करीबी से मिले सुराग के जरिए नाथद्वारा की होटल से गिरफ्तार किया। उसके साथ उसके साथी रुपाराम को भी पकड़ा गया। भजनलाल ने पूर्व में नशा तस्कर वीरताराम सियोल के साथ मिलकर मादक पदार्थ तस्करी का काम शुरू किया था।

# तापमान पहुंचा 41 डिग्री, दो दिन बाद फिर बढ़ेगी गर्मी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पिछले पांच दिनों से चल रही हीटवेव से शुक्रवार को राहत मिली। प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार रात से तेज हवाएं चलने लगी। ग्रामीण इलाकों में हल्की धूलभरी आंधी चली। शुक्रवार को भी दिन भर हवाओं का दौर जारी रहा। हालांकि दोपहर में तपती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं दिन ढलने के बाद फिर से हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। छह दिन बाद पारा भी 41 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 14 व 15 अप्रैल को जिले में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तापमान में भी तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी होगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि हीटवेव के प्रभाव से तापमान फिर से 45 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। साथ ही गर्मी का असर भी ओर तेज होगा। था। मौसम विभाग ने मेघगर्जन, वज्रपात, झोंकेदार 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई थी।



**पारे में एक डिग्री की गिरावट**

जैसलमेर में शुक्रवार को दिन के पारे में एक डिग्री की गिरावट हुई। वहीं रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 18 डिग्री का अंतर रहा। दरअसल, प्रदेश में 10 व 11 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। जिसके असर से प्रदेश के कई जिलों में बारिश व तेज रफ्तार धूलभरी आंधियां चली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जारी किए मौसम पूर्वानुमान में जैसलमेर जिले में शुक्रवार को मौसम का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

**सोमवार से हीटवेव की चेतावनी**

जिले में शनिवार व रविवार को मौसम साफ रहेगा। दो दिन किसी प्रकार की चेतावनी नहीं है। उसके बाद सप्ताह की शुरुआत में सोमवार से ही हीटवेव का असर फिर से देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 14 व 15 अप्रैल को जिले में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तापमान में भी तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी होगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि हीटवेव के प्रभाव से तापमान फिर से 45 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। साथ ही गर्मी का असर भी ओर तेज होगा।

## डिस्कॉम के स्टोर से तांबा चुराने वाला गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर की कोतवाली पुलिस ने बिजलीघर स्टोर से हुई तांबे की चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीनाराम मेघवाल निवासी बडोड़ा गांव, को करीब एक महीने बाद चोरी के मामले में पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया है। अब दीनाराम से चोरी के मामले में शामिल अन्य चोरों के बारे में पड़ताल की जा रही है। साथ ही चोरी हुए माल के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रेम दान रतनू ने बताया कि 17 मार्च कोतवाली थाने में बिजली घर के स्टोर में चोरी की शिकायत आई। विद्युत निगम के स्टोर प्रभारी साजन खान ने रिपोर्ट देकर बताया कि रामगढ़ रोड स्थित बिजलीघर के स्टोर में 13 मार्च की रात चोरों ने घुसकर ट्रांसफॉर्मर तोड़ दिए और उनमें से तांबा व अन्य सामग्री चोरी कर ली। इस रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थानाधिकारी प्रेमदान के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी मदद और अन्य सबूतों के आधार पर आरोपी को पकड़ा।

# जैसलमेर में AI तकनीक से पैदा हुआ गोडावण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** के. सुदासरी गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (एआई) या कृत्रिम गर्भाधान से शुक्रवार को गोडावण के बच्चा पैदा हुआ। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि 16 मार्च को कृत्रिम गर्भाधान के बाद, राजस्थान के संरक्षण प्रजनन केंद्र में मादा टोनी द्वारा दिए गए अंडे से सीजन का आठवां ग्रेट इंडियन बस्टर्ड चूजा निकला, जो प्रोजेक्ट जीआईबी के लिए दूसरी कृत्रिम गर्भाधान सफलता को चिह्नित करता है। अब गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में संख्या बढ़कर 52 हो चुकी है, जो किए जा रहे प्रयासों में एक सुखद संकेत है।



**▶▶ आठ महीने तक मेल गोडावण को दी ट्रेनिंग**

इससे पहले जन्मे गोडावण के लिए रामदेवरा गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में स्थित सुदा नामक मेल गोडावण को कृत्रिम मेटिंग के लिए ट्रेनिंग दी गई थी। उसके स्पर्म इकट्ठे किए गए थे। स्पर्म को सुदासरी स्थित ब्रीडिंग सेंटर ले जाया गया था जहां 20 सितंबर 2024 को टोनी नामक मादा गोडावण को कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया। जिसके बाद एक गोडावण का जन्म हुआ था। अब शुक्रवार को इसी पद्धति से एक और गोडावण का जन्म होने से खुशी की लहर है। आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (एआई) पद्धति डीएफओ गुप्ता ने बताया कि इस पद्धति को आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (एआई) कहा जाता है।

# बालोतरा में किसान की ढाणी में लगी भीषण आग



▶▶ गेहूं-बाजरा समेत गहने और नकदी जलकर राख

**बालोतरा।** बालोतरा जिले के पादरू क्षेत्र स्थित खूबोनिया वाले वेरा में शनिवार को एक बड़ी आग की घटना सामने आई। एक कृषि बेरे में अज्ञात कारणों से लगी आग ने भारी तबाही मचाई। आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते एक रहवासी ढाणी को अपनी चपेट में ले लिया। ढाणी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसमें गेहूं और बाजरा जैसा अनाज, गहने तथा नकद राशि शामिल थी। आग की भयंकर लपटों ने आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने पानी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से आग को और फैलने से रोका जा सका। इससे अधिक नुकसान होने से बच गया। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# बाड़मेर-इरोड स्पेशल ट्रेन की शुरुआत

**बालोतरा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के प्रयासों से बाड़मेर से तमिलनाडु के इरोड तक स्पेशल ट्रेन की शुरुआत हुई। यह ट्रेन यात्रियों और व्यापारियों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आई है। बालोतरा स्टेशन पर ट्रेन का विशेष स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पायलट और लोको पायलट को पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनाया। उन्हें माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस ट्रेन से दक्षिण भारत के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे।



यह क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगी। व्यापारी लंबे समय से इस ट्रेन की मांग कर रहे थे।

## व्यापार जगत

# आईपीओ बाजार में एक और कंपनी का प्रवेश

▶▶ बाजार के नए माहौल में बोर्ड ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अगर आप आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में निवेश कर कमाई की चाहत रखते हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, एक और कंपनी का आईपीओ लॉन्च होने वाला है। यह आईपीओ होम सर्विसेज स्टार्टअप अर्बन कंपनी का है। कंपनी को आईपीओ के जरिए 528 करोड़ रुपए (लगभग 60 मिलियन डॉलर) की नई पूंजी जुटाने के लिए अपने निदेशक मंडल से मंजूरी मिल गई है। अब कंपनी जल्द ही बाजार नियामक सेबी के साथ अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल करने वाली है। इस साल के शुरुआती दिनों में एक्सेल समर्थित इस कंपनी ने संभावित 3,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, इसका मौजूदा बाजार के नए माहौल में बोर्ड ने दी मंजूरी।




**▶▶ बाजार के नए माहौल में बोर्ड ने दी मंजूरी**

लक्ष्य आकार 80 प्रतिशत से भी कम है। अब मनीकंट्रोल के सूत्र बताते हैं कि अस्थिर बाजार स्थितियों के कारण आईपीओ का आकार घटा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आईपीओ के प्रबंधन के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली का चयन किया गया है।

**बाजार के माहौल ने बढ़ाई टेंशन**

बता दें कि साल 2024 में 13 स्टार्टअप की लिस्टिंग हुई। 2025 में यह संख्या काफी बढ़ने की उम्मीद थी। इस साल 25 से अधिक स्टार्टअप आईपीओ के लिए कतार में थे।

हालांकि, अमेरिकी टैरिफ युद्ध के कारण अस्थिर बाजार की स्थिति ने मिजाज बदला है। अब कई कंपनियां लिस्टिंग योजनाओं का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए मजबूर हो सकती हैं। अर्बन कंपनी ने 12 राउंड में 376 मिलियन डॉलर तक की फंडिंग जुटाई है।

# अगले सप्ताह दो दिन शेयर बाजार में नहीं होगी ट्रेडिंग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बीते सप्ताह के दौरान अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर की वजह से भारतीय शेयर बाजार में तेज हलचल थी। अब नए हफ्ते में बाजार का क्या रुख होगा, यह देखना अहम है। हालांकि, अगले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार में ट्रेडिंग-डे की संख्या कम होगी। अगले सप्ताह दो दिन शेयर बाजार की छुट्टियां होंगी। बीएसई और एनएसई की वेबसाइट पर शेयर बाजार की छुट्टियों की 2025 सूची के अनुसार, सोमवार और शुक्रवार को बीएसई और एनएसई में कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं होगी। सोमवार को डा. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर शेयर बाजार में बंद रहेंगे। इसी तरह, गुड फ्राइडे के कारण अगले सप्ताह शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। एनएसई और बीएसई पर सोमवार और शुक्रवार को व्यापारिक गतिविधियां निलंबित रहेंगी। कमोडिटी और करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रेडिंग भी सोमवार, 14 अप्रैल और शुक्रवार, 18 अप्रैल को निलंबित रहेगी। इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) सेगमेंट में ट्रेडिंग ठप रहेगी। 2025 में शेयर बाजार की छुट्टियों की सूची के अनुसार 14 कारोबारी छुट्टियां होंगी। इन 14 शेयर बाजार छुट्टियों में से आखिरी कारोबारी छुट्टी 10 अप्रैल को महावीर जयंती के लिए पड़ी। 14 अप्रैल के बाद चालू वर्ष में नौ और शेयर बाजार की छुट्टियां रहेंगी।



**ये भी हैं छुट्टियां**

1 मई महाराष्ट्र दिवस
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
27 अगस्त गणेश चतुर्थी
2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती
21 अक्टूबर दिवाली/लक्ष्मी पूजन
22 अक्टूबर दिवाली बलिप्रतिपदा
5 नवंबर प्रकाश गुरुपर्व श्री गुरु नानक देव जयंती

## मार्च में 51 लाख अकाउंट ने नहीं किया एसआईपी

**मुंबई।** शेयर बाजार की अस्थिरता के बीच एसआईपी को लेकर बड़ा डाटा सामने आई है। AMFI की रिपोर्ट के अनुसार मार्च के महीने में कुल 25,926 करोड़ रुपए एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में निवेश किए गए हैं। यह चार महीने का सबसे न्यूनतम स्तर है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि शेयर मार्केट में एक बार फिर से रिकवरी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुए थे। इससे पहले फरवरी के महीने में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपए म्यूचुअल फंड्स में निवेश किए गए थे। यह ऐसा दौर था जब शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही थी। AMFI के डाटा के अनुसार मार्च के महीने में 51 लाख एसआईपी अकाउंट बंद हुए हैं। वहीं, 40 लाख नए एसआईपी अकाउंट खोले गए हैं। जोकि दर्शाता है कि एसआईपी स्टॉपेज अकाउंट रेशियो बीते एक साल के दौरान बढ़ा है। फरवरी के महीने में एसआईपीओ स्टॉपेज रेशियो 122 प्रतिशत रहा। मार्च के महीने में यह 128.75 प्रतिशत पहुंच गया। यह दर्शाता है कि पुराने एसआईपीओ या तो बंद हो रहे हैं या फिर उनका समय पूरा हो रहा है। उसकी तुलना में नए एसआईपी धीरे ओपन हो रहे हैं। AMFI के आंकड़ों के अनुसार 8.11 करोड़ एसआईपी अकाउंट थे। इसी साल फरवरी के महीने में यह आंकड़ा 8.26 प्रतिशत था। जनवरी के महीने में 8.34 करोड़ एसआईपी अकाउंट थे। बता दें, मार्च तक एसआईपी के जरिए कुल 13.35 लाख करोड़ रुपए के एसेट मैनेज किए जा रहे थे। कुछ सालों के दौरान एसआईपी निवेशकों को खूब पसंद आ रहा था। जहां फरवरी 2020 में एसआईपी के जरिए 8513 करोड़ रुपए का निवेश देखने को मिल रहा था। तो वहीं, फरवरी में यह आंकड़ा 26,000 करोड़ रुपए पहुंच गया।



## मोदी सरकार दे रही 20 लाख रुपए तक का लोन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की कई योजनाएं हैं जिसके जरिए लोगों को कारोबार करने के लिए फंड का इंतजाम हो जाता है। इनमें से एक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना भी है। इस योजना के तहत लोगों को कारोबार करने के लिए 20 लाख रुपए तक का लोन मिल जाएगा। ये लोन बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी), एमएफआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन अब चार कैटेगरी में मिलते हैं। ये चार कैटेगरी- शिशु, किशोर, तरुण और नई जोड़ी गई कैटेगरी तरुण प्लस है। शिशु कैटेगरी के तहत 50,000/- रु तक के लोन दिए जाते हैं। किशोर कैटेगरी के लिए 50,000/- रु से अधिक और पांच लाख रुपए तक के लोन दिए जाते हैं। तरुण कैटेगरी में पांच लाख से अधिक और 10 लाख तक के ऋण दिए जाते हैं। इसके अलावा तरुण प्लस कैटेगरी के तहत 10 लाख से 20 लाख रुपए तक के लोन प्रदान किए जाते हैं। ये लोन विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में सावधिक फंडिंग और वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करते हैं, जिसमें मुर्गीपालन, डेयरी और मधुमक्खीपालन आदि जैसी कृषि से संबंधित गतिविधियां शामिल हैं। ब्याज दर रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों से नियंत्रित होती है, जिसमें वर्किंग कैपिटल सुविधाओं के लिए लचीली री-पेमेंट शर्तें शामिल हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में पिछले 10 वर्ष के दौरान 52.37 करोड़ खातों के माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुद्रा लोन दिए गए है। शिशु कैटेगरी के अंतर्गत कुल 8.49 लाख करोड़ रुपए, किशोर कैटेगरी के अंतर्गत 4.90 लाख करोड़ तथा तरुण कैटेगरी के अंतर्गत 0.85 लाख करोड़ रुपए ऋण वितरित किए गए।



## आप का राशिफल 13 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

# बजरंग बली के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, मंदिरों में लगी कतार

» हनुमान जयंती पर जगह-जगह निकली शोभायात्राएं

» जन्मोत्सव पर रंग बिरंगी रोशनी से सजे हनुमान मंदिर

» जगह-जगह हुए भजन कार्यक्रम, भजनों में बयां की रामभक्त हनुमान की महिमा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** मंदिरों में गूंजते रामभक्त हनुमान के जयकारे। दर्शन को आतुर कतारबद्ध श्रद्धालु। कमोबेश ऐसा ही नजारा था हनुमान जयंती के मौके पर जिलेभर में स्थित हनुमान मंदिरों का। श्रद्धालु हनुमानजी के भक्ति में खोए नजर आए। जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ था। मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी, फूल मालाओं एवं अन्य सामान से आकर्षक सजाया गया। दिनभर मंदिरों में जयकारे गूंजते रहे। लोगों ने आराध्य के दर्शन पूजन कर अपने, परिवार व समग्र राष्ट्र की सुख समृद्धि की कामना की। कई जगह यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। भजन कार्यक्रम हुए। शोभायात्राएं निकाली गई। बैंड बाजों से उठती सुर लहरियों व ढोल ढमाकों पर श्रद्धालु हाथों में पताका लहराते नाचते गाते चले रहे थे। कुल जमा हर ओर उल्लास का आलम था। हनुमान मंदिरों पर मेले जैसा माहोल नजर आया। कई जगह महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ।



**सरूपगंज।** कस्बे समेत क्षेत्र में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समीपवर्ती पिपेला जोडफली स्थित चुनानिया हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को रेशमदास महाराज की प्रेरणा व धीरू महाराज के सानिध्य में भव्य मेले का आयोजन किया। दिनभर श्रद्धालुओं का आराध्य के दर्शनार्थ तांता लगा रहा। अभिजीत मूर्हत में ध्वजारोहण कर महाआरती के बाद प्रसादी का भोग लगाया गया। किशोर पालीवाल व शंकर चौधरी द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। उधर रोहिड़ा के संकट मोचन हनुमान मंदिर में अध्यक्ष देवदत्त दवे के सानिध्य में पूजा अर्चना के साथ सुंदरकांड पाठ किया गया। महाप्रसादी वितरण की गई। धनारी जालोकरा हनुमान मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर हनुमान मंदिर, भावरी रोड स्थित चुननिया हनुमान सहित आसपास के सभी गांवों में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया एवं भजन कीर्तन का आयोजन हुआ।

**पिण्डवाड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव पर माधव विश्वविद्यालय के मंदिर परिसर में शनिवार को एक भव्य कार्य' म के साथ संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के साहित्यिक अनुष्ठान के अधिष्ठाता प्रो. महेंद्रसिंह परमार एवं विधि विभाग के अधिष्ठाता प्रो. डी.के उपाध्याय ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला पाठ किया। इस मौके पर मौजूद सभी सहयोगियों ने भी मिलकर सुंदर कांड पाठ का वाचन किया। सुंदर कांड के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के सैंकड़ों शिष्यों और अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्य' म के दौरान जय श्रीराम व पवनसुत हनुमान की जय के जयघोष गूंजते रहे। कार्य' म में न केवल भक्तिभाव से सभी ने मन मोहा, बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी हुआ। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. प्रिंस ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष कार्य' म आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चांसलर देवल, स्ट्रेटिक्स के डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथिक एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज के निदेशक डॉ. भारती, प्रमुख स्टेट इंजीनियर महेंद्रसिंह गुर्जर, डूंगरसिंह, पीआइएल दास, विधि के छात्र वि' म दीक्षित, प्रशिक्षु सदस्य, विश्वविद्यालय के कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने अपनी महत्वपूण्र भूमिका निभाई।



**कालन्द्री।** हड़मतिया हनुमान मंदिर के 41वां वार्षिकोत्सव व हनुमान जंयती महोत्सव महंत प्रकाशगिरी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने बालाजी के दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। भक्ति संध्या के साथ महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर को फूल मालाओ से सजाया गया। शु' वार रात्रि भजन कार्यक्रम हुआ जिसमें भावना जैन जोधपुर, श्याम सुथार पाली व मोहनदास एंड पार्टी कालन्द्री द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी गई। महाप्रसादी के लाभार्थी आर प्रवीण एंड कम्पनी अहमदाबाद के दिनेश प्रजापत कालन्द्री, महेश प्रजापत नवारा, नारायणलाल प्रजापत ऊड, सुरेश प्रजापत बावली, शिवलाल प्रजापत कालन्द्री का माला साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। समारोह में सांसद लुंबाराम चौधरी, गुरूदेव गोपालगिरी महाराज की मूर्ति स्थापना के लाभार्थी अजीतसिंह राजगुरू परिवार पाली, विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष टाइगर अशोक राजपुरोहित, अमर ध्वजा के लाभार्थी मोतीसिंह परमार कालन्द्री आदि का अतिथ्य रहा। भामाशाह और अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर में दर्शन के लिए भक्तो की कतार लगी रही। दिनभर भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। भक्त भाव विभोर होकर झूमते रहे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए महंत प्रकाशगिरी महाराज ने भामाशाहों, दानदाताओं, लाभार्थी परिवार, व्यापार संघ एवं कस्बे के लोगों आदि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देवाराम घांची, शंकरलाल घांची, शंकर घांची, नारायण प्रजापत, नेनाराम प्रजापत, कमलेश पुरोहित, जीतु घांची, जीतु नवारा, बहादूरसिंह, दिलीप नागर आदि मौजूद रहे।



**आबूरोड।** मानपुर बड़े पुल के समीप हनुमान मंदिर में शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दिन भर मंदिर में संगट मोचन के दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। श्रद्धुलओं ने मारूति नंदन के दर्शन का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर की आकर्षक सजावट देखते ही बनती थी।जैस-जैसे दिन चढ़ता गया। वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की तादात बढ़ती चली गई। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की रैलमपेल बनी रही। शाम को आयोजित मेले में शहर व आसपास के ग्रामीण अंचल किंवरली, मूंगथला, मानपुर, आकराभट्टा, तरतोली, आदि स्थानों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देर शाम तक मेला शौरगुल से गुलजार रहा। मेलार्थियों ने खानपान के साथ विभिन्न प्रकार के झूलों का लुत्फ उठाया। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मंगलकामनाएं की। प्रसादी ग्रहण की। खान-पान की स्टॉलों पर भीड़ उमड़ी रही। विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसी तरह चंद्रावती हनुमान मंदिर में सुबह से ही महावीर के भक्तों की रैलमपेल बनी रही। श्रद्धालुओं की ओर से राम भक्त बजरंगबली को भोग लगाया गया। प्रसादी ग्रहण की। गांधीनगर चौरहा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। दिनभर धार्मिक अनुष्ठान हुए। मंदिर पर आकर्षक तरीके से सजावट की गई। सुबह बजंरगबली की विशेष पूजा अर्चना की गई। 250 किलो लापसी का भोग लगाया जागया। अन्नकूट व लापसी की प्रसादी का वितरण किया गया। भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। व्यवस्थापक जितेंद्र परिहार ने बताया कि भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर जितेंन्द्र परिहार, सोहनसिंह, हनुमानसिंह, राजेंद्रसिंह झाला, आनंद बंजारा, अनिल बैरवा, बंशीलाल बंजारा, छोगालाल बंजारा, मुकेश राठवा, कमल किशोर बैरवा, मोहनलाल प्रजापत व मंगललाल सैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माधव विवि में देवनारायण महागाथा का विमोचन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधवी विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के हिंदी विभाग की डॉ. रेणुका द्वारा रचित पुस्तक देवनारायण महागाथा-वैज्ञानिक और सांस्कृतिक अध्ययन पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के डॉ. राजकुमार और डॉ भावेश कुमावत ने किया। इस अवसर पर एलेक्जेंड्रा प्रशासन डॉ. महेंद्रसिंह की उपस्थिति रही। पुस्तक में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को एक महत्वपूर्ण ग्रंथ समर्पित बताया गया। कार्य' म में डॉ. मुजालदा, डॉ. जपेश्वरी असरसा, डॉ. अमृतलाल जिंगल, डॉ. रुचि ठाकर, डॉ. प्रियंक सिंह, डॉ. हीरेन चौधरी एवं डॉ. मोहर्रम सहित एसोसिएटेड लिस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. रेणुका को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. रेणुका ने कहा कि इस पुस्तक में केवल अध्ययन मात्र नहीं बल्कि लोकजीवन की आत्मा को समझाने का प्रयास है। उन्होंने यह कृति देवता देवनारायण की गाथा के माध्यम से समाज और संस्कृति के अंत:संबंधों को जोड़ने के उद्देश्य से लिखी है।

## वीर योद्धा व महान विजेता थे महाराणा सांगा : राठौड़



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** क्षत्रिय राजपूत कल्याणकारी संस्थान सिरोही सभा भवन में महाराणा सांगा की जयंती के उपलक्ष्य में उत्साह के साथ कार्य' म आयोजित किया गया।अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष चेतनसिंह राठौड़ ने महाराणा सांगा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय इतिहास के महान व्यक्तित्व महाराणा सांगा की जयंती मनाना सौभाग्य की बात है। जिनके नेतृत्व को सभी तत्कालीन भारतीय शासकों ने सहज रूप से स्वीकारा था। महाराणा सांगा महान विजेता व महान योद्धा थे। जिन्होंने अपने 19 वर्ष के शासनकाल में 19 युद्ध लड़े एवं खानवा के अतिरिक्त सभी युद्ध जीते। महाराणा सांगा महान परा' मी एवं साहसी योद्धा थे, जिन्होंने एक आंख, एक हाथ और एक पैर गवाने एवं अपने शरीर पर 80 घाव होते हुए भी खानवा के युद्ध में तोपों के गोलों का मुकाबला करने के लिए सेना का नेतृत्व किया। महाराणा अपने समय के कुशल संगठन कर्ता थे। ऐसे महान शासक मेवाड़ नरेश महाराणा सांगा की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन है। कार्य' म में सचिव शैतानसिंह, महेंद्रसिंह, बाबूसिंह माकरोड़ा, लक्ष्मणसिंह रामपुरा, गोपालसिंह, कल्याणसिंह, रतनसिंह, विजयसिंह सहित समाजबंधु व छात्रावास के छात्र मौजूद थे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव 29 अप्रैल को, निकलेगी शोभायात्रा

» बैठक में की तैयारियों पर चर्चा

▸ संयोजक जयगोपाल पुरोहित, सह संयोजक डॉ नरेंद्र ओझा, अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, सचिव धर्मेंद्र पुरोहित नियुक्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भगवान विष्णु के अवतार व सर्व समाज एवं ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर जिला मुख्यालय पर भव्य व दिव्य शोभायात्रा को लेकर भगवान परशुराम सेवा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी कार्य' म को लेकर आयोजन समिति गठित की गई जिसके संयोजक जयगोपाल पुरोहित व अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी समेत सर्व ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधित्व में सर्वब्राह्मण समाज को दायित्व दिए गए। परशुराम जन्मोत्सव समिति के संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी हरीश दवे के अनुसार वयोवृद्ध भगवतीलाल ओझा की अध्यक्षता में छोटी ब्रह्मपुरी में महालक्ष्मी मंदिर के पास आयोजित बैठक का शुभारम्भ भगवान परशुराम का मंत्रोच्चार के साथ माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। परशुराम जन्मोत्सव समिति के कोषाध्यक्ष मनीष त्रिवेदी ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्य' म को लेकर संक्षिप्त प्रस्तावना रखी। सचिव धर्मेन्द्र पुरोहित ने गत वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा व प्रतिवेदन बताया तथा संयोजक जयगोपाल पुरोहित ने कार्य' म की रूपरेखा को लेकर चर्चा शुरू की व उपस्थिजनो ने विचार विमर्श किया। सभी ने सर्वसम्मति से अक्षय तृतीया 29 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को मनाना तय किया तथा वर्ष 2025 के कार्य' म को लेकर आयोजन समिति सर्वसम्मति से गठित की।

### » आयोजन समिति गठित

संयोजक जयगोपाल पुरोहित, सहसंयोजक डॉ. नरेन्द्र ओझा, अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष किरण राजपुरोहित व मनीष त्रिवेदी, सचिव धर्मेन्द्र पुरोहित, सहसचिव दीपक रावल व हेमंत वैष्णव, संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी हरीश दवे, सोशल मीडिया प्रभारी विकास दवे, महिपाल दवे, उपाध्यक्ष मधुसूदन त्रिवेदी, गिरधर किराडू, योगेश दवे, आशुतोष व्यास, दिनेश रावल पिपलकी, दिनेश राजपुरोहित अधिवक्ता, कैलाश जोशी, नरेश रावल सारणेश्वरजी, महामंत्री चंद्रशेखर व्यास, सुनील दवे, कौशिक ओझा, शशांक पाठक, मृत्युंजय दवे, महिला सदस्य निर्मला आचार्य, पिंकी राजपुरोहित, जयश्री रावल, कल्पना पुरोहित, गीता पुरोहित, लक्ष्मी दवे, चित्रलेखा जोशी को मनोनीत किया गया।

### » आज होगी बैठक

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्य' म को लेकर अगली बैठक रविवार रात्रि 8 बजे छोटी ब्रह्मपुरी महालक्ष्मी मंदिर के पास आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त ब्राम्हण, विप्र समाज व संस्थाओं व समाज के अध्यक्ष शामिल होंगे व भगवान परशुराम जन्मोत्सव महोत्सव के आयोजनों को भव्य व दिव्य बनाने में अपने सुझाव व सहभागिता दर्ज कराएंगे।

# उप मुख्यमंत्री बैरवा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने उड़वारिया टोल प्लाजा पर स्वागत किया व विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। बैरवा का सरूपगंज पहुंचने पर सरूपगंज मंडल, नितोड़ा मंडल एवं रोहिड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला मंत्री भुवनेश पुरोहित ने ज्ञापन देकर शीघ्र ही सरूपगंज में स्थाई बस स्टैंड और महिला महाविद्यालय खोलने की मांग की। आसपास के गांवों की जवलंत समस्याओं से भी अवगत करवाया। इस दौरान पूर्व उपप्रधान विनोद दवे, प्रभुराम चौधरी, रोहिड़ा मंडल अध्यक्ष कांतिलाल जणवा, नितोड़ा मंडल अध्यक्ष बालकीदेवी, अरविंदसिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह देवड़ा, रतनलाल गरासिया, जितेंद्रसिंह, गोरधन मोहरेशा, सवाराम देवासी, जगदीश रावल, रावाराम चौधरी, मगनलाल रावल, प्रेमनाथ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**पिण्डवाड़ा।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा के आगमन पर पिण्डवाडा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत व झाड़ोली मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र देवासी के तत्वावधान में जनापुर सर्किल पर जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के नेतृत्व में सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम व पिण्डवाड़ा-आबू विधायक समाराम गरासिया की अगवानी में जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत व जिला उपाध्यक्ष किरण पुरोहित सहित कार्य' र्ताओं की ओर से माल्यार्पण व सिरोही की तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष महावीर यती ने दुप्पटा पहनाकर ज्ञापन सौंप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला अस्पताल बनाने व वर्तमान में संचालित अस्पताल का विस्तार करवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि इस अस्पताल को बनाने में भामाशाह का योगदान है। प्रतिदिन करीब 800 ओपीडी होती है। ऐसे में इस सीएचसी को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करवाया जाए। इस अस्पताल के पास मिडिल स्कूल का भवन है। जिसमे अब छात्र की संख्या करीब 130 से 135 तक है। 22 हजार 127 फीट क्षेत्र में फैले इस विद्यालय परिसर में 17 से 18 कमरे है। इस विद्यालय की भूमि को मिलाकर सुविधायुक्त अस्पताल का विस्तार किया जाना संभव है। इस दौरान किरण राजपुरोहित जिला उपाध्यक्ष, भंवरलाल मेघवाल मोर्चा जिलाध्यक्ष, पूर्व पालिकाध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापत, कालूराम सेन मंडल महामंत्री, हिम्मत रावल नांदिया मंडल उपाध्यक्ष, दिग्विजय सिंह मंडल उपाध्यक्ष, मूलशंकर राजपुरोहित उपाध्यक्ष, मोहन प्रजापत उपाध्यक्ष, हितेश रावल मीडिया प्रभारी, वागेन्द्र देवासी युवा मोर्चा अध्यक्ष, दुर्गाराम गरासिया पूर्व जिला महामंत्री, धन्नाराम मीणा एसटी मोर्चा प्रदेश सदस्य, पवन राठौड़ रोहिड़ा सरपंच, पूर्व पार्षद शंकर घांची, अर्जुन राजपुरोहित, शांतिलाल रावल, लीलाराम प्रजापत, भरत राजपुरोहित, बलवंत देवासी, भंवरलाल गरासिया, हितेश रावल, कमलेश राजगुरु, कमलेश गर्ग, सुरेंद्रसिंह, दिलीप जैन, सुशील प्रजापत, जयंती प्रजापत, शक्तिपाल सिंह, कल्पेश सोनी आदि मौजूद थे।



**तलहटी।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का आबूरोड दौरे के दौरान तलहटी तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रक्षा भंडरी के नेतृत्व में ग्रामीण गिरवर मंडल, भाखर मंडल, सियावा मंडल, नगर मंडल सहित आबूपर्वत मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। वहीं मंडल पदाधिकारियों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भाखर मंडल अध्यक्ष दशरथसिंह, ग्रामीण गिरवर मंडल अध्यक्ष गणेश बंजारा ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर उप मुख्यमंत्री बैरवा ने अधिकारियों से चर्चा कर जल्दी से जल्दी समस्याओं का समाधान को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष दलपतसिंह राव, सतीश सेठी, नगाराम देवासी, दशरथसिंह देवड़ा, श्रवणसिंह देवड़ा, गोपाल माली, पुनित रावल, मनीष लखारा, सुरेश सिन्दल, पुखराज सिरवी, राहुल प्रजापति, अजय चौधरी, राजन वशिष्ठ, नारायण गरासिया, प्रदीप अग्रवाल, भगाराम गरासिया, खेता बंजारा, श्रवण बंजारा, नरेन्द्रसिंह, मंगलसिंह, महेन्द्रसिंह, अभिषेक सैनी, मीनू अग्रवाल, देवाराम गरासिया, राजू प्रजापति, धर्माराम गरासिया, भावेश देवासी, नितेश वर्मा सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।



# भिड़ेंगी दो रॉयल टीमें



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी के बीच रविवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनों ही टीमें जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगी, क्योंकि पिछले मैचों में दोनों रॉयल टीमों को हार मिली है। इस मैच में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। ये मैचअप देखने लायक होगा।

## फिल सॉल्ट-विराट कोहली के सामने होगी जोफ्रा आर्चर की मुश्किल चुनौती

### पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर आरसीबी



आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान इतने ही मैचों में दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है। आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रहीं हैं। जिससे टीम को उनसे उम्मीद बढ़ गई है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें शानदार लय में चल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर को 148.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली गेंद पर बोल्ड करना भी शामिल है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 152.3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डाली थी, जबकि 147.7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली इनस्विंगर पर गुजरात टाइंट के कप्तान शुभमन गिल को चकमा देकर पवेलियन भेजने में सफल रहे थे। नदके फैंस को ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है। आर्चर के सामने रविवार को कोहली (186 रन) और इंग्लैंड टीम के साथी खिलाड़ी सॉल्ट (143) की आक्रामक जोड़ी को रोकने की चुनौती होगी। यह जोड़ी कुछ ही ओवरों में मैच को प्रतिद्वंद्वी टीम की पकड़ से दूर करने की क्षमता रखती है।

### बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

वहीं, आरसीबी के बल्लेबाज टीम की खामी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टीम को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा की स्पिन जोड़ी से बीच के ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कोहली ने अब तक दो अर्धशतक लगाये हैं, लेकिन सॉल्ट के पास बेहद आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता है। देवदत्त पडिक्कल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं, कप्तान रजत पाटीदार अपनी लय जारी रखना चाहेंगे। टिम डेविड और लियाम लिविंगस्टोन के पास किसी भी गेंदबाजी के खिलाफ तेजी से रन बनाने की क्षमता टीम की बल्लेबाजी को काफी मजबूत बनाती है।

### प्रदर्शन में निरंतरता की जरूरत

अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में लगीरॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम के पास जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं, लेकिन स्पिन गेंदबाजों को निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। राजस्थान रॉयल्स की टीम को इस मैच में अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन, रियान पराग, यशस्वी जायसवाल और नितीश राणा के साथ आक्रामक बल्लेबाजी करने की क्षमता है। इसके साथ ही निचले क्रम में ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर की विस्फोटक जोड़ी मौजूद है।

### संभावित दोनों टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख डार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, अभिनंदन सिंह, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा।

राजस्थान रॉयल्सः संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## कोहली ने 300 करोड़ का ऑफर ठुकराया

**एजिलिटास के साथ करने जा रहे पार्टनरशिप**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अभी आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे हैं। खबर है कि उन्होंने खेल उत्पाद कंपनी प्यूमा के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। अब इस कॉन्ट्रैक्ट को लेकर एक और खबर आई है, इसमें बताया गया है कि कंपनी तो चाहती थी कि कोहली उनके साथ आगे भी करार जारी रखें, लेकिन विराट कोहली ने ऐसा नहीं किया। इसके पीछे का कारण भी सामने आया है। आपको बता दें कि विराट कोहली ने 2017 में 8 सालों के लिए प्यूमा के साथ 110 करोड़ रूपए में करार किया था। अब खबर के अनुसार कंपनी ने विराट कोहली को अगले करार के लिए 300 करोड़ रूपए का प्रस्ताव दिया था, लेकिन विराट ने ठुकरा दिया। प्यूमा ने अपने बयान में कोहली को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कंपनी ने कहा गया, "इस करार के दौरान हमने उनके साथ कई अभियान शुरू किए, तो नए और बेहतरीन उत्पादों को बाजार में उतारा।" एक रिपोर्ट के अनुसार स्पोर्टिंग बियॉन्ड नाम की एक फर्म कोहली का कामकाज देखती है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कोहली अब अन्य कंपनी एजिलिटास के साथ पार्टनरशिप करने जा रहे हैं। कोहली इसके को-फाउंडर भी हैं। कोहली अपने ब्रांड one8 commune को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहते हैं।

## स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन होंगे सम्मानित



**नई दिल्ली।** स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को इंग्लैंड देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया जाएगा। उन्हें क्रिकेट में सराहनीय योगदान के लिए नाईटहुड सम्मान दिया जाएगा। एंडरसन इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, वह वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी हैं। उन्होंने 188 मैचों में 704 विकेट लिए हैं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पद छोड़ते समय कुछ पुरस्कारों के नाम का एलान किया था। इस समय नाईटहुड सम्मान के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का नाम शामिल था। एंडरसन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संन्यास ले लिया है। एलिस्टियर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस को भी ये सम्मान मिल चुका है। जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के 13वें क्रिकेटर हैं जिन्हे नाईटहुड सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकॉट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को नाईटहुड सम्मान मिल चुका है।

### एंडरसन का क्रिकेट करियर

42 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए 188 टेस्ट, 194 वनडे और 19 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने क्रमश 704, 269 और 18 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में 1627 रन बनाए हैं। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 32 बार फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट हॉल किया है। वनडे में भी 2 बार फाइव विकेट लिये है। एंडरसन (704) टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) हैं। दूसरे नंबर पर दिवंगत शेन वार्न (708) हैं। दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए ऑक्शन में अपना नाम रजिस्टर कराया था। हालांकि खरीदने में किसी टीम ने रूचि नहीं दिखाई थी। एंडरसन ने आईपीएल ऑक्शन में अपना बेस प्राइस 1.25 करोड़ रूपए रखा था।

## अपने घर में ही फेल हुए धोनी के धुरंधर

**लगातार पांचवी हार के बाद पॉइंट्स टेबल में सीएसके 9वें नंबर पर**



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 25वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो की काफी अच्छा साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की टीम की शुरुआत काफी धीमी रही। खराब बल्लेबाजी की खामियाजा अंत में चेन्नई को ही उठाना पड़ा। 20 ओवर में चेन्नई की टीम 9 विकेट खोकर मात्र 103 रन ही बना पाई। चेन्नई ने केकेआर को 104 रनों का टारगेट दिया। इस टारगेट को केकेआर ने 2 विकेट खोकर 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

### चेन्नई की खराब शुरुआत

चेन्नई की शुरुआत काफी खराब रही। चेन्नई के विकेट लगातार गिरते रहे और बल्लेबाजी काफी धीमी रही। चेन्नई की टीम को पहला झटका चौथे ओवर की पहली गेंद पर लगा, मोइन अली की गेंद पर डेवोन कॉनवे 11 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए। डेवोन कॉनवे के आउट होने के बाद अगले ही ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर रचिन रवींद्र 9 गेंदों पर 4 रन बनाकर आउट हुए। 5 ओवर तक चेन्नई के दोनों ओपनर पवेलियन लौट चुके थे। चेन्नई का स्कोर उस समय 18 रन पर दो विकेट था। चेन्नई की टीम को तीसरा झटका विजय शंकर के रूप में लगा। वो 21 गेंदों में 29 रन बनाकर वापस पवेलियन लौटे। 10 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 61 रन पर तीन विकेट रहा।

## 'मुझे इंग्लिश नहीं आती'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को उनकी इंग्लिश के लिए ट्रोल किया जाता है। इसको लेकर रिजवान ने अपना पक्ष रखा है। रिजवान ने कहा कि मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है। मेरा काम पाकिस्तान टीम के लिए क्रिकेट खेलना है। मुझसे क्रिकेट की डिमांड की जाती है। मुझसे अंग्रेजी बोलने की डिमांड नहीं की जाती है। मोहम्मद रिजवान ने कहा कि फख्र है कि मैं जो भी बातें कहता हूं दिल से कहता हूं। मेरे दिल में जो भी होता है सच होता है। मुझे इंग्लिश नहीं आती। मुझे अफसोस है कि मैं पढ़ा-लिखा नहीं हूं। मैंने पढ़ाई नहीं की।



**अंग्रेजी न बोल पाने पर मोहम्मद रिजवान को किया ट्रोल**

# मनोरंजन

## 'मुझे कोई समस्या नहीं'



नुसरत भरुचा ने तब चर्चा बटोरी, जब रिपोर्ट में दावा किया गया कि हनी सिंह की पूर्व प्रेमिका टीना थडानी अभिनेत्री के कारण उनसे अलग हो गई हैं। इससे पहले, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि टीना ने हनी के साथ अपने रिश्ते को खत्म कर दिया था, जब हनी की नुसरत के साथ हाथ मिलाते हुए तस्वीरें सामने आई थीं।एक इंटरव्यू में नुसरत भरूचा ने हनी सिंह के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की, जब उन्हें साथ देखा गया। अभिनेत्री ने इस पर मजेदार जवाब दिया। उन्होंने बताया कि आखिरकार उनके डेटिंग की अफवाह उड़ी है, जबकि पहले उनके बारे में ऐसी कोई अफवाह नहीं थी। नुसरत ने कहा,"आप जानते हैं कि ये मेरी ज़िंदगी का पहला डेटिंग अफ़वाह है। मैं जहाँ भी गई हूँ, वहाँ कोई अफ़वाह नहीं उड़ी है। साथ ही, क्योंकि मैं कभी किसी के साथ नहीं रही। जब यह आया, तो मैं सोच रही थी 'वाह, आखिरकार मेरे पास एक है'। अब जब लोग मुझसे ये सवाल तेज़ी से पूछते हैं, तो मैं कम से कम उन्हें बता सकती हूँ कि मेरे बारे में भी डेटिंग की अफ़वाह उड़ी थी। मुझे लगता है कि लोगों के पास ज़िंदगी में कोई काम नहीं है और उनकी कल्पनाशीलता भी बहुत बढ़िया है। तो करते रहो, मुझे कोई समस्या नहीं है।" 2022 में, हनी सिंह की पत्नी शालिनी ने गायक के खिलाफ दिल्ली की तीस हज़ारी कोर्ट में याचिका दायर की। शालिनी ने अपने पति पर घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। याचिका में शालिनी ने दावा किया कि हनी सिंह उनके प्रति बहुत ही अभद्र और अपमानजनक थे, और उन्होंने अपने हनीमून की एक घटना का खुलासा किया जब रैपर ने उन्हें होटल के कमरे में अकेला छोड़ दिया था, और नशे में धुत होकर वापस लौटे थे "हनी सिंह होटल के कमरे से बाहर चले गए और 10-12 घंटे तक वापस नहीं आए और उन्हें कोई अंदाजा नहीं था कि वह किस जगह पर हैं, इसलिए वह कमरे में उनके आने का इंतजार करती रहीं।

## समय से पहले रिलीज होगी केसरी 2

**कल से मिलेगा अक्षय कुमार के फैंस को गोल्डन चांस**

केसरी के मेकर्स अब ऐसी ही एक ऐतिहासिक फिल्म दर्शकों के बीच लेकर आ रहे हैं जिसका नाम केसरी 2 है। फिल्म में जलियांवाला बाग हत्याकांड के साथ कुछ नए किरदारों की कहानी दिखाई जाने वाली है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसे देखकर लग रहा है कि अभिनेता इस बार एक दमदार रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म जल्दी ही सिनेमाघरों में पहुंचने वाली है। अगर आप अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे के सच्चे फैन हैं और मूवी को रिलीज से पहले देखना लुत्फ उठाना चाहते हैं तो मेकर्स आपके लिए ऐसी एक सुविधा लेकर आए हैं। फिल्म की टीम देश के पांच बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और चंडीगढ़ में स्पेशल प्री-रिलीज़ स्क्रीनिंग का आयोजन करने वाली है। यानी कुछ लकी दर्शकों को रिलीज से पहले ही फिल्म देखने का मौका मिल सकेगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल, सोमवार से शुरू हो जाएगा। इस फिल्म को अक्षय कुमार ने बेहद निजी और खास बताया है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्होंने कहा, "मेरे पिता का जन्म जलियांवाला बाग के सामने हुआ था और मेरे दादाजी ने वह भयावह मंजर अपनी आंखों से देखा था। इसलिए मेरे लिए यह फिल्म सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, एक भावना है।" इस फिल्म की कहानी 1919 में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। ट्रेलर में कुछ ऐसे सीन्स दिखाए गए हैं जोकि काफी भयानक थे। इस फिल्म के जरिए जलियांवाला बाग की सच्चाई सामने लाने की कोशिश की जाएगी।




## राहा ने आलिया की तस्वीर क्लिक की



आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने ड्राइंग रूम के फर्श पर बैठी हैं, जिसमें सूरज की रोशनी उनके चेहरे को खूबसूरती से उभार रही है। अदाकारा कैजुअल कपड़ों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं एक सफेद टी-शर्ट और काली जेगिंग - एडवर्ड को अपनी बाहों में पकड़े हुए। तस्वीर शेयर करते हुए आलिया ने लिखाः "मेरे राजकुमार के साथ एक तस्वीर, जिसे मेरी राजकुमारी ने क्लिक किया, हैप्पीपेटडे" - यह बताते हुए कि यह तस्वीर उनकी बेटी राहा ने ली थी। प्रशंसक राहा के फ़ोटोग्राफ़ी कौशल की प्रशंसा करना बंद नहीं कर सके। एक टिप्पणी में लिखा था, "वह क्लिक सिर्फ़ एक फ़ोटो से कहीं ज्यादा है - यह प्यार है।" दूसरे ने लिखा, "राहा ने शायद सबसे बड़ी मुस्कान के साथ कहा होगा, 'मुस्कुराओ, माँ!" तीसरे ने जोड़ा, "राहा के छोटे हाथ कैमरा पकड़े हुए हैं, लेकिन एक क्लिक में बहुत बड़ा प्यार। माँ का छोटा प्रशंसक पहले से ही उनका सबसे प्यारा फ़ोटोग्राफ़र है!" अन्य लोगों ने कहा, "राहा अब तक की सबसे प्यारी छोटी फ़ोटोग्राफ़र है!" और "राहा सबसे अच्छी फ़ोटोग्राफ़र है।" आलिया को आखिरी बार करण जौहर द्वारा समर्थित जिगरा में एक्शन से भरपूर अवतार में देखा गया था। वेदांग रैना के साथ यह फ़िल्म बॉक्स ऑफ़िस पर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही। वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली जासूसी फ़िल्म, अल्फा में नज़र आएंगी। इस फिल्म में शारवरी भी मुख्य भूमिका में हैं और यह 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

## गौरी स्प्रैट से शादी कर चुके हैं आमिर



आमिर खान एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी करीबी दोस्त और मौजूदा गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा हो रही है। हाल ही में अपने जन्मदिन के मौके पर आमिर ने गौरी को पब्लिक तौर पर इंट्रोड्यूस किया, जिससे उनके रिलेशनशिप की पुष्टि भी हो गई। अब एक मशहूर ज्योतिषी ने उनकी लव लाइफ को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिन्होंने फैंस को चौंका दिया है। दरअसल, हिंदी रश को दिए गए इंटरव्यू में एक नामचीन ज्योतिषी ने दावा किया है कि आमिर खान पहले से ही 'एक तरह से शादीशुदा' हैं। उन्होंने कहा कि आमिर इस वक्त अपने जीवन के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जो रिश्तों के लिहाज से बहुत अहम है। उन्होंने गौरी के साथ आमिर की केमिस्ट्री और वर्तमान स्थिति को देखते हुए कहा कि दोनों का रिश्ता अब केवल औपचारिक स्वीकृति की ओर बढ़ रहा है। ज्योतिषी का कहना है कि आमिर की जन्मतिथि के हिसाब से वो फिलहाल ऐसे पर्सनल सालों में हैं, जिनका सीधा संबंध रोमांटिक जीवन से होता है। भले ही आमिर और गौरी की शादी को लेकर लोगों के मन में शक हो, लेकिन उनके मुताबिक दोनों का रिश्ता एक विवाह जैसे ही है। साथ रहना, भावनाएं बांटना और जीवन के हर पहलू में भागीदार बनना शामिल है।

## 'कपिल शर्मा में शिष्टाचार नहीं'





मुकेश खन्ना कई बार अपने स्टेटमेंट्स की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। वह पहले भी कई बार कपिल शर्मा को लेकर कमेंट कर चुके हैं कि उन्हें उनका शो पसंद नहीं है, लेकिन अब मुकेश ने एक बार फिर कपिल पर निशाना साधा है। उन्होंने बताया कि कैसे जहां सब उनके पैर छूते हैं मिलकर वहीं कपिल ने उन्हें ग्रीट भी नहीं किया था।मुकेश ने श्रादुल के पॉडकास्ट में कहा, 'मैं किसी को बता रहा था कि क्यों मुझे कपिल शर्मा पसंद नहीं और क्यों मैं उनके शो में नहीं जाता और यह स्टोरी सबकी आंखें खोल देगी कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री काम करती है। एक बार गोल्ड अवॉड्र्स में मैं गया था और कपिल जो नया-नया पैदा हुआ वह उस समय कॉमेडी सर्कस कर रहा था और उसे भी अवॉर्ड मिलना था। वह आया और मेरे पास बैठा और मुझसे मिला भी नहीं और मेरे मगल में ही बैठा था 20 मिनट तक। जब उसका नाम लिया गया तो वह अवॉर्ड लेने गया और फिर वापस घर चला गया।' मुकेश ने आगे कहा, 'मैं अमित जी(अमिताभ बच्चन) से कई बार फ्लाइट में मिला हूं। एक बार मैं लंदन से वापस आ रहा था तो वह भी उसी फ्लाइट में थे। हम एक-दूसरे से कभी मिले नहीं, लेकिन वह जानते हैं कि हम दोनों एक्टर्स हैं इसलिए हमारी बात हुई। वहीं एक बार ऋतिक मेरे साथ एयरपोर्ट पर खड़े थे वह मुझसे मिलने आए और कहा कि इस एयरपोर्ट पर अभी 2 सुपरहीरो खड़े हैं। चाहे आप किसी से कभी मिले ना हो, लेकिन आप फिर भी किसी को इतना बड़ा कॉम्पलीमेंट देते हैं, ऐसे ही है हमारी इंडस्ट्री। लेकिन कपिल शर्मा में शिष्टाचार नहीं है।'

मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम 2025–26

# 60 फेलो का होगा चयन



## पांच मई तक करें आवेदन

**मुंबई।** राज्य के युवाओं को प्रशासन के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो और साथ ही उनके ज्ञान और अनुभव की सीमाएं विस्तृत हों, इस उद्देश्य से तथा युवाओं की रचनात्मकता, नई सोच, उत्साह और तकनीक के प्रति रुचि का उपयोग प्रशासन में तेजी लाने हेतु किया जा सके, इसके लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना के अनुसार "मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम 2025–26" की घोषणा की गई है। इसके तहत 60 फेलो का चयन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए 15 अप्रैल से पांच मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। फेलो चयन हेतु मानदंड, नियुक्ति की शर्तें, शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा संचालित शैक्षणिक कार्यक्रम की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन से संबंधित सरकारी निर्णय महाराष्ट्र सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के पहले कार्यकाल में शुरू किया गया था और सफलतापूर्वक लागू किया गया। वर्ष 2023–24 में भी यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक लागू किया गया। अब वर्ष 2025–26 के लिए यह कार्यक्रम पुनः घोषित किया गया है। कार्यक्रम का क्रियान्वयन नियोजन विभाग के अर्थ एवं सांख्यिकी संचालनालय के माध्यम से किया जा रहा है।

### सुरंग प्रोजेक्ट के काम में तेजी लाएं : सीएम

मुंबई। मुंबई में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं के समाधान हेतु सरकार आधारभूत संरचना परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव के बीच दोहरी सड़क सुरंग (ट्विन टनल) परियोजना विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथिगृह में इस परियोजना की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित सभी यंत्रणाएं समन्वय से कार्य करें और कालबद्ध नियोजन के माध्यम से परियोजना को समय पर पूर्ण करें।

## 'क्रिएटिव एंटरटेनमेंट इकॉनॉमी' का नेतृत्व करेगा भारत

वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्हज 2025), जो 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होगा, दुनिया का सबसे बड़ा इवेंट होगा जो क्रिएटिव एंटरटेनमेंट क्षेत्र से जुड़ा है। इस वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने का सम्मान महाराष्ट्र को मिला है, जिससे मुंबई को ग्लोबल एंटरटेनमेंट हब के रूप में पहचान मिलने वाली है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भारत इस क्षेत्र का नेतृत्व करेगा। बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित जिओ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही।

महाराष्ट्र : 'अमृत भारत स्टेशन योजना'

# 32 रेलवे स्टेशन होंगे हाईटेक

## मुख्यमंत्री ने रेलमंत्री का जताया आभार

**मुंबई।** भारतीय रेलवे की 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत महाराष्ट्र के कुल 132 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। इस योजना के माध्यम से देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, ऐसी जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री वैष्णव का महाराष्ट्र की रेल पायाभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।




### इस योजना में शामिल मुंबई के प्रमुख स्टेशन

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर (मध्य व पश्चिम), अंधेरी, टिलक टर्मिनस, पुणे, नासिक रोड, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, कोल्हापूर, परभणी, सोलापुर, सातारा, सांगली, अमरावती, भुसावल आदि। साथ ही, उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्टेशन भी इस योजना में शामिल किए गए हैं, जैसे कि अकलकोट रोड, दौंड, इगतपुरी, चांदा फोर्ट, मालाड, डोंबिवली और चिंचवड। इस योजना के अंतर्गत प्रवाशियों के लिए वेटिंग लाउंज, फूड कोर्ट, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर और डिजिटल सुविधाएं जैसी आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शहर से बेहतर कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी।

### स्टेशनों के नाम और स्वीकृत निधि (करोड़ों में)

अजनी (297.8), नागपुर जं. (589), इटवारी जं. (17.4), जालना (189), छत्रपति संभाजीनगर (241), रोटेगाव (12), अहिल्यानगर (31), भायखळा (35.5), चिंचपोकळी (52), चर्नी रोड (23), सीएसएमटी (1813), ग्रॅन्ट रोड (27), लोअर परेल (30), मरिन लाईन्स (27.7), सॅण्डहर्स्ट रोड (16.4), मुर्तिजापूर (13), बडनेरा (36.3), बारामती (11.4), दौंड (44), केडगाव (12.5), परळी वैजनाथ (25.7), भंडारा रोड (7.7), गोंदिया (40), तुमसर रोड (11), टिटवाळा (25), शेगाव (29), बल्लारशाह (31.4), चंद्रपूर (25.5), चांदा फोर्ट (19.3), धुळे (9.5), लासलगाव (10.5), मनमाड (45), नगरसोल (20.3), नांदगाव (20), आमगाव (7.8), वडसा (20.5), हातकणगले (6), हिमायतनगर (43), हिंगोली डेक्कन (21.5), किनवट (23), चाळीसगाव (35), अंमळनेर (29), धरणगाव (26), पाचोरा जं. (28), दिवा (45), मुंब्रा (15), शहाड (8.4), कोल्हापूर – सीएसएमटी (43), लातूर (19), जेऊर (20), कुर्डूवाडी जं. (20), फलटण (1), वाठर (8), आकुर्डी (34), चिंचवड (20.4), देहू रोड (8.05), तळेगाव (40.34), मालाड (12.32), कुर्ला जं. (28.81), कांजुरमार्ग (27), विद्याविहार (32.8), विक्रोळी (19), जोगेश्वरी (119), माटुंगा (17.3), परळ (19.4), प्रभादेवी (21), वडाळा (23), भोकर (11.3), धर्माबाद (30), मुखेड जं. (23), उमरी (8), देवळाली (10.5), इगतपुरी (12.5), धाराशिव (22), गंगाखेड (16), मनवथ रोड (12), परभणी जं. (26), परतूर (23), पूर्णा जं. (24), सेलू (23.2), हडपसर (25), गोधनी (29), काटोल (23.3), कामठी (7.7), नरखेड जं. (37.6), कराड (12.5), सांगली (24.2), लोणंद जं. (10.5), सातारा (34.3), बेलापूर (32), कोपरगाव (30), सेवाग्राम (18), धामणगाव (18), हिंगणघाट (22), पुलगाव (16.5), उरूली (13), वाशिम (20.3), मलकापूर (19), नांदुरा (10.6), रावेर (9.2), सावदा (8.5), दुधनी (22), पंढरपूर (40), सोलापूर (56), नंदूरबार (15), पालघर (17.5)।

# मालाड में बनेगा विशाल क्रिएटिव स्पेस

## ▶▶ केंद्र–राज्य सरकारों के सहयोग से होगा संचालित

**मुंबई।** मालाड स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आईएनबी) के अंतर्गत आने वाली लगभग 240 एकड़ भूमि पर एक भव्य क्रिएटिव स्पेस का विकास किया जाएगा। यह परियोजना केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से को-क्रिएशन मॉडल के माध्यम से संचालित की जाएगी, यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी। यह घोषणा मुख्यमंत्री फडणवीस ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जिओ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'वेव्स 2025' के तहत आयोजित पत्रकार सम्मेलन में की। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने विश्वास जताया कि यह परियोजना मुंबई को वर्ल्ड एंटरटेनमेंट कैपिटल बनाने के सपने को साकार करेगी। केंद्र सरकार की इस पहल से मुंबई भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक क्रिएटिव इंडस्ट्री के लिए एक प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। इस परियोजना के तहत पोस्ट प्रोडक्शन, स्टूडियो, फिल्म टेक्नोलॉजी, एनीमेशन और विजुअल इफेक्ट्स जैसी आधुनिक सेवाएं और शिक्षा केंद्र विकसित किए जाएंगे। यह विकास मुंबई को विश्व स्तर पर मनोरंजन उद्योग में एक अग्रणी शहर के रूप में स्थापित करेगा, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री फडणवीस ने व्यक्त किया।

# मुंबई के गोरेगांव में बनेगा आईआईसीटी

**मुंबई।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नॉलॉजी (आईआईसीटी) की स्थापना मुंबई के गोरेगांव में की जाएगी, इसकी जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी। उन्होंने कहा कि मुंबई देश का मनोरंजन उद्योग का प्रमुख केंद्र है और यह संस्थान भारत के रचनात्मक उद्योग को विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

- देश में मनोरंजन उद्योग का प्रमुख केंद्र मुंबई
- केंद्र सरकार की पहल पर सीएम ने दी जानकारी

यह घोषणा मुख्यमंत्री फडणवीस ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जिओ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'वेव्हज 2025' कार्यक्रम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आईआईसीटी का उद्देश्य

- मुंबई में स्थापित होने जा रही आईआईसीटी का उद्देश्य इसे वैश्विक क्रिएटिव हब बनाना है। यह परियोजना केवल महाराष्ट्र तक सीमित न होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएगी और देश के क्रिएटिव टेक्नॉलॉजी उद्योग को एक नई दिशा देगी।
- आईआईसीटी केवल फिल्म निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें डिजिटल कंटेंट, वीएफएक्स, एनीमेशन, ऑडियो-विजुअल स्टोरीटेलिंग, मीडिया इनोवेशन और वेब 3.0 तकनीकों से संबंधित अनुसंधान और प्रशिक्षण को भी शामिल किया जाएगा।

# हीरा देवासी ने गौशाला को दान की 40 बीघा जमीन

▶▶ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पेश की समाज सेवा की बेहतरीन मिसाल

▶▶ नासिक–गुजरात हाइवे पर स्थित सात करोड़ रुपए की जमीन



**मुंबई।** समाज सेवा की शानदार मिसाल पेश करते हुए कॉंग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हीराभाई देवासी ने नासिक-गुजरात हाइवे पर स्थित 40 बीघा की कीमती जमीन गौशाला के लिए दान में दी है। इस जमीन की अनुमानित बाजार कीमत करीब सात करोड़ रुपए बताई जा रही है। हीराभाई देवासी का कहना है कि यह कदम उन्होंने गौसेवा के प्रति अपनी आस्था और समाज के प्रति दायित्व को निभाने के उद्देश्य से उठाया है। गाय हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। महाराष्ट्र में तो गाय को राज्य माता का भी दर्जा मिला हुआ है। महाराष्ट्र मेरी कर्म भूमि है, इस नाते भी मेरा फर्ज बनता है। गौशाला का नामकरण उनकी मां जमू देवी के नाम से होगा ताकि दोनों माता गौ माता और जन्म दायिनी माता दोनों के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया जा सके। यह ज़मीन अब एक आधुनिक गौशाला के निर्माण के लिए उपयोग की जाएगी, जिसमें बीमार और बेसहारा गायों की देखभाल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां गौ चिकित्सालय की भी व्यवस्था रहेगी। इतना ही नहीं सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले पशु और गौ माता के लिए एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जायेंगी ताकि समय रहते उसका जीवन बचाया जा सके। महाराष्ट्र में यह पहला अवसर होगा कि किसी नेता ने इतनी बड़ी जमीन गोशाला के लिए दान की हो। देवासी ने बताया कि कफन में जेब नहीं होता इसलिए हम खाली हाथ ही आए है और खाली हाथ ही जाने वाले है। इसलिए अपने से जितना बन पड़े, हमे गौमाता के लिए करना चाहिए। स्थानीय लोगों और राजनीतिक हलकों में इस पहल की खूब सराहना हो रही है। इसे एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है, जो समाज के अन्य लोगों को भी इस दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

## तहव्वुर राणा को फांसी हो : रामदास अठावले



**मुंबई।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री और एनडीए के सहयोगी रामदास अठावले ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अमेरिका की कोर्ट का धन्यवाद किया और इसे मोदी सरकार की बड़ी सफलता बताई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राणा को फांसी मिलनी चाहिए। रामदास अठावले ने कहा, कि ये भारत सरकार की बहुत बड़ी जीत है। पीएम नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र सरकार ने कई बार पहल की। लेकिन 17 सालों बाद उसमें हमें सफलता मिली है। तहव्वुर राणा को फांसी मिलनी चाहिए। कोर्ट जल्द से जल्द फैसला दे सकता है, ऐसी हमें उम्मीद है।

समुद्र में अचानक से डूबने लगी बोट

# 130 यात्रियों की अटकी जान



- क्षमता से ज्यादा सवार थे यात्री
- गेटवे ऑफ इंडिया के पास हादसा

**मुंबई।** मुंबई के करीब शुक्रवार की रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से मंडवा जाने वाली बोट 'अजंता' डूबते-डूबते बच गई। डराने वाली बात ये थी कि इस बोट पर 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। मुंबई पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, बोट पर लगभग 130 लोग सवार थे। तत्काल बचाव कार्य चलाकर अजंता बोट पर सवार यात्रियों को बचा लिया गया नहीं तो एक बड़ा दर्दनाक हादसा सामने आ सकता था। दरअसल, गेटवे ऑफ इंडिया से मंडवा जाने वाली बोट अजंता को तीन महीने पहले ही समुद्र में उतारा गया था। ये बोट शुक्रवार को कुछ ही घंटे पहले यात्रियों से भरी हुई थी। ये बोट अचानक से समुद्र में डूबने लगी। बोट को डूबता देख आसपास की बोट्स ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और यात्रियों को बचा लिया गया। बीते साल दिसंबर महीने में भी मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास समुद्र में दर्दनाक हादसा हुआ था। यहां मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा आइलैंड जा रही बोट 'नीलकमल' को एक नेवी की बोट ने गलती से टक्कर मार दी जिसके बाद ये नाव समुद्र में पलट गई। इस हादसे के वक्त बोट पर 100 से भी ज्यादा लोग सवार थे। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 10 यात्री और 3 नेवी के लोग थे। करीबन 101 लोगों को सुरक्षित बचाया गया था।

# एसी कोच में महिला का हंगामा



टिकट नहीं दिखाने को लेकर बढ़ा विवाद

### मैं टिकट नहीं दिखाऊंगी

- टीटीई ने महिला से कहा कि आपने अपना टिकट नहीं दिखाया और आप किसी और की सीट पर बैठ गई हैं। महिला ने इस बात का फायदा उठाया कि उनके पास उसे गिरफ्तार करने के लिए कोई महिला पुलिस अधिकारी नहीं थी। उसने टीटीई को टिकट दिखाने से साफ मना कर दिया और कहा कि मैं टिकट नहीं दिखाऊंगी।

### महिला पर केस दर्ज

- इस मामले में शेगांव आरपीएफ ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शेगांव रेलवे पुलिस अब इस महिला की तलाश कर रही है। इस महिला का एक वीडियो भी सामने आया है। इस मामले को लेकर शेगांव आरपीएफ पुलिस इंस्पेक्टर शांताराम हरणे ने कहा कि हमने इस महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

**अमरावती।** अमरावती के धामणगांव रेलवे स्टेशन पर विदर्भ एक्सप्रेस में चढ़ी एक महिला ने हंगामा कर दिया। बडनेरा स्टेशन से रवाना होने के बाद, जब टीटीई ट्रेन में पहुंचा और महिला से टिकट मांगा तो महिला ने उससे भी बहस की। महिला ने बुर्का पहना हुआ था और वह बिना टिकट के एसी कोच में चढ़ गई थी। जब टीटीई ट्रेन में आया और उसने महिला से टिकट दिखाने के लिए तो महिला ने टीटीई से बहस शुरू कर दी और साफ-साफ मना कर दिया कि वह टिकट नहीं दिखाएगी। ये मामला सात अप्रैल का है, जहां एक बुर्का पहनी हुई महिला धामणगांव रेलवे स्टेशन से मुंबई जाने वाली विदर्भ एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी में बिना टिकट के चढ़ गई थी।

एल्युमीनियम प्लांट में धमाका

# नागपुर में पांच की मौत, आठ झुलसे

**नागपुर।** नागपुर के उमरेड एमआईडीसी में एक एल्युमीनियम फॉयल और पाउडर निर्माण कंपनी में शुक्रवार की देर शात विस्फोट हो गया। जिसमे पांच लोगों की मौत हो गई। आठ लोग झुलस गए और दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह फैक्ट्री नागपुर के उमरेड तालुका में मौजूद है। जब फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। उस दौरान कुल 87 लोग फैक्ट्री के अंदर मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गई। इसके बाद आनन-फानन में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। यहां पर गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को इलाज के लिए उमरेड के एक निजी अस्पताल और नागपुर के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती



कराया गया। घायल हुए मजदूरों की पहचान कमलेश ठाकरे (20, निवासी गोंडबोरी), सचिन मेश्राम (20, निवासी पंजरेपार) के रूप में की गई है। गंभीर रूप से घायल दोनों मजदूरों को इलाज के लिए नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग 60 प्रतिशत से अधिक जल चुके थे।

# कोलकाता में मर्डर, ठाणे में गिरफ्तारी



- दो माह से आरोपी चल रहा था फरार

**ठाणे।** कोलकाता में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाला वॉन्टेड अपराधी महाराष्ट्र के ठाणे जिले डोंबिवली शहर में पकड़ा गया। शातिर आरोपी पिछले दो महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। ठाणे पुलिस ने शुक्रवार को उसकी गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी। ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान 36 वर्षीय सिराजुद्दीन अहमद शाह उर्फ कैप्टन के तौर हुई है। ठाणे जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सिराजुद्दीन अहमद शाह उर्फ कैप्टन को डोंबिवली शहर के पिसवली इलाके से गिरफ्तार किया। शाह और एक अन्य आरोपी ने दो महीने पहले एक महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर कोलकाता के दानकुनी पुलिस स्टेशन की सीमा में बंटी साव की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी और दोनों शहर से भाग गए थे। पुलिस अफसर ने बताया कि दूसरे आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि शाह गिरफ्तारी से बच कर फरार चल रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की पहचान सत्यापित की और पूछताछ के दौरान उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस की एक विशेष टीम ठाणे पहुंची और उस टीम ने शाह को हिरासत में ले लिया है।

# स्वर्गीय मोरेश्वर वैद्य का सातवां पुण्य स्मरण संपन्न

## डॉक्टर शुभांगी पाटील ने दी कार्यक्रम की प्रस्तावना



**नालासोपारा।** नरसिंह के दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं संस्थापक प्राचार्य, आयुर्वेद से संबंधित अनेक पुस्तकों के लेखक परमपूज्य वैद्यराज स्वर्गीय मोरेश्वर वैद्य के "सप्तम पुण्यस्मरण" हेतु व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरी पूजन एवं वैद्य की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्कृत संहिता विभाग प्रमुख डॉक्टर शुभांगी पाटील ने दी। डॉक्टर सर्वेश शर्मा ने सुप्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ (मुंबई) वैद्य संतोष देशमुख इनका परिचय दिया, पश्चात ' चैलेंजिंग एंड सेक्सेशफुल केसेस ट्रीटेड एंड मैनेज्ड बाई आयुर्वेद' विषय पर उनका व्याख्यान संपन्न हुआ। जिसमे उन्होंने अनेक जीर्ण व्याधियों के आयुर्वेदानुसार चिकित्सा अनुभव उपस्थित सभी के सामने प्रस्तुत किया। जिससे सभी वैद्यकीय छात्र, अध्यापक एवं वैद्यों को काफी लाभ मिला। संस्था की विश्वस्त डॉ. ऋजुता ओमप्रकाश दुबे ने वैद्य सर की महानता, विद्वत्ता व कॉलेज के निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.हेमलता शेंडे, सभी अध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित थे। संहिता विभाग की व्याख्याता डॉक्टर प्रीती माने ने आभार व्यक्त किया।

# आकृति आर्ट फाउंडेशन की प्रदर्शनी 17 से

मंजू लोढ़ा करेंगी प्रदर्शनी का उद्घाटन

सिमरोजा आर्ट गैलेरी में लगेगी प्रदर्शनी



**मुंबई।** देश की प्रमुख सांस्कृतिक, सामाजिक और कलात्मक संस्था "आकृति आर्ट फाउंडेशन" द्वारा अपनी 22वीं अंतर्राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन मुंबई में 17 से 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक डायरेक्टर मनमोहन जायसवाल ने बताया कि यह संस्था पिछले 17 वर्षों से कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। यह प्रदर्शनी मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के पास स्थित सिमरोज़ा आर्ट गैलेरी में लगाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रदर्शनी में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया एवं लिथुआनिया के साथ विभिन्न यूरोपीय देशों के लगभग 50 हुनरमंद कलाकार सहभागी हो रहे हैं। प्रदर्शनी में सुविख्यात चित्रकार एम.एफ. हुसैन, टी वैकुंठम, अमृता शेरगिल, रॉबिन हिक्स, आऊद्रा ब्रजवस्कैते, किशोर कावड़ और सोहन चौधरी सहित विभिन्न प्रतिभावान कलाकारों की एक सौ से भी अधिक अद्भुत चित्रकला कृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती मंजू लोढ़ा, मशहूर गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष, वरिष्ठ राजनेता मिलिंद देवरा, राकेश भास्कर और पद्मश्री डॉ. प्रकाश कोठारी विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा बहुत से कला प्रेमी, इंटीरियर डिजाइनर, आर्किटेक्ट तथा संगीत और साहित्य जगत के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

महाराष्ट्र साइबर की जांच में खुलासा

# सरकार के कई विभाग साइबर अटैक की चपेट में

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के कई विभागों पर साइबर अटैक होने का खतरा मंडरा रहा है। इसका खुलासा महाराष्ट्र साइबर की जांच में सामने आया है। महाराष्ट्र साइबर सेल से मिली जानकारी के मुताबिक, जांच में पता चला है कि कई विभागों सुरक्षित नहीं हैं और इसकी वेबसाइटों पर कभी भी साइबर अटैक हो सकता है। साइबर सेल के अनुसार, जिन विभागों पर साइबर अटैक का खतरा मंडरा रहा है, उसमे महाराष्ट्र पुलिस, डीजीआईपीआर, बिजली विभाग और महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन(एमपीएससी ) समेत कई अन्य सरकारी विभाग शामिल हैं। महाराष्ट्र साइबर के डीआईजी यशस्वी यादव ने इस साइबर खतरे की पुष्टि करते हुए बताया कि इन विभागों ने साइबर सुरक्षा के जरूरी कदम नहीं उठाये हैं, जो कि चिंता का विषय है। इस मामले में हमने इन विभाजन को सावधानी बरतने को कहा है। कुछ साल पहले महाराष्ट्र सरकार के कुछ विभागों पर साइबर अटैक हो भी चुका है, जिसमें 2017 में जेएनपीटी मुंबई पर रैनसमवेयर हमला, 2018 में 100 करोड़ की कॉसमॉस बैंक साइबर डकैती, 2020 में एमसीईबी सर्वर पर व्यापक साइबर हमला और 2021 में एमआईडीसी सर्वर पर बड़ा रैनसमवेयर हमला शामिल है।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख–दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर– 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।



## राज्यपाल बागडे ने खोले के हनुमान मंदिर में श्री हनुमन्त जन्मोत्सव आरती समारोह में भाग लिया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को श्री हनुमान जयंती पर्व पर खोले के हनुमान मंदिर में नरवर आश्रम सेवा समिति खोले के हनुमानजी प्रन्यास द्वारा आयोजित श्री हनुमन्त जन्मोत्सव आरती समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इससे पहले उन्होंने वहाँ पर श्री राम दरबार के भी दर्शन किए और सभी के सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

# आगरा में करणी सेना ने पुलिस को घेरा, तलवारें लहराईं

## अखिलेश बोले सेना-वेना नकली, ये सब भाजपाई, सपा सांसद का घर छावनी बना

**आगरा।** आगरा में शनिवार को करणी सेना के कार्यकर्ता और पुलिसवाले आमने-सामने आ गए। करणी सेना के 80 हजार कार्यकर्ता राणा सांगा जयंती मनाने आगरा पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से कार्यकर्ता आए हैं। संभावना है कि कार्यकर्ताओं की संख्या 3 लाख पहुंच सकती है। इसे रक्त स्वाभिमान सम्मेलन नाम दिया गया है। ये कार्यकर्ता आगरा के गढ़ी रामी में 50 बीघे में पंडाल में एकत्रित हुए। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस भी पहुंची, जिसे देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और तलवारें-डंडे लहराने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आयोजन स्थल से बाहर जाना पड़ा। ये कार्यकर्ता राणा सांगा पर बयान देने वाले सपा सांसद रामजी सुमन के घर कूच कर सकते हैं। इसके लिए पुलिस ने 500 जगहों पर बैरिकेडिंग की है। सड़कों पर पत्थर के बड़े-बड़े बोल्डर रखे गए हैं। 10 हजार पीएसी और पुलिस के जवान तैनात हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है।



### हम सब एक हैं, क्षत्रियों ने दिखाई ताकत

एत्मादपुर के गढ़ी रामी में आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में देशभर के क्षत्रियों ने ताकत दिखाई। हजारों की संख्या में युवा कार्यक्रम में पहुंचे। सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित लोगों ने मंच से सपा और रामजीलाल सुमन पर गुस्सा उतारा। करणी सेना के अध्यक्ष रहे सुखदेव गोगामेड़ी की पत्नी शीला देवी ने कहा कि हमारे इतिहास पर अंगुली उठाने वाले का हाथ काटना होगा। जिसके सिर उठेंगे उनके सिर काटने होंगे। मंच पर क्षत्रिय करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना और ओकेन्द्र राणा मौजूद थे। हेलीकाप्टर से वीर प्रताप सिंह और सनी सिंह पहुंचे। राणा सांगा की जयंती पर गढ़ी रामी में आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में शनिवार दोपहर तक हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। गाड़ियों के काफिले आ रहे हैं, इसे देखते हुए बॉर्डर पर गाड़ियों को रोका जा रहा है। संयुक्त करणी सेना, संयुक्त क्षत्रिय संघ, क्षत्रिय करणी सेना, राजपूत करणी सेना द्वारा आयोजित सम्मेलन में मंच से पदाधिकारियों ने कहा कि हम सब एक हैं। राणा सांगा पर सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन की टिप्पणी से आक्रोश है। गढ़ी रामी में सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, दोपहर एक बजे तक करीब 10 हजार लोग पहुंच चुके हैं। खेत में ही पंडाल लगाया गया है, भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। युवाओं की संख्या अधिक है। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है।

### सुमन का घर बना छावनी, एक हजार पुलिस जवान तैनात

रामजी सुमन घर पर हैं। उनके आवास को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। 1000 पुलिस जवान तैनात हैं। एक किमी का इलाका सील है। मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं।

सपा सांसद ने भी अपनी पर्सनल सिक्योरिटी में 10 बाउंसर लगाए हैं। इधर, इटावा में अखिलेश यादव ने करणी सेना पर निशाना साधा। कहा- यह सेना-वेना सब नकली है, यह सब बीजेपी वाले हैं। अगर कोई हमारे रामजी लाल सुमन का अपमान करेगा तो हम उनके साथ खड़े दिखाई देंगे।

# मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कन्हैया दंगल में किया डांस

## कलाकारों के साथ कथाएं गाई, लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया उत्साहवर्धन

**टोडाभीम/करौली।** करौली के ऐदलपुर (टोडाभीम) में आयोजित मीणा समाज के कन्हैया दंगल में शनिवार को पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जमकर डांस किया। उनके नृत्य को देखकर पांडाल में मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने कलाकारों के साथ पारंपरिक कथाएं भी गाई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने माला और साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।



### स्कूल में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

इससे पहले उन्होंने करीरी गांव (करौली) में एक स्कूल का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद दमकुंडी में घासीराम बाबा मंदिर क्षेत्र के विकास का आश्वासन दिया। दोपहर करीब 2 बजे वे ऐदलपुर में आयोजित कन्हैया दंगल में पहुंचे। डॉ. मीणा ने कार्यक्रम में लगभग 25 मिनट तक भाग लिया और गायक कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर डांस किया।

### समाज की सांस्कृतिक धरोहर कन्हैया दंगल

मीणा समाज की लोक संस्कृति में कन्हैया दंगल एक प्रमुख सांस्कृतिक परंपरा है, जिसमें ढोल की ताल पर सामूहिक रूप से भगवान और प्राचीन राजा-महाराजाओं की कथाएं गाई जाती हैं।

इस दंगल में लगभग 15 से 20 लोग एक समूह में होते हैं, जिनमें से एक मुख्य गायक होता है, जो कथा का नेतृत्व करता है। यह आयोजन किसी विशेष अवसर पर ही सीमित नहीं होता, बल्कि इसे किसी भी समय आयोजित किया जा सकता है। यह लोक परंपरा समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### दो भालुओं ने पूरे गांव में फैलाई दहशत

## सुबह-सुबह घर से निकले बुजुर्ग को घसीट ले गए, मदद पहुंची तब तक जा चुकी थी जान

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद जिले की गजपुर पंचायत के थोरिया गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। शनिवार तड़के लगभग 4 बजे एक 75 वर्षीय बुजुर्ग सवालाल बलाई घर के बाहर लघु शंका के लिए निकले थे। तभी दो भालुओं ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए खेतों की ओर ले गए। भालू का हमला बुजुर्ग की जान पर भारी पड़ा।

### परिजन दौड़े बचाने, लेकिन नहीं बचा सके जान

बुजुर्ग के चीखने और मवेशियों के रंभाने की आवाज सुनकर परिवार और आस-पड़ोस के लोग जागे। परिजन प्रकाश, सोहनलाल, भूरालाल और पन्नालाल टॉर्च और लाठियां लेकर खेतों की तरफ दौड़े। लेकिन तब तक भालू सवालाल को बुरी तरह नोच चुके थे। ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी और लाठियों से भालुओं को भगाया, लेकिन सवालाल की मौके पर ही मौत हो गई।

## सड़क हादसे में अध्यापिका और युवक की मौत

**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुढ़ा ढहर निवासी रामजीलाल और कारी गांव निवासी उर्मिला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा गुढ़ा चंवरा रोड पर उस समय हुआ जब रामजीलाल अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, वहीं दूसरी ओर से स्कूटी पर सवार होकर पीटीआई पद पर कार्यरत उर्मिला आ रही थीं। दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गए, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पशुपालकों को बिना ब्याज एक लाख रुपए तक का लोन



**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार जरूरतमंदों को 1 लाख रुपये तक का लोन दे रही है। यह लोन बिना ब्याज के दिया जा रहा है। इसके लिए अब तक 1 लाख लोग आवेदन कर चुके हैं। 31 मार्च तक 33 हजार से ज्यादा परिवारों ने इसका फायदा भी उठा लिया है।दरअसल, राजस्थन में पशुपालन हजारों परिवारों की आजीविका का मुख्य स्रोत बना हुआ है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

भजनलाल सरकार अब इस क्षेत्र में और अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से पशुपालन को प्रोत्साहन दे रही है। इसके तहत सरकार गाय-भैंस पालने वाले पशुपालकों को बिना ब्याज एक लाख रुपए तक का लोन दे रही है। खास बात यह है कि लोन के लिए किसी तरह की जटिल प्रक्रिया नहीं है और सिबिल स्कोर 6 00 से कम होने पर भी यह लोन मिल सकेगा।

### गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लोन वितरण

सहकारिता विभाग की ओर से संचालित गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार ने 31 मार्च 2025 तक 33,475 परिवारों को लोन बांटा है। वर्ष 2024-25 के लिए सरकार का लक्ष्य 5 लाख परिवारों को लोन देना था, जिसमें से अब तक एक लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। वहीं, आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार 2.5 लाख नए परिवारों को लोन देने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याजमुक्त लोन दिया जाता है, जिसकी अवधि एक वर्ष होती है। यदि लोन समय पर चुकाया जाए, तो कोई ब्याज नहीं देना पड़ता। इस लोन का उपयोग गाय-भैंस, शेड निर्माण, चारा, उपकरण आदि खरीदने में किया जा सकता है।

### लोन की शर्तों में दी गई बड़ी राहत

अब पशुपालकों को न तो डेयरी समिति की सदस्यता की जरूरत है और न ही पंजीकृत सरकारी समिति को दूध देने की शर्त है। सिबिल स्कोर की बाध्यता भी हटा दी गई है। साथ ही, भूमि या संपत्ति गिरवी रखने की जरूरत नहीं है। पहले लोन लेने के लिए समिति सचिव की अनुशंसा जरूरी थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।

# जयपुर में 'मद्रासी गैंग' का भंडाफोड़, ट्रेस आउट टेक्निक से उड़ाते थे सामान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में पुलिस ने मद्रासी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। यह गिरोह ट्रेस आउट कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। इस दौरान यह बदमाश ऐसी गाड़ियों की रेकी कर निशाना बनाते थे, जो भीड़ भाड़ वाले इलाके में खड़ी होती थी। इस दौरान गिरोह के बदमाश कार में रखे हुए बैग और अटैची को पल भर में गायब कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार इस ग्रुप के तार दक्षिणी भारत के इलाकों से जुड़े हुए हैं। इन्होंने राजस्थान सहित कई प्रदेशों में बड़ी वारदातों का अंजाम दिया हैं।

**गैंग के बदमाश यूं देते थे वारदात को अंजाम :** जयपुर पुलिस ने मद्रासी गैंग के दो सदस्य एम कुमार और शिवम निवासी मऊ, (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि यह गैंग लगातार उत्तर भारत में कई बार वारदातों को अंजाम दे चुकी है। गैंग के बदमाश उन क्षेत्र में वारदात को अंजाम देते थे, जहां भीड़ वाले वाले क्षेत्र में गाड़ियां खड़ी होती थी। जिनमें बैग या अटैची देखने के बाद गिरोह के सदस्य रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। इस दौरान गैंग का एक सदस्य गाड़ी के पास कोई सामान गिरा कर ड्राइवर अथवा मलिक का ध्यान भटकाता था। इस दौरान जैसे ही चालक गाड़ी से बाहर निकलता, तो दूसरा सदस्य गाड़ी में रखे हुए बैग और अटैची को लेकर फरार हो जाता थे।

**गैंग के खिलाफ जयपुर के कई थानों में केस दर्ज:** पुलिस ने बताया कि गैंग के बदमाशों ने जयपुर में कई वारदातों को अंजाम दिया हैं। जिसके कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह बदमाश पहले दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे शहरों में भी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। दिल्ली में इनका ठिकाना 'मद्रासी गैंग' के पुराने नेटवर्क से जुड़ा है, जिसे पहले भी कई मामलों में चिह्नित किया जा चुका है। यह गिरोह खास तौर पर ट्रेन और बस के रास्ते शहर में एंट्री करता है और वारदात कर तत्काल फरार हो जाता। इसके अलावा खास बात यह है कि गिरोह के सदस्य वारदात के बाद अपना वाहन बदलकर फरार हो जाते थे। इसके कारण उनको ट्रेस करना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने 31 मार्च से 2 अप्रैल तक लगातार तकनीकी मदद, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल ट्रेस के जरिए आरोपियों को दबोचने में कामयाबी हासिल की।

# भारत के जरिए अरबों कमा रहा था बांग्लादेश

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाला बांग्लादेश भारत को लगातार भड़काने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, पीठ पीछे वह भारत के जरिए पैसा भी कमा रहा था।

अब मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ ट्रांसशिपमेंट समझौता तोड़ दिया है। इसके बाद से बांग्लादेश भारतीय हवाई अड्डों का इस्तेमाल कर विदेशों में अपने सामानों का निर्यात नहीं कर सकेगा। इसे बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री ने 15 महीनों में भारत के ज़रिए 36 देशों में 46 2.34 मिलियन डॉलर मूल्य के 34,900 टन से ज्यादा परिधान उत्पाद भेजे हैं।

### भारत से कितना निर्यात करता था बांग्लादेश

डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2024 से मार्च 2025 तक के निर्यात में ब्लाउज़, ट्राउजर, टी-शर्ट और बच्चों के कपड़ों जैसे कपड़ों की कई तरह की चीजें शामिल थीं।

प्रमुख बाज़ारों में संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी और फ़्रांस जैसे यूरोपीय संघ के देश और जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई गंतव्य शामिल थे। क्षेत्रीय व्यापार सुविधा (ट्रांसशिपमेंट फैसिलिटी) के तहत ये शिपमेंट भारत के ज़रिए भेजे गए थे।

बांग्लादेश परिधान निर्माता और निर्यातक संघ द्वारा साझा किए गए व्यापार डेटा के अनुसार, इसका कुल निर्यात मूल्य 5,6 40.5 करोड़ टका रहा।

## जेल-प्रहरी भर्ती परीक्षा, अभ्यर्थियों के गले से रुद्राक्ष उतरवाए

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज (शनिवार) प्रदेशभर में 1278 केंद्रों पर जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा हो रही है। ये परीक्षा केंद्र प्रदेश के 38 जिलों में बनाए गए हैं। मनाही के बावजूद तमाम अभ्यर्थी हाथ में कड़े, माला, जिप और हुक लगी पैंट पहनकर सेंटरों पर पहुंचे। कोटा के एक सेंटर पर अभ्यर्थी को पैंट तक उतारनी पड़ी। कई अभ्यर्थियों को पैंट से जिप और हुक हटाने के बाद एंट्री मिली। कई सेंटरों पर हाथ का कड़ा, गले में पहने माला और रुद्राक्ष भी उतरवाए गए। बूंदी में एक सेंटर पर मधुमक्खियों के हमले में 24 परीक्षार्थी घायल हो गए। शनिवार को दो पारियों में सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक परीक्षा हो रही है। सुबह परीक्षा से एक घंटे पहले तक ही प्रवेश दिया गया। कुल 803 पदों के लिए हो रही भर्ती परीक्षा में 8,20,942 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पारी में 4,10,443 और दूसरी पारी में 4,10,499 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसमें भर्ती में एक पद के लिए 1022 अभ्यर्थियों के बीच मुकाबला होगा।



### *बूंदी में मधुमक्खियों के हमले में 24 परीक्षार्थी घायल*

*बूंदी में जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा के दौरान मधुमक्खियों ने परीक्षार्थियों पर हमला कर दिया। यह घटना शहर से 5 किलोमीटर दूर स्थित सर्वोदय टीटी कॉलेज में हुई, जहां सुबह लगभग 9 बजे परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थी केंद्र के बाहर खड़े थे। मधुमक्खियों के अचानक हमले में 24 से अधिक परीक्षार्थी घायल हो गए।*

### प्लास्टिक मुक्त गांव की दिशा में राज्य सरकार की अनूठी पहल

# बारां जिले में बर्तन बैंक योजना का शुभारंभ

**जयपुर।** बारां जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बारां के मिनी सचिवालय सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में बर्तन बैंक योजना का शुभारंभ किया। यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

**सिर्फ तीन रुपये में मिलेगा बर्तन सेट:** इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों से मात्र तीन रुपये किराए पर शादी एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बर्तन सेट प्राप्त किया जा सकेगा। प्रथम चरण में बारां जिले की 24 ग्राम पंचायतों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। भविष्य में जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित किए जाएंगे।



**बर्तन सेट में शामिल होंगे ये बर्तन:** राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एक सेट में तीन कटोरी, एक थाली, एक गिलास और एक चम्मच शामिल होंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुल 400 सेट रखे जाएंगे। हर बर्तन पर ग्राम पंचायत का नाम और 'स्वच्छ भारत मिशन' अंकित किया जाएगा। बर्तन पांच वर्षों के बाद बदले जा सकेंगे, हालांकि अच्छी स्थिति में रहने वाले बर्तन आगे भी उपयोग में लिए जा सकेंगे।

**विशेष वर्गों को मिलेगी रियायत:** बीपीएल, अनुसूचित जाति, जनजाति व दिव्यांगजन जैसे विशेष वर्गों को बर्तनों के किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जा सकेगी। बर्तनों की देखरेख का जिम्मा स्वयं सहायता समूहों को सौंपा जाएगा, जबकि संचालन राजीविका के माध्यम से किया जाएगा। यदि कोई बर्तन टूटता या खो जाता है, तो उपयोगकर्ता से उसकी भरपाई की जाएगी।

**सरकार देगी एक लाख की राशि:** राज्य सरकार ने योजना के सुचारु संचालन के लिए प्रत्येक चयनित ग्राम पंचायत को एक-एक लाख रुपये की राशि देने का निर्णय लिया है। इस योजना से न केवल प्लास्टिक के उपयोग में कमी आएगी, बल्कि गांवों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को भी मजबूती मिलेगी।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com